▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 223 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 13 मई, 2025
▸▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> स्वतंत्रता के वृक्ष को समय-समय पर देशभक्तों और अत्याचारियों के रक्त से सींचा जाना आवश्यक होता है।
> – थॉमस जेफरसन

### ऑपरेशन सिंदूर के 51 घंटे बाद पीएम का आतंक पर नई नीति का ऐलान, कहा-

# अभी तक संयम और सामर्थ्य दिखाया अब आतंक के खिलाफ सीधी कार्रवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की जानकारी दी और पाकिस्तान को चेतावनी भरे शब्दों में आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, 'भारत ने बीते दिनों न केवल अपना सामर्थ्य दिखाया बल्कि संयम भी रखा। पर अब आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति बिल्कुल स्पष्ट है- सीधी कार्रवाई।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सेनाओं, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों ने अभूतपूर्व साहस और तकनीकी कौशल दिखाया। भारत ने पहले ही तीन दिनों में पाकिस्तान को इतना नुकसान पहुंचाया कि उसे खुद को बचाने के रास्ते ढूंढने पड़े। पाकिस्तान द्वारा 10 मई को संघर्षविराम की अपील तभी आई जब भारत उसकी आतंकी बुनियादें ध्वस्त कर चुका था। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे ड्रोन्स ने सटीकता के साथ हमला किया और पाकिस्तान की मिसाइलें व ड्रोन्स हमारे एयर डिफेंस सिस्टम के आगे तिनके की तरह बिखर गए। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों, धार्मिक स्थलों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन हर बार उसकी रणनीति नाकाम रही।'

उन्होंने यह भी बताया कि इस ऑपरेशन में 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मारा गया, जिनमें से कई दशकों से भारत के खिलाफ साजिशें रच रहे थे और पाकिस्तान में खुलकर घूम रहे थे। प्रधानमंत्री ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी ■ शेष पृष्ठ 7 पर



> हमारे सैनिकों ने वो कर दिखाया जिसकी कल्पना भी पाकिस्तान नहीं कर सकता था। ड्रोन हमलों से पाकिस्तान के एयरबेस और आतंकी ढांचे को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

**दो टूक : ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ निर्णायक मोड़**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, अब भारत चुप नहीं बैठेगा। आज हर आतंकी संगठन जान चुका है कि भारत की बेटियों के माथे से सिंदूर छीनने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ निर्णायक मोड़ है, और अब आतंक को जड़ से मिटाना हमारा लक्ष्य है।

### ट्रंप का दावा- हमने कराया संघर्ष विराम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष विराम का एक बार फिर श्रेय लेने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा, 'शनिवार को, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्ष विराम कराने में मदद की, मुझे लगता है कि यह स्थायी युद्धविराम होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं।' उन्होंने कहा, मैं यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के नेताओं का रुख हालात की गंभीरता को समझने में अडिग और प्रभावशाली रहा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने शांति बहाली में बड़ी भूमिका निभाई।

### सेना का बयान: 19 दिन बाद एलओसी पर पहली बार शांतिपूर्ण बीती रात

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम का असर एक दिन बाद 11 मई को देखने को मिला है। सीमा पर बीते 19 दिनों से तनाव चरम पर था। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी तनाव सात मई को भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चरम पर था। इसे लेकर भारतीय सेना ने सेना ने कहा कि भारत-पाक संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद, रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात जम्मू-कश्मीर और नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य



इलाकों में काफी शांति रही। इस दौरान गोलाबारी और फायरिंग की कोई घटना नहीं हुई, जो 19 दिनों में पहली शांतिपूर्ण रात रही।

#### भय बिनु होई न प्रीति...

डीजी ऑपरेशंस की ब्रीफिंग में डीजी एयर ऑपरेशन एके भारती ने रामचरितमानस की चौपाई- विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति पढ़ने के बाद कहा कि यह चौपाई रामचरितमानस से है, जिसमें श्रीराम ने समुद्र से रास्ता देने के लिए विनती की, मगर जब समुद्र ने तीन दिन तक उनकी विनती नहीं मानी, तो राम ने क्रोध में कहा कि बिना भय के प्रीति नहीं होती।

## भोपाल: बेकाबू स्कूल बस ने कार समेत 8 दोपहिया रौंदे, 1 की मौत, 6 घायल

### दर्दनाक: चालक फरार, गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज, आरटीओ सस्पेंड

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बाणगंगा चौराहे की ढलान पर एक बार फिर रफ्तार का कहर टूट पड़ा। एक अनफिट स्कूल बस ने सोमवार सुबह चौराहे पर ग्रीन सिग्नल के इंतजार में खड़े दो कार समेत 8 दो पहिया चालकों को रौंद दिया। हादसे में स्कूटी सवार बीएएमएस महिला डॉक्टर 30 वर्षीय आयशा खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 6 लोग घायल हैं। इनमें से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय फिरोज मियां, शाहजहांनाबाद निवासी 50 वर्षीय रईस को गंभीर चोट आईं है, जिनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा सोमवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। हादसे पर संज्ञान लेते हुए भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने जिले के आरटीओ जितेंद्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। प्रथम दृष्टया लापरवाह पाए जाने पर जितेंद्र शर्मा को निलंबित कर मुख्यालय भोपाल आयुक्त में अटैच कर दिया है। घटना चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। टीटी नगर पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। पुलिस का दावा है कि बस चालक घटना स्थल से फरार हो गया है। इधर, परिवहन विभाग की जांच में आया कि बस की फिटनेस परमिट नवंबर 2024 में खत्म हो चुकी है। बीमा अवधि भी खत्म मिली है। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



डॉक्टर आयशा











1. बस आती हुई दिख रही है। सिग्नल पर खड़े सभी वाहन चालक। कुछ लोग आगे बढ़ने लगे।
2. चालक ने चीखकर भागो-भागो कहा। लोग पीछे मुड़कर देखते इससे पहले बस ने दोपहिया वाहनों में टक्कर मार दी।
3. बस के अगले हिस्से में फंसी स्कूटी करीब 50 मीटर घिसटती गई।

### चश्मदीद की जुबानी: 10 फीट दूर उछलकर गिरा

> सिग्नल पर पांच-छह दो पहिया के साथ दो-तीन कारें खड़ी थीं। अचानक जोर से टक्कर लगी। मैं उछलकर 10 फीट दूर सड़क किनारे गिरा। मेरा दोस्त बाइक समेत गिरा। देखा, पीले रंग की बस एक स्कूटी सवार महिला (आयशा) को घिसटते लेकर जा रही थी। राहगीरों ने महिला को निकाला। तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। - **रईस खान**, हादसे के चश्मदीद, घायल



### 14 जून को होनी थी आयशा की शादी

हाउसिंग बोर्ड की मुल्ला कालोनी निवासी आयशा बीएएमएस डॉक्टर थीं। जेपी हॉस्पिटल में इंटर्नशिप कर रही थीं। वह अस्पताल से घर जाने को निकली थीं। उनके पिता जाहिद इंडियन बैंक में मैनेजर हैं। अगले महीने 14 जून को आयशा की शादी थी। इनकी मां शादी के कार्ड बांटने निकली थीं।

### ऑफ बीट

#### एआई से समझ सकेंगे जानवरों की भाषा



*कुत्ते अपने मालिकों के लिए महज पालतू जानवर नहीं होते, बल्कि वे उनकी पूरी दुनिया बन जाते हैं। वे भौंककर और अपने प्यार भरे संकेतों के जरिए अपने मन की बातों को व्यक्त करने की कोशिश करते हैं। हालांकि, क्या हो अगर आप अपने कुत्ते के भौंकने की आवाज का मानवी भाषा में अनुवाद कर सकें? जी हां, चीन की एक कंपनी ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर बनाने का प्रयास कर रही है, जिसके जरिए यह करना संभव हो सकेगा। इस एआई के जरिए जानवरों की भाषा समझना होगा आसान यह कंपनी बीजिंग में स्थित है, जिसका नाम बायडू बताया जा रहा है। कंपनी ने पहचाना कि मालिकों के लिए अपने पालतू जानवरों की बातें समझना अक्सर मुश्किल हो जाता है, जिस कारण निराशा महसूस होने लगती है। ऐसे में उन्होंने ठान लिया कि वह जानवरों की आवाज का मानव भाषा में अनुवाद करने वाले एआई का निर्माण करके रहेंगे। उन्होंने एक नई उच्च तकनीक वाली अनुवाद प्रणाली के लिए राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रशासन के पास पेटेंट दायर किया है। सॉफ्टवेयर आवाज, शारीरिक भाषा, व्यवहार परिवर्तन संकेत आदि पर काम करता है।*

### सुप्रीम कोर्ट की सख्त सलाह

## सीसीटीवी कैमरे के लिए घर में सभी की सहमति है जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी घर में सीसीटीवी कैमरा तब तक नहीं लगाया जा सकता जब तक घर में रहने वाले सभी लोगों की सहमति न हो। कोर्ट ने एक विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज करते हुए कहा कि निजता का अधिकार भारतीय संविधान के तहत संरक्षित है और इसे कोई भी उल्लंघन नहीं कर सकता।"कोर्ट ने अपने फैसले में 2017 में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए के.एस. पुट्टस्वामी मामले के निर्णय का हवाला दिया, जिसमें निजता के अधिकार को संविधान का अभिन्न हिस्सा माना गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि हर व्यक्ति का निजिता का अधिकार उसकी गरिमा, स्वायत्तता और पहचान के संरक्षण के लिए जरूरी है, और इसे किसी भी हालत में नष्ट नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में 2017 में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए के.एस. पुट्टस्वामी मामले के निर्णय का हवाला दिया, जिसमें निजता के अधिकार को संविधान का अभिन्न हिस्सा माना गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि



#### यह था मामला

यह विवाद दो भाइयों के बीच था, जिसमें एक भाई ने बिना सहमति के दूसरे भाई के द्वारा उनके साझा आवासीय भवन के हिस्से में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर आपत्ति जताई थी। सीसीटीवी कैमरे का उद्देश्य कथित तौर पर संपत्ति की सुरक्षा और कीमती संग्रहों की निगरानी करना था। हालांकि, हाईकोर्ट ने इसे निजता के अधिकार का उल्लंघन माना और इस पर रोक लगा दी।

> हर व्यक्ति का निजिता का अधिकार उसकी गरिमा, स्वायत्तता और पहचान के संरक्षण के लिए जरूरी है।

#### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप से मना किया, और हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि घर में रहने वाले सभी व्यक्तियों की सहमति के बिना सीसीटीवी कैमरे लगाना, निजता के अधिकार का उल्लंघन करेगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का अधिकार अपने निजी जीवन और संपत्ति पर किसी भी बाहरी निगरानी से मुक्त रहने का होता है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि आवासीय क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को हटाया जाए, क्योंकि यह अपीलकर्ता के सम्मान और संपत्ति के अधिकार का उल्लंघन कर रहा था। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

### यूपीआई ठप: डिजिटल भुगतान सेवाएं बाधित, लाखों ट्रांजेक्शन प्रभावित

## पेटीएम, गूगल पे, फोन पे पर ट्रांजैक्शन फेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोमवार शाम को पूरे देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सेवा ठप हो गई, जिससे पेटीएम, गूगल पे और फोनपे जैसे प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म पर लाखों लेनदेन फेल हो गए। इस समस्या के कारण न केवल आम उपयोगकर्ताओं को बल्कि दुकानदारों और ऑनलाइन व्यापारियों को भी भारी नुकसान और असुविधा का सामना करना पड़ा।





सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डॉउनडिटेक्टर जैसी शिकायत दर्ज करने वाली वेबसाइट्स पर अचानक शिकायतों की संख्या में भारी उछाल देखा गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह कोई मामूली गड़बड़ी नहीं थी बल्कि एक 'राष्ट्रव्यापी तकनीकी संकट' था।

पेटीएम एप पर भुगतान करने की कोशिश करने पर एक त्रुटि संदेश दिखाई दे रहा था जिसमें लिखा था – 'यूपीआई ऐप में कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही हैं।' यही स्थिति गूगल पे और फोनपे पर भी देखी गई। यह इस महीने की तीसरी बड़ी यूपीआई सेवा बाधा है। एनपीसीआई की ओर से अब तक कोई विस्तृत बयान नहीं आया है, लेकिन टेक्नोलॉजी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### बढ़ रहे हैं यूजर्स

यूपीआई लेनदेन भारत में डिजिटल भुगतान का प्रमुख माध्यम बन चुका है। मार्च 2025 में यूपीआई लेनदेन की संख्या रिकॉर्ड 18.30 अरब तक पहुंच गई, जबकि फरवरी में यह संख्या 16.11 अरब थी। मार्च में कुल लेनदेन मूल्य 24.77 लाख करोड़ रुपए रहा, जो फरवरी की तुलना में 12.8 प्रतिशत अधिक था। हाल ही में सरकार ने छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए 1,500 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया है, जिसका उद्देश्य कम मूल्य वाले लेनदेन को बढ़ावा देना है। लेकिन तकनीकी गड़बड़ी से लोगों का भरोसा कमजोर हो रहा है।

### भाजपा आज से देशभर में निकालेगी 'तिरंगा यात्रा'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा 13 मई से 23 मई तक देश में 'तिरंगा यात्रा' निकालेगी। 10 दिन चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का उद्देश्य हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की उपलब्धियां हर नागरिक तक पहुंचाना है।

भाजपा इस अभियान के जरिए जनता को बताएगी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कैसे नागरिकों को संकट से सुरक्षित निकाला गया। इस यात्रा को कोऑर्डिनेट करने की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता संबित पात्रा, विनोद तावड़े और तरुण चुग जैसे नेताओं को सौंपी गई है। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता स्वयं विभिन्न स्थानों पर यात्राओं का नेतृत्व करेंगे।

### सीजफायर के बाद फिर खुले 32 एयरपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते देश के कई एयरपोर्ट्स को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। हालांकि अब सीजफायर लागू होने और हालात में कुछ हद तक सामान्य होने बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने देशभर के 32 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए दोबारा खोलने का आदेश जारी किया है। इन 32 हवाई अड्डों को 15 मई 2025 की सुबह 5.29 बजे तक बंद रखने का निर्देश दिया गया था। लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की हरी झंडी के बाद इन्हें तत्काल प्रभाव से शुरू किया जा रहा है। यह फैसला सरकार की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद लिया गया। इन 32 एयरपोर्ट में जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के एयरपोर्ट शामिल हैं।

## सरेंडर करो, लाल सलाम करने वालों को जीने का हक नहीं: सीएम

### बालाघाट में 64 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन से किया अलंकृत

**जागरण, बालाघाट।** डेढ़ वर्ष में छठवीं बार बालाघाट पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि सरेंडर कर दो, वरना मार दिए जाओगे। बेवजह लोगों का खून बहाने और लाल सलाम करने वालों को इस धरती पर जीने का हक हम नहीं देंगे। कायराना हरकत करने वालों से निपटने में सरकार सक्षम है।

सीएम ने फरवरी में 4 नक्सलियों को ढेर करने वाली टीम के 64 पुलिस कर्मियों को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को बालाघाट में 64 पुलिस कर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन अलंकरण समारोह में यह बात कही। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, डीजी कैलाश मकवाना सहित सांसद, विधायक और पूर्व विधायक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने नक्सलियों को लेकर कहा कि हमारे भोले- भाले लोगों के बीच आप भ्रम फैलाते हो, झूठ बोलते हो। मगर पुलिस बल ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### किंग कोहली ने 14 साल बाद पांच दिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा, वनडे खेलते रहेंगे

## टेस्ट के सबसे विराट कप्तान रहे कोहली





**कोहली का टेस्ट करियर**
- 123-टेस्ट
- 210-पारी
- 9230-रन
- 46.85 -एवरेज
- 30- शतक
- 31-अर्धशतक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। इसके बाद पांच दिवसीय प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर जारी अटकलों का दौर खत्म हो गया। वह अब केवल वनडे क्रिकेट खेलेंगे।

कोहली ने पिछले साल ही टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। 36 वर्षीय विराट आखिरी बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आए थे। कोहली का टेस्ट डेब्यू जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में हुआ था। गौरतलब है कि हाल ही टेस्ट प्रारूप से भारतीय दिग्गज खिलाड़ियों में शुमार रविचंद्रन अश्विन (दिसंबर में) और रोहित शर्मा (पिछले सप्ताह) भी संन्यास ले चुके हैं। कोहली का संन्यास का फैसला ऐसे समय में आया है जब चयनकर्ता कुछ ही दिनों में इंग्लैंड में पांच टेस्टों की सीरीज के लिए टीम चुनने वाले थे। विराट ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखी है। इस पर उनके फैंस के भी कई कमेंट आए हैं।

#### विराट की इंस्टाग्राम पोस्ट

> टेस्ट क्रिकेट में पहली बार ब्लू जर्सी पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद कपड़ों में खेलना बहुत ही निजी अनुभव है। जब मैं इस फॉर्मेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है - लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभार से भरा दिल लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।'

#### कोहली ने लगाए हैं 7 दोहरे शतक

कोहली ने 7 दोहरे शतकों के साथ इस प्रारूप के दिग्गज के रूप में पहचान बनाई, जो किसी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक हैं। वह महान सुनील गावस्कर (4), सचिन तेंदुलकर (6), वीरेंद्र सहवाग (6) और राहुल द्रविड़ (5) से काफी आगे हैं। ऐसे समय में जब टी20 क्रिकेट में काफी लोकप्रिय और सबसे ज्यादा देखा जाने वाला फॉर्मेट है, कोहली के जादू ने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाई। विराट टेस्ट इतिहास में भारत के सबसे सफल कप्तान रहे हैं। विराट ने 68 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की जिसमें 40 में टीम को जीत हासिल हुई। कोहली ने जब कप्तानी संभाली, तब भारतीय टीम सातवें स्थान पर थी।

#### 5 अधूरे सपने

1. **पाक के खिलाफ नहीं खेले टेस्ट:** साल 2012-2013 में भारत-पाक द्विपक्षीय सीरीज बंद हो गई।
2. **टेस्ट में 10 हजार रन से चूके:** विराट इंग्लैंड जाते तो शायद टेस्ट में 10 हजार रन पूरे कर लेते। वह 770 रन ही पीछे थे।
3. **बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी में सबसे ज्यादा शतक का सपना:** कोहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सर्वाधिक शतक बनाने में सचिन के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं।
4. **100 अंतरराष्ट्रीय शतक से पीछे:** सचिन के 100 शतकों की बराबरी से 18 शतक दूर हैं।
5. **डब्ल्यूटीसी में सर्वाधिक रन से चूके:** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड (रोहित- 40 मैच में 2716) अपने नाम कर सकते थे।

### भारत-नेपाल बॉर्डर पर गरजे बुलडोजर

## सीमावर्ती जिलों में 350 से अधिक धार्मिक स्थलों पर चला बुलडोजर

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध धार्मिक स्थलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी और निजी जमीनों पर बने 350 से अधिक मदरसों, मस्जिदों, मजारों और ईदगाहों को चिह्नित कर ध्वस्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भूमि अतिक्रमण और बिना मान्यता के चल रहे संस्थानों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन ने अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित कर बुलडोजर चलाया। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री का निर्देश है कि किसी भी धर्म के नाम पर भूमि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

#### 7 जिलों में हुई कार्रवाई

**श्रावस्ती:** 104 मदरसा, एक मस्जिद, 5 मजार और 2 ईदगाह चिह्नित।

**बहराइच :** 13 मदरसे, 8 मस्जिद, 2 मजार और एक ईदगाह चिह्नित। कुल 171 अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं।

**सिद्धार्थनगर:** 4 मस्जिद, 19 मदरसे चिह्नित। कुल 23 कार्रवाई।

**महाराजगंज:** 29 मदरसे और 5 मजार ध्वस्त किए जा चुके हैं।

**लखीमपुर खीरी:** 2 मस्जिद, एक मजार और एक ईदगाह, 8 मदरसा अवैध।

**पीलीभीत:** एक मस्जिद चिह्नित और इसे नोटिस जारी किया गया है।

**बलरामपुर:** कुल 30 मदरसे, 10 मजार और एक ईदगाह का अवैध निर्माण ध्वस्त किया। 10 मदरसे, दस मजार और एक ईदगाह सार्वजनिक भूमि पर, 20 निजी भूमि पर थे।

# हर आपात स्थिति के लिए सजगता से तैयार रहें : कमिश्नर

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से की सिविल डिफेंस तैयारियों की समीक्षा




**जागरण, सतना।** देश की वर्तमान स्थितियों तथा आपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखकर रीवा संभाग के सभी जिलों में सिविल डिफेंस की तैयारियाँ कर ली गयी हैं। कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में शासन के निर्देशों के अनुरूप सिविल डिफेंस की अच्छी तैयारी कर ली गयी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड से सिविल डिफेंस, वालेंटियर्स चुनकर उन्हें प्रशिक्षण दें। प्रमुख औद्योगिक संस्थानों तथा संवेदनशील स्थालों का निरीक्षण कर ले। इन स्थानों में आपदा प्रबंधन और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर मौक ड्रिल भी कर लें। सभी कलेक्टर आपदा प्रबंधन के लिए नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी तैनात कर दें। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सायरन की व्यवस्था कर लें। वालेंटियर्स के रूप में पूर्व सैनिक, एनसीसी, एनएसएस, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी तथा ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को शामिल करें। इन्हें आपदा प्रबंधन का पूरा प्रशिक्षण दें। सभी जिलों में कम्युनिकेशन प्लान के फोन नंबरों को अपडेट कर दें। आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रमुख विभागों के अधिकारियों का व्हाटसएप ग्रुप भी बना लें। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम 24 घण्टे खुले रहें। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बड़े औद्योगिक संस्थान तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रखें। ब्लैकआउट के संबंध में शासन द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भण्डारण तथा वितरण के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्थाऐं करें। विस्फोटक के भण्डारण स्थालों का भी निरीक्षण अनिवार्य रूप से करायें। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे की बीच आपदा प्रबंधन के संबंध में वस्तु स्थिति की जानकारी ली जायेगी। सोशल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों में तथ्यहीन और आफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर कड़ी कार्यवाही करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डीआईजी राजेश सिंह ने कहा कि प्रमुख स्थलों पर मॉकड्रिल आवश्यक करें। ब्लैकआउट की स्थिति में कार्यालयों एवं पुलिस थानों में बिजली और प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था करें। पेट्रोल पंपों की भी सतत निगरानी करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सिविल डिफेंस के संबंध में आवश्यक तैयारी कर ली गयी है। आपदा प्रबंधन के संबंध में आदेश और निर्देश जारी कर दिये गये हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, कलेक्टर सीधी स्वरोचिस सोमवंशी तथा कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने सिविल डिफेंस की गयी तैयारियों की जानकारी दी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

### सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हर्दी कपसा की घटना



**जागरण, रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के हर्दी कपसा गांव के समीप बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। बताया गया कि घायल युवक पेशे से चिकित्सक है, जिसे उपचार के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल सर्वेश तिवारी निवासी बड़ागांव थाना सोहागी के साले अनिल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके जीजा हर्दी कपसा में वेटरनरी डॉक्टर हैं। जहां से वह रविवार की दोपहर बाइक से आ रहे थे, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से संजय गांधी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। अनिल ने बताया कि यह सड़क हादसा कैसे और किस वाहन से हुआ, अभी इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

# बारातियों से भरी कार को ट्रक ने मारी टक्कर, दर्जन भर घायल

**रीवा।** रीवा-सीधी रोड में महसांव हायर सेकेंडरी स्कूल के पास अलसुबह लगभग 3 बजे बारातियों भरी कार को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार दर्जन भर बाराती घायल हो गए। बताया गया है कि ट्रक ने न केवल को कार को टक्कर मारी अपितु उसे लगभग 200 मीटर तक घसीट भी ले गया। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई जबकि कार का आधा हिस्सा भी पूरी तरह से ट्रक की चपेट में आ गया था। कार में टक्कर के बाद चीख पुकार मच गई, आसपास बस्ती वालों ने मौके पर पहुंचकर कार के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलवाया और गुढ़ पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया।

# राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने किये खैरूआ सरकार के दर्शन



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सोमवार को सतना जिले में नागौद के समीप प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खैरूआ सरकार के दर्शन और पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने देश और प्रदेश की जनता को खुशहाली की कामना की।

# हत्या के फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जागरण, रीवा।** जिले की मनगवां पुलिस द्वारा हत्या के फरार इनामी आरोपी को गिर तार कर उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गइ है। थाना प्रभारी मनगवां वर्षा सोनकर ने बताया कि मनिकवार न बर 02 में विगत 27 फरवरी की रात्रि हुई हत्या के मामले में फरार आरोपी निखिल उर्फ निशान्त दुबे पिता जयप्रकाश उर्फ नेदा दुबे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मनिकवार न. 02 थाना मनगवां को गिर तार किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम मनिकवार न बर 02 में विगत 27 फरवरी की रात्रि को हुये सनसनीखेज हत्याकाण्ड के अपराध क्र. 87/2025 धारा 103(1), 103(2),190 बीएनएस के नामजद आरोपीगणों में से 03 नफर आरोपियों को थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर, सायबर सेल रीवा की मदद से लगातार विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर काफी प्रयास के बाद गिर तार किया गया है। गिर तार आरोपीगणों से पूछताछ में एक अन्य आरोपी ओमप्रकाश दुबे द्वारा घटना का षडयंत्र किया जाना बताने पर प्रकरण में धारा 49, 61(2) बीएनएस का इजाफा करते हुये षडयंत्रकारी आरोपी ओमप्रकाश दुबे को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, जो केन्द्रीय जेल रीवा में निरुद्ध है। प्रकरण के फरार दो आरोपी जयप्रकाश उर्फ नेता दुबे एवं नितिन दुबे उर्फ किशन थाना मनगवां के अपराध क्र. 491/23 धारा 294, 323, 307,458, 34, 302 ता.हि. के भी आरोपी थे। प्रकरण के वक्त घटना से फरार अन्तिम एक आरोपी की गिर तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। उक्त आरोपी की गिर तारी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर सायबर सेल रीवा की मदद से गिर तार किया जाकर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल रीवा में निरुद्ध किया गया है।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज मैहर इकाई ने आयोजित किया सामूहिक विवाह सम्मेलन

### 13 जोडों ने लिए सात फेरे, शादी के पवित्र बंधन में बंधे




**जागरण, सतना।** कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई मैहर द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुल 13 जोडे शादी के बंधन में बंधे। इसमें जबलपुर का एक जोड़ा और मैहर जिले के 12 जोड़ो ने सात फेरे लेकर शादी के पवित्र बंधन में बंधे। यह सम्मेलन कुर्मी क्षत्रिय मैहर जिला ईकाई संगठन के द्वारा किया गया। कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठन सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन करता हैं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उनके बच्चों की शादी करने में मदद मिल सके। सामूहिक विवाह से विभिन्न लाभ होते हैं जैसे कि कम खर्चए सामाजिक जागरूकता और एक साथ कई जोड़ों का विवाह संपन्न करना। मैहर जिले में रविवार को एक साथ 13 दूल्हों की बारात निकली। सामाजिक रीति रिवाज से 13 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। संगठन के अधिकारियों ने दूल्हा.दुल्हन के बैठने की व्यवस्था से लेकर भोजन और मंच सहित विवाह मंडप तक सभी पहलुओं पर बारीकी से निगरानी रखी। यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए मिसाल बन गया। इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री कमलेश्र पटेल ने नव विवाहित जोड़ों को शुभकमानाये देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह से सामाजिक समग्रता स्थापित होती है। ऐसे कार्यक्रम से समाज में एक नया उत्साह जागृति होती है। संगठन के ऐसे आयोजन से निश्चित ही उन गरीब परिवार को मदद मिलेगी जो शादी के खर्च के चलते परेशानी में रहते थे। संगठन से सभी पदाधिकारी आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं। समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिकारू रामखेलावन कुर्मी क्षत्रिय प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामखेलान पटेल ने कहा कि यह सौभाग्य का पल था ।

### समाज के कमजोर लोगों को मुख्यधार में लाने का प्रयास

सतना जिलाध्यक्ष डॉ दुर्योधन सिंह ने 13 जोडों को नव जीवन के प्रवेश पर बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा कि संगठन की यह पहल इस उद्देश के लिए शुरूकी गई ताकि गरीब लोगों को शादी में आनी वाली समस्या को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मैहर जिले के अलवा पन्नाए छतरपुर में आयोजन हुए है जहां पर सैकड़ों जोड़ो नव दंपत्ति जीवन में प्रवेश किये है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर लोगों को मुख्यधार में लाने के लिए ऐसे कार्यक्रम कापी कार्यगर होंगे।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 5 सचिवों को किया निलंबित

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने हनुमना जनपद पंचायत के पांच लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में इन सभी का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय हनुमना रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंप तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने, मनरेगा में मजदूरों को रोजगार का अवसर देने एवं ई केवाईसी में लापरवाही बरतने एवं 10 मई को हनुमना में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव धर्मपुरा निर्मल रावत, ग्राम पंचायत सचिव कौवाढ़ान कुर्मियान वरूणा प्रसाद तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव मजिन मानिकराम नारायण प्रसाद मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव पहाड़ी जयप्रकाश तिवारी तथा ग्राम पंचायत सचिव धौसड़ रामदरस द्विवेदी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश पंचायत लोक सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के प्रावधानों के तहत की गयी है।

# चोरों ने दिनदहाड़े सूने आवास पर बोला धावा

### ढाई लाख की नकदी सहित 39 तोला सोना व ढाई किलो चांदी पार

जागरण,रीवा



जिले में लगातार चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन एक के बाद एक बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, इन मामलों में पुलिस की कार्यवाही न होने से चोरों के हौसले और बुलंद हैं। एक बाद फिर से शहर से लगे ग्राम कोष्टा में चोरी की बड़ी घटना हुई है। यहां अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े सुने आवास में धावा बोलते हुए ढाई लाख की नकदी समेत तकरीबन 39 तोला सोना और ढाई किलो चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही रीवा जोन डीआईजी व एडिशनल एसपी सहित रायपुर कर्चुलियान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जहां फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड की टीम को भी मौके पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आरोपियों की पता तलाश शुरू कर दी है। दरअसल चोरी की यह घटना शनिवार को दिनदहाड़े होना बताई जा रही है। घटना के संबंध में पीड़ित अभयराज सिंह ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र स्थित कोष्टा बेलवा स्थित उनके सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की मानें तो घटना दिनांक को वह और उनका परिवार सतना गया हुआ था, जहां दोपहर 12 से शाम 6 के बीच अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर वहां रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी पार कर दिए हैं। पीड़ित अभय राज के मुताबिक चोरों द्वारा घर की अलमारी से तकरीबन 39 तोला सोना और ढाई किलो चांदी समेत 2 लाख 40 हजार रुपए कैश पर किए हैं।

# ट्रक ट्रैक्टर की हुई भिड़ंत, जनहानि नहीं

**जागरण, उचेहरा।** परसमनिया मार्ग में ईटहा खोखर्रा पंचायत के खोह के पास ट्रेक्टर और ट्रक में भिडंत हो गई गनीमत रही कि कोई जनहानी नही हुई । हासिल जानकारी अनुसार बिहटा गांव से परसमनिया पठार स्थित पटीहट पंचायत में सत्यमाता के दर्शन करने ट्रैक्टर से जा रहे थे तभी परसमनिया की ओर से गेहूं लोड ट्रक आ रहा था दोनों की आपस में भिड़ंत हो गई जिससे ट्रेक्टर क्षतिग्रस्त हो गया है और ट्रैक्टर में बैठे कुछ लोगों को हल्की.फुल्की चोट आई है गनीमत रही कि कोई जनहानी जान नहीं हुई। पूरा मामला उचेहरा थाना अंतर्गत का बताया जा रहा है।

# द बुद्धाज भूमि ने मनाया बुद्ध पूर्णिमा



**जागरण, सतना।** द बुद्धाज भूमि एवं भरहुत फैंस क्लब ने स्थानीय जवाहर नगर स्टेडियम में समर वेकेशन के दौरान आए खिलाड़ियो एवं छात्र. छाजाओं के बीच त्रिपावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा बड़े हर्षोल्लाष के साथ मनाया। सभी खिलाड़ियों को फलदान कर बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान द बुद्धाज भूमि भरहुत फैन्स क्लब के मित्र एड0 के0 पी0 पाल ने कहा कि बैसाख पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म हुआ थाए इसी दिन उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन उनका महापरिनिर्वाण भी हुआ था। इसलिए इस बैसाख पूर्णिमा को त्रि पावन पूर्णिमा के नाम से जानते है। इस पावन अवसर पर द बुद्धाज भूमि एवं भरहुत फैन्स क्लब के मित्र एड. के. पी. पाल नगर पालिक निगम सतना के पूर्व पार्षद महिंद वर्धन सिद्धार्थ पप्पूए पाविद अमित अवस्थी एडीके प्रजापति, ओपी गुप्ता आरसी विश्वकर्मा, जगदीश सेन, एड 0 सुधीर सोंधिया, शुभम सेन, अनुराग पाल, अनमोल पाल, शिवम सेनए पृथ्वी, रमा उइके, सौरभ सिंह, राहुल दुबे, महेश रैकवार ए एड सालिक राम विश्व कर्मा सहित तथागत गौतम बुद्ध के सैकड़ों अनुयाई मौजूद रहें।

# विस्फोटक पदार्थो का निरीक्षण करने भटनवारा पहुंचे सिटी कोतवाली टीआई



**सतना।** सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए संवेदनशील स्थानों तथा संस्थानों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विस्फोटक पदार्थ का उपयोग करने वाले व बेचने वाले व्यक्तियों तथा इनसे जुड़े अपराधों में सम्मिलित व्यक्तियों पर निगरानी रखने हेतु प्राप्त निर्देश के पालन में कार्यपालिका दण्डाधिकारी ऊंचेहरा प्रज्ञा दुबे तथा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर ग्राम भटनवारा में विस्फोटक अधिनियम एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार थाना क्षेत्र में निरीक्षण किया गया।

# सैनिक स्कूल के सामने फूहड़ गाने पर युवती ने बनाई रील

**जागरण,रीवा।** प्रदेश के इकलौते सैनिक स्कूल के मुख्य द्वार पर एक युवती के द्वारा भोजपुरी गाने में रील बनाई गई। जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो गई। पूरे मामले को लेकर विद्यार्थी परिषद ने आपत्ति जताई है। इसके साथ ही युवती पर कार्रवाई की मांग की है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर एक युवती ने आईडी से पोस्ट किया है। विद्यार्थी परिषद की तरफ से पीएन पांडेय ने कहा कि जिस तरह से रील सैनिक स्कूल के बाहर बनाई गई है। उससे सैनिक स्कूल की मर्यादा तार-तार हो गई है। ये बड़े गर्व की बात है कि प्रदेश का इकलौता सैनिक स्कूल हमारे रीवा में है। लेकिन ये शर्मनाक है कि सैनिक स्कूल के गौरवशाली प्रांगण के बाहर तरह का फूहड़पन किया जा रहा है। रीवा का सैनिक स्कूल वह स्कूल है जहां से थल सेना प्रमुख और वायु सेना प्रमुख भी पढ़ कर निकले हैं। ऐसे गौरवशाली स्कूल को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द इस इंस्टा अकाउंट और इस वीडियो को डिलीट नहीं करवाया गया तो विद्यार्थी परिषद इस पर उग्र आंदोलन करेगा। विद्यार्थी परिषद ने एसपी और कलेक्टर से मांग की है कि रीवा के शैक्षणिक संस्थानों के बाहर इस तरह के वीडियो बनाने में रोक लगाई जाए।

# चलते वाहन में मंगलसूत्र लूटने का प्रयास

### लुटेरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**रीवा।** शहर की तंग गलियों के साथ ही अब हाईवे में चलते वाहनों में लुटेरे सक्रिय हो गए हैं। पिछले दिनों एक ऐसी ही घटना रीवा मनगवां नेशनल हाईवे सामने आई जिसमें दो लुटेरों ने रीवा से मनगवां जा रही महिला का मंगलसूत्र छीनने का प्रयास किया। यह अलग बात है कि पीड़ितों की चीख पुकार पर ग्रामीणों ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना मनगवां थाना क्षेत्र के बेलवा पैकान हाईवे में हुई। पकड़े गए आरोपियों में अजय पटेल टिकुरी मनगवां का रहने वाला है जबकि दूसरा दिनेश पटेल इटहा कला लौर(मऊगंज) का रहने वाला है। फिलहाल आरोपी पुलिस के शिकंजे में हैं। पूछताछ के बाद हाईवे लूट के और मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

# होमगार्ड की टीम द्वारा दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में सोमवार को चित्रकूट में होमगार्ड की टीम के द्वारा एनसीसी के छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग एवं उनसे बचने के लिए उपाय बताये गये। टीम के द्वारा सभी को सिविल डिफेंस संगठन तथा उसके वॉलिंटियर सदस्य बनने की भी जानकारी दी गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी पुनर्जीवन से जुड़ रहे स्थानीय लोग

### ब्रम्हकुंड नदी जल चौपाल में ग्रामीणों ने लिया नदी पुनर्जीवन का संकल्प



**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत बहृद स्तर पर जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित हैं। इन गतिविधियों के अन्तर्गत एक वैश्विक विषय नदी पुनर्जीवन वर्तमान नदियों की स्थिति को देखते हुये सर्वाधिक प्रासंगिक दिखाई पड़ता है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के मागदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद के संयोजन एवं दीनदयाल शोध संस्थान के नेतृत्व में मां मंदाकिनी पुनर्जीवन जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के द्वितीय दिवस सोमवार को मझगवां जनपद के ग्राम भठवा में मां मंदाकिनी के उद्गम स्थल पर नदी जल चौपाल का आयोजन हुआ। जन चौपाल में समीपवर्ती ग्राम महतैन, केल्हौरा, भठवा एवं पुतरीचुआं के सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मंदाकिनी नदी की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों के संबंध में चर्चा की गई। स्थानीय निवासी दयाराम ने बताया कि ब्रम्हकुण्ड के समीपवर्ती पहले बागीचे थे। परन्तु धीरे-धीरे ये खेतों में परिवर्तित हो गये। पौधों की कमी के कारण भी कुण्ड का जल स्तर कम होने लगा है। बारहमासी इस कुंड को अब गर्मी के समय संकट से जूझना पड़ता है। चौपाल के माध्यम से जल चौपाल में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश जांगड़े ने कहा कि गांव की समस्या का सबसे सटीक और उपयोगी समाधान ग्रामवासी ही कर सकते हैं। इसी मकसद से राज्यशासन के मार्गदर्शन में दीनदयाल शोध संस्थान और जन अभियान परिषद के माध्यम से यह नदी जल चौपाल आयोजित हुई। जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी ने कहा कि मानवीय प्रवृत्ति ऐसी है कि जो कहती है पर उसको मानती नहीं है। जिस कारण हमारे जीवन शैली में उस प्रवृत्ति का आभाव उत्पन्न हो जाता है। हमारे पूर्वजों द्वारा हमें विरासत के रूप में जल, जंगल, जमीन और यह खूबसूरत सामाजिक संसार उपहार में दिया गया। लेकिन हमने अपने स्वार्थ के कारण इन सभी के बीच का संतुलन बिगाड़ दिया। अब हमारा धर्म व्यक्ति एंव परिवार तक ही सीमित रह गया। जबकि हमारे पूर्वजों का धर्म सम्पूर्ण विश्व के कल्याण तक था। हम अपनें गांव का नाम तो गर्व से लेते है, परन्तु अपने गांव के विषय में योगदान करने में पीछे हट जाते हैं और केवल शासन के ऊपर निर्भर हो जाते हैं। जल चौपाल के उपरान्त सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कुंड के आसपास के परिसर पर सफाई की गई। तदुपरांत कलश यात्रा के माध्यम से सभी ग्रामवासियों ने ब्रम्हकुंड पहुंचकर गंगा आरती की। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ लेकर नदियों और जलस्रोतों के पुनर्जीवन में अपने योगदान देनें का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विजयेन्द्र जाड़िया, संजू मिश्रा, गंगा प्रसाद कुशवाहा, प्रेमशंकर भानेश, आकाश तिवारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज



जागरण कार्यक्रम

## सांसद एवं विधायकों ने तैयारियों का लिया जायजा

### विकास कार्यों का होगा लोकार्पण एवं शिलान्यास



**जागरण, सीधी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहली मर्तबा सीधी आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। प्रशासनिक अमला तैयारियों को पूर्ण करने में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री का सीधी एवं मझौली में कार्यक्रम 15 मई को प्रस्तावित है। सीधी जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री लाडली बहना सम्मेलन है। वहीं मझौली में जनजातीय सम्मेलन कार्यक्रम है। सीधी में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज सांसद डॉ. राजेश मिश्रा कार्यक्रम स्थल एवं नवीन सब्जी मंडी पहुंचे। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री के सीधी आगमन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी भी उपस्थित रहे। तैयारियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी आगमन के दौरान कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होने की संभावना भी है। इस संबंध में आवश्यक तैयारियां तेज की जा रही हैं। उधर मुख्यमंत्री के आगमन से जिलेवासियों को भी काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री के पहली बार सीधी आगमन से जिले को बड़ी सौगातें भी मिल सकती हैं। चर्चा के दौरान कुछ लोगों का कहना था कि विकास कार्यों के मामले में सीधी जिला काफी पीछे है। इस वजह से जन प्रतिनिधियों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुख्यमंत्री के आगमन पर सीधी जिले को बड़ी सौगातें मिलें। जन प्रतिनिधियों द्वारा यदि बड़े विकास कार्यों की मांग सामने रखी जाएंगी तो निश्चित ही इस पर मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की जा सकती हैं। सीधी जिले में कई बड़ी समस्याएं हैं। जिनका निराकरण मुख्यमंत्री की पहल से ही निश्चित है। खासतौर से स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा के मामले में सीधी जिला काफी पिछड़ा हुआ है। वर्तमान में स्थिति यह है कि सीधी जिले में बहरी तहसील मुख्यालय इकलौती ऐसी तहसील है जहां कॉलेज तक की सुविधा नहीं है। बहरी में शासकीय महाविद्यालय स्थापित करने के लिए पूर्व में क्षेत्रीय लोगों द्वारा कई बार ज्ञापन दिया गया था। साथ ही धरना प्रदर्शन भी करके मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया लेकिन उस पर सालों से कोई अमल नहीं हो रहा है। बहरी क्षेत्र में शासकीय महाविद्यालय न होने के कारण एक सैकड़ा से ऊपर गांव के छात्र-छात्राओं को कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की मजबूरी बनी हुई है। इस मामले में मुख्यमंत्री के समक्ष यदि जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्ताव रखा जाता है तो इस पर सार्थक पहल हो सकती है।

### मिनी स्मार्ट सिटी के कार्यों को बजट की दरकार

सीधी शहर को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी बनाया गया था। प्रथम चरण के कार्यों के लिए करीब 25 करोड़ के बजट आवंटन की कार्यवाही भी हुई थी। उक्त बजट से प्रथम चरण के कार्यों में चिन्हित कार्य पूरे भी हो चुके हैं। बाद में मिनी स्मार्ट सिटी के द्वितीय चरण में शामिल कार्यों के लिए बजट का आवंटन भी नहीं किया गया। लिहाजा चिन्हित किए गए कई प्रमुख कार्य पूरे नहीं हुए। यह दीगर बात है कि मिनी स्मार्ट सिटी में चिन्हित कुछ कार्यों के लिए अन्य मद से बजट का आवंटन किया गया है। तत्संबंध में चर्चा के दौरान कुछ शहरवासियों का कहना था कि सीधी को मिनी स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए उस दौरान 300 करोड़ रुपए के बजट का अनुमान जताया गया था। उस दौरान यही आश्वासन दिया गया था कि शहर में जरूरत के अनुसार बजट का आवंटन होता रहेगा और उससे मिनी स्मार्ट सिटी में चिन्हित किए जाने वाले कार्य भी होते रहेंगे। मिनी स्मार्ट सिटी के द्वितीय फेज के कार्यों के लिए बजट न मिलने से जो बड़े कार्यों की सूची बनी हुई थी उन पर काम शुरू नहीं हो सका। खासतौर से सीवर लाइन के साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों पर कोई काम नहीं हुआ। सीवर लाइन की जरूरत सीधी शहर में लंबे समय से मानी जा रही है। इसके लिए बड़े बजट की जरूरत है। इसी वजह से इस पर कोई कार्ययोजना अभी तक सार्थक रूप नहीं ले सकी है। मिनी स्मार्ट सिटी के तहत शहर को व्यवस्थित भी करना था। इसके लिए पूरा मास्टर प्लान तैयार किया गया था। जिससे यहां व्यवस्थित तरीके से बाजार एवं कॉलोनियों की बसाहट हो सके।

# मुख्यमंत्री को पत्रकार संघ सौंपेगा ज्ञापन

## जिले के पत्रकारों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को कराया जायेगा अवगत

### पुलिस प्रताड़ना के शिकार हो रहे हैं जिले के पत्रकार



**जागरण, सीधी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी आगमन के दौरान मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई सीधी के व्दारा जिले के पत्रकारों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए हरीश मिश्रा जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सीधी ने बताया कि संगठन के प्रांतीय अधिवेशन मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा था कि जिलों के पत्रकार अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे सीधे मिल सकते हैं। इस कारण हम सब जिले के मीडिया कर्मी मुख्यमंत्री से मिल कर जिला के पत्रकारों की हो रही दुर्दशा के संबंध में चर्चा करेंगे। इसके साथ पुलिस विभाग के द्वारा पत्रकारों के साथ की जा रही ज्यादा तियों के संबंध की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति पत्रकारों के खिलाफ फर्जी आवेदन दे दे तो पुलिस त्वारित कार्यवाही करने लगती है और जांच के नाम पर प्रताड़ित किया जाने लगता है और जब पत्रकार अपने साथ घटित घटना की शिकायत पुलिस से करते हैं तो उसमें कोई कार्रवाई नहीं की जाती। जिले के पत्रकार पुलिस प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं। आदि सब विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## 6 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** अवैध मादक पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध सीधी पुलिस की कार्रवाई जारी है। सेमरिया पुलिस नें लगभग 66 हजार रूपए कीमती 6 किलो गांजा के साथ आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सेमरिया के नेतृत्व में सेमरिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 6.64 किलोग्राम गांजा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी सेमरिया को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम हनुमानगढ का शिवबालक यादव पिता दुलारे यादव धनिगवा हनुमानगढ धनिगवा रोड पर पुल के पास एक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु रखे ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी सेमरिया नें वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु रवाना किया। पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान धनिगवा हनुमानगढ धनिगवा रोड पुल के पास पहुचकर देखी तो एक व्यक्ति रोड के किराने पुल की पट्टी पर बैठे मिला, जिससे उसका नाम पता पूंछा जो अपना नाम शिवबालक यादव पिता दुलारे यादव उम्र 55 वर्ष निवासी हनुमानगढ थाना सेमरिया का होना बताया। उसके पश्चात तलाशी लेने पर संदेही के पास एक बोरी मे मादक पदार्थ गांजा प्राप्त हुआ जिसको तौलने पर कुल 6 किलो 64 ग्राम कुल कीमती 66400 रूपये का होना पाया गया। जिसको विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी शिवबालक पिता दुलारे यादव उम्र 55 वर्ष निवासी हनुमानगढ का कृत्य धारा 8/20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत दण्डनीय पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया । एवं मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई के पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। समस्त कार्रवाई में सउनि भूपेंद्र बागरी, सउनि टीडी रावत, आरक्षक मनीष शुक्ला, अमित तिवारी तथा विनीत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## लापता नाबालिग राजस्थान से दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** 7 माह पूर्व लापता हुई नाबालिक को अमिलिया पुलिस नें राजस्थान के अलवर से ढूंढ़कर दस्तयाब किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में अमिलिया पुलिस नें 7 माह पूर्व लापता हुई नाबालिक को ढूंढ़कर राजस्थान के अलवर से दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार थाना अमिलिया में एक परिजन नें माह अक्टूबर 2024 मे अपने नाबालिक पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट की थी जिस पर अमिलिया पुलिस नें मामला दर्ज किया एवं मामला गंभीर होने के कारण थाना प्रभारी अमिलिया नें विशेष टीम का गठन कर नाबालिक की दस्तयाबी हेतु रवाना किया। पुलिस टीम तुरंत रवाना हुई एवं किशोरी को ढूंढने के हर संभव प्रयास किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस टीम तब से लापता किशोरी का निरंतर पता तलाश कर रही थी। हाल ही मे जानकारी प्राप्त होने पर अमिलिया पुलिस टीम नाबालिक किशोरी को राजस्थान के अलवर से दस्तयाब कर थाना लाई जिसे वैधनिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सहायक उप निरी उग्रभान मिश्रा, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह तथा महिला आरक्षक संगीता बैस्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## मानसी साहू को साहू समाज ने किया सम्मानित



**जागरण, सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में अमहाए जिला सीधी निवासी मानसी साहू ने 500 में से 497 अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरा साहू समाज गौरवान्वित हुआ है। मानसी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर अध्ययन को दिया है। उन्होंने बताया कि वह आगे की पढ़ाई गणित विषय से करेंगी और भविष्य में विज्ञान क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं। आज प्रातः जिला साहू समाज अध्यक्ष श्रीराम मिलन साहू के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मानसी को पुष्पगुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाकर तथा ज्ञान के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतीक चिन्ह पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री योगेंद्र साहू, प्रदीप साहू पप्पू, चंद्रमणि साहू, सुरेश साहू, महेश साहू तथा मानसी के पिता मंगल साहू समेत पूरा परिवार उपस्थित रहा। सभी ने मानसी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मानसी की इस उपलब्धि से साहू समाज में खुशी की लहर है। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं से समाज को नई दिशा मिलती है और युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

## 130 शीशी नशीली सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** प्रतिबंधित नशीली सिरप की बिक्री करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस नें गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 हजार 350 रूपए कीमती 130 शीशी नशीली सिरप जप्त कर जेल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कोचिटा का रहने वाला मिस्टर सिह बघेल जोगीपुर मे स्वागत ढावा के पीछे एक थैले में कोरेक्स रख कर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी कोतवाली नें वारिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के सूचना की तस्दीक तथा कार्रवाई हेतु रवाना किया। पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना होकर रेड कार्यवाही की जिसमे रेड कार्यवाही के दौरान जोगीपुर मे स्वागत ढावा के पीछे संदेही नागेश्वर सिह बघेल उर्फ मिस्टर पिता राजबहोरन उर्फबाबा सिह उम्र 33 वर्ष निवासी कोचिटा थाना कोतवाली मिला, जिसकी तलाशी लेने पर संदेही मिस्टर सिह के थैले मे आनरेक्स कप सिरप बरामद हुआ गिनती कराने पर 130 नग पायी गई। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 मप्र ड्रग्स कन्ट्रोल एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी नागेश्वर सिह बघेल उर्फमिस्टर के कब्जे से कुल 130 नग आनरेक्स कफ सिरप कीमती 25350 रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपी नागेश्वर सिह उर्फ मिस्टर सिह बघेल पिता राजबहोरन सिह उर्फ बाबा उम्र 33 वर्ष निवासी कोचिटा थाना कोतवाली सीधी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, जिसे वैधानिक कार्रवाई पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल सीधी दाखिल कराया गया है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर बांटे गए फल



**जागरण, सीधी।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया में प्रत्येक सोमवार को अस्पताल में भर्ती मरीजो व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो से आये लोगो को फल विस्किट बाटा जाता है। उसी क्रम में आज बुद्ध पूर्णिमा सोमवार को पुष्पांजलि चैरिटेवल के अध्यक्ष विनीत शुक्ला की मां समाजसेवी लक्ष्मी नरेन्द्र शुक्ला के हाथो फल वितरण कर मरीजो का हाल चाल पूछा गया। कार्यक्रम में पुष्पाजलि चैरटेवल के उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल व वालेन्टियर जन तथा अस्पताल का स्टाफ व अधिकारी उपस्थित रहे। संस्था के उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल ने सेमरिया क्षेत्र व आस पास के लोगों से अपील की कि वे हर सोमवार को होने बाले फल वितरण कार्यक्रम का हिस्सा बने तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में अस्पलाल पहुचकर चिकित्सकीय सेवा का लाभ ले तथा उपलब्ध फल प्राप्त करे। तदाशय की जानकारी भगवान प्रकाश शुक्ल ने दी।


**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


# पुलिस ने अमरोला में किया जन चौपाल का आयोजन




**जागरण, सीधी।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगो के बीच पुलिस की पहुंच सुगम करने के उद्देश्य से थाना भुईमाड़ अंतर्गत अमरोला ग्राम मे जन चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, रीवा के निर्देश पर अभी तक अलग-अलग थाना क्षेत्रान्तर्गत 7 ग्रामों में सीधी पुलिस का जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी भुईमाड़ उनि डीडी सिंह के नेतृत्व में भुईमाड़ पुलिस द्वारा ग्राम अमरोला में जन चौपाल का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी भुईमाड़ द्वारा जन चौपाल मे आये नागरिकों को सम्बोधित कर जन चौपाल मे वार्ता को प्रारम्भ किया गया, जिसमें उपस्थित जन को पेसा एक्ट या पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार अधिनियम 1996 के संबंध में बताया गया कि पेसा एक्ट लागू होने से आप लोगों को कई लाभ मिलेंगे, जैसे कि आप अपने मामलों का प्रबंधन ग्राम सभा के माध्यम से स्वयं कर सकते है। साथ ही आपकी परंपराएं और रीति-रिवाज को सुरक्षित करने का काम करेंगा, जिससे आप विकास योजनाओं में भाग ले सकेंगे। इसके साथ साइबर अपराध के बारे मे बताये कि किस प्रकार हमारे भौतिक जीवन के साथ एक अदृश्य साइबर जगत भी समानान्तर रूप से चल रहा है इसलिए हमें आधुनिक तकनीक तथा मोबाइल एवं इंटरनेट का बड़ी सावधानी पूर्वक उपयोग करना है। यदि आपके साथ कभी ऐसी स्थिति बनती है तो तुरंत नजदीकी थाने में संपर्क कर पुलिस को अवगत कराएं। अपनी निजी जानकारियां जैसे बैंक खाता संबंधित गोपनीय जानकारी एवं ओटीपी किसी को न बतायें। महिला एवं बालक/बालिकाओं पर घटित होने वाले अपराधों व घरेलू हिंसा एवं उनके रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले तरीकों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। आज समाज में नशा ने बहुत अव्यवस्था फैलाई है जिसके कारण नित नये अपराध हो रहे है जो आने वाले समय मे और भी भयंकर हो जायेगा इसलिए इसके समूल नाश के लिए हमें आपको मिलकर काम करना पड़ेगा, जिसके लिए नशे के व्यापारियों के बारे मे गुप्त जानकारी देकर उन पर कार्यवाही करवाते हुए समाज कि गंदगी को साफ करने में सहयोगी बने।

# शराब दुकान में खुलेआम मंहगे रेट में बिक रही शराब



**जागरण, सीधी।** आबकारी विभाग की लापरवाही के चलते सीधी जिले के सुरा प्रेमियों को निर्धारित दर से ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। विगत दिनों पूर्व रामपुर नैकिन समूह मे संचालित देशी-अग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान की मनमानी दामों में बिक रही शराब का वीडियो सामने आया। वीडियो में साफ तौर पर सेल्स मैन द्वारा प्रिंट रेट से ज्यादा बताया जा रहा है, विरोध करने पर उल्टा ग्राहक को यह कह कर धमकाया जा रहा है कि जहां शिकायत करना हो कर दो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। सेल्समैन की भाषा यह साफ कर रही हैं कि इस लूट के खेल में आबकारी विभाग का खुला संरक्षण हैं जिसके चलते उसे किसी तरह की कार्यवाही का भय नहीं सता रहा है। शिकायत कर्ता ने अपना नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर शराब बिकने की शिकायत उसी दौरान आबकारी निरीक्षक अंजली मिश्रा से दूरभाष पर करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं रिसीव किया, जबकि उनके द्वारा कई बार फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई। सूत्रों मिली जानकारी के मुताबिक आबकारी इंस्पेक्टर को पूरी जानकारी रहती है इसके बाद कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर नैकिन समूह की संचालित शासकीय देशी-विदेशी कम्पोजिट शराब दुकान वर्ष 2025-26 का ठेका सीधी के एक शराब कारोबारी को मिला है। सीधी जिले में शराब दुकानों पर शासन द्वारा निर्धारित रेट सूची दूर दूर तक नहीं दिखाई देती। जिला आबकारी अधिकारी एवं निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण तो किया जाता है लेकिन ठेकेदारों की कमियों पर कोई कार्यवाही नहीं जाती हैं। हैरानी की बात यह है कि आबकारी उड़न दस्ता टीम भी संभागीय मुख्यालय से समय समय पर दौरे में आती हैं लेकिन इस टीम द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं जाती, बल्कि अपना कमीशन वसूल कर लौट जाती हैं। जिले के सुरा प्रेमियों ने शराब दुकानों में प्रिंट रेट एवं मनमानी दामों पर बिक रही शराब पर कार्यवाही होनी चाहिए।

## झोरा झरना में जारी है श्रमदान, सहयोग की दरकार



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की आदर्श ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर 2 में झोरा झरना पर श्रमदानियों द्वारा अभियान चला कर निरंतर श्रमदान किया जा रहा है। झोरा झरना सीधी शहर से गुजरने वाली हिरन नदी का उदगम व मुख्य जल स्रोत है। हिरन नदी आज अतिक्रमण से प्रभावित है तो वहीं झोरा झरना के जल स्रोतो का सफाई की दरकार है। भौगोलिक रूप से रामगढ़ नम्बर 2 वन क्षेत्र के तीन पहाड़ों बीच से बहने वाला झोरा झरना गांव की प्राकृतिक सुंदरता को संवारता है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर 2 अध्यक्ष ने बताया कि झोरा झरना ग्राम पंचायत रामगढ़ 2 और ग्राम पंचायत खैरही के दक्षिणी सीमा भाग को जोड़ता है। झरने में निरंतर जल का प्रवाह होने के कारण जल संवर्धन के दृष्टि से तालाबों का निर्माण कराया गया था। आज की स्थिति में जल स्रोतों के पट जाने और पहाड़ के कटाई से बहते हुए झरने की जलधारा रुक गई है। श्री गौतम ने कहा कि हमारे जैसे सैकड़ों साथियों का सर्वाधिक बचपन इस झरने के पास गुजरा है। बहते जल धारा की कल-कल आवाज शांत हो गई है और झरने की विराट सुंदरता सिमटने लगी है। झोरा झरना की सफाई व हिरन नदी के पुनर्जीवन में वरिष्ठ समाजसेवियों का मार्गदर्शन और श्रम सहयोगप्राप्त हो रहा है लेकिन प्रशासन को भी इसके लिए सहयोग करने की आवश्यकता है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं वन विभाग की सहभागिता से झरने को मूल अस्तित्व में लाने पर मदद मिल सकती है। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर 2 अध्यक्ष अमित कुमार गौतम स्वतंत्र, समिति सदस्य रामजी गौतम, सोनू विश्वकर्मा, सुरेश कोल, कमलाकर गौतम सहित अन्य श्रमदानियों द्वारा श्रमदान किया गया।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंधित

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र दिनांक 9 मई 2025 के अनुक्रम में सीधी जिला अंतर्गत नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति के लिए समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है एवं भविष्य में अवकाश स्वीकृति पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार प्रतिबंध अवधि में अवकाश हेतु सक्षम अधिकारी विशेष परिस्थितियों में आवेदन के परीक्षण उपरांत कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी की अनुमति से अवकाश स्वीकृत कर सकेंगे।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण न हटने से शहर का विकास कार्य बाधित

## उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

### समय सीमा में नहीं हो सकेंगे विकास कार्य पूर्ण



**जागरण, सीधी**

मप्र शासन की पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत शहर के विकास के लिए दी गई सरकारी सीएलपी भूमि से अतिक्रमण के न हट पाने से विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। हैरत की बात तो ये है कि उच्च न्यायालय का निर्णय आने के 8 महीने बाद भी शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हट सका है। बताते चलें कि सीधी शहर के सम्राट चौक स्थित राजस्व विभाग के शासकीय भूमि के खसरा क्र. 686, 687, 889/2 कुल रकवा 19101 की भूमि साधिकार समिति मप्र शासन द्वारा दिनांक 19 मई 2021 को मप्र शासन की पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत सीएलपी भूमि के रूप में विकासकर्ता को दी गयी है। जिसके एवज में विकासकर्ता को राजस्व विभाग सीधी के शासकीय कार्यालयों एवं आवासीय भवनों का निर्माण कर राजस्व विभाग को सौंपना है किन्तु उक्त सीएलपी भूमि के 104 वर्गमीटर भूमि पर एक शासकीय कर्मचारी श्रीमती रन्नू देवी का कब्जा है। चूंकि वर्ष 1984 में मप्र शासन द्वारा श्रीमती रन्नू देवी को उक्त भूमि का पट्टा अस्थाई रूप से दिया गया था जो कि भविष्य में उक्त भूमि पर शासकीय योजना लागू होने पर वापसी योग्य था। जब मप्र शासन की पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत उक्त भूमि सीएलपी भूमि के अन्तर्गत आ गई तब राजस्व विभाग द्वारा श्रीमती रन्नू देवी को उस सीएलपी भूमि पर शासन द्वारा पूर्व में दिये गये अस्थाई पट्टे को निरस्त करते हुये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपद बनास जिला सीधी द्वारा अपने पत्र क्र. 2321 दिनांक 29 सितंबर 2023 द्वारा वादी श्रीमती रन्नू देवी को अन्य स्थान ग्राम सीधी खुर्द के खसरा क्र. 148 रकवा 15X30=450 वर्गफुट का अस्थाई पट्टा आवंटित कर दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी के उक्त आदेश के खिलाफ श्रीमती रन्नू देवी ने उच्च न्यायालय जबलपुर मे प्रकरण डब्ल्यूपी 21599/2024 दायर कर दिया। जिस संबंध में उच्च न्यायालय ने दिनांक 2 अगस्त 2024 को अपना निर्णय दिया जिसके अनुसार राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि अनुविभागीय अधिकारी के आदेश अनुसार ग्राम सीधी खुर्द के आराजी क्र.148 का सीमांकन कर 450 वर्गफुट जमीन पर कब्जा वादी श्रीमती रन्नू देवी को दिया जाकर तथा संबंधित पट्टे का आवंटन आदेश वादी के पक्ष में जारी किया जाये तथा नये आवंटन आदेश जारी होने के 60 दिन बाद वादी को वर्तमान कब्जे वाली भूमि रिक्त कर देना है। उसके बाद वादी का कोई दावा उस भूमि या भवन पर नहीं रहेगा जिस पर वादी वर्तमान में रह रहा है। हालांकि इस पूरे मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में वादी के पक्ष में पूर्व में ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपद बनास जिला सीधी द्वारा पट्टा आदेश जारी किया जा चुका है एवं उक्त भूमि का सीमांकन तहसीलदार गोपद बनास जिला सीधी द्वारा अपने पत्र क्र. 80 दिनांक 8 अगस्त 2024 द्वारा किया जा चुका है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन द्वारा इस मामले के दूसरे पहलू पर शिथिलता बरतते हुए अभी तक पूर्व निर्मित मकान की बेदखली की कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया जा सका है, जिसके कारण इस जगह पर आए दिन बेवजह न्यूसेंस क्रिएट होता रहता है जिसका असर विकास कार्यों पर पड़ रहा है।

### मप्र गृह निर्माण आयुक्त ने फिर भेजा पत्र

इसी तारतम्य में तत्कालीन आयुक्त मप्र गृह निर्माण एवं अधो. विकास मण्डल मुख्यालय भोपाल द्वारा अपने संदर्भित पत्र क्र. 24 दिनांक 8 जनवरी 2025 कलेक्टर सीधी को उक्त पट्टाधारियों को शीघ्र विस्थापित करने के लिए लेख किया गया था। ताकि योजना निर्बाध पूर्ण हो सके एवं कोई न्यायालयीन विवाद विकासकर्ता के साथ न हो। अब आयुक्त मप्र गृह निर्माण एवं अधो. विकास मण्डल मुख्यालय भोपाल के द्वारा फिर कलेक्टर सीधी को पत्र क्र.1007 दिनांक 4 अप्रैल 2025 के माध्यम से उक्त सीएलपी भूमि को अतिक्रमण से शीघ्र मुक्त करवाकर विकासकर्ता को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है जिससे की शासन की पुनर्घनत्वीकरण योजना के अन्तर्गत राजस्व विभाग के कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों का निर्माण समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। सम्राट चौक पर निर्मित होने वाले शॉपिंग एरिया को लेकर जिस तरह की स्थिति वर्तमान में है उसके परिपेक्ष में हाई कोर्ट के दिशा निर्देश और आयुक्त मप्र गृह निर्माण एवं अधो. विकास मण्डल मुख्यालय भोपाल के आदेशों के बाद अब ये काम जिला प्रशासन के लिए चुटकियों का काम होकर रह गया है, वो जिस दिन चाहे उस दिन इस पूरे मामले को कुछ घंटे में ही निपटा सकता है। अब देखना बाकी ये रहेगा कि सभी तरह की कागजी कार्यवाहियां पूर्ण होने के बावजूद भी जिला प्रशासन सीधी शहर के विकास के लिए खुद कितना संवेदनशील है।

# भैंस चराने गए, 15 वर्षीय बालक की पोखर में डूबने से हुई मौत

जागरण, लवकुशनगर

थाना क्षेत्र के पठा चौकी अंतर्गत के जहां एक 15 वर्षीय बालक की पोखर नुमा गड्ढे में डूबने से मौत हो गई मृतक की पहचान आशीष यादव पिता रामसनेही यादव उम्र 15 वर्ष निवासी ग्राम इटवा के रूप में हुई जो अपने घर से रविवार की सुबह मवेशी चराने के लिए निकला था देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश शुरू की जिसमें पोखर नुमा गड्ढे के किनारे युवक के कपड़े और चप्पल मिले जिससे ऐसा प्रतीत हुआ कि बालक पानी में डूब गया है जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय अम्बे और चौकी प्रभारी ने रात ज्यादा होने पर रात को किसी भी आम आदमी को तालाब के अंदर जाने से मना किया



जिसके बाद सोमवार कि सुबह पुलिस ने ग्रामीणों कि मदद से शव का रेस्क्यू किया गया। मृतक का पंचनामा तैयार कर पीएम करवाया गया।

## पुलिस ने छापा मारकर जब्त की 99 लीटर अवैध शराब

छतरपुर। गुलगंज पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम मझगवां खुर्द के एक खेत में अवैध शराब के भंडारण की सूचना पर छापा मारा। इस कार्रवाई में 11 पेटी, करीब 99 लीटर देशी मसाला, प्लेन और अंग्रेजी व्हिस्की जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 51,000 रुपये है। गुलगंज थाना प्रभारी उप निरीक्षक गुरुदत्त शेषा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मझगवां खुर्द के एक खेत में अवैध शराब का भंडारण किया जा रहा है। पुलिस टीम तत्काल खेत पर बने टपरे पर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद आरोपी राजवीर सिंह ठाकुर, निवासी मझगवां खुर्द, फरार हो गया। टपरे की तलाशी में अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के साथ-साथ विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में सुनील, प्रवेश, कैलाश, सोहराब, शीलेंद्र, सतीश, प्रदीप, मुकेश, राहुल और अवनीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छतरपुर पुलिस का यह अभियान अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्ती से जारी रहेगा।

# छतरपुर पुलिस लाइन में शुरु हुआ ग्रीष्मकालीन शिविर

### पुलिस परिवार के बच्चों को दिया जा रहा विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण



छतरपुर। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर छतरपुर जिले के पुलिस लाइन परिसर में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में खेलकूद, शिक्षा, संगीत, सांस्कृतिक नृत्य, और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। समर कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया है। प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा मलखंब, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी, शूटिंग, लॉन टेनिस जैसे खेलों के साथ-साथ रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई, वाद्य यंत्र और सांस्कृतिक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, जूडो और कराटे की ट्रेनिंग भी शामिल है। शिविर में ब्रेन एक्सरसाइज, ब्रीदिंग, आई एक्सरसाइज, प्रेरणादायक वीडियो, म्यूजिक, डांस, रिलैक्सेशन एक्टिविटी और विशेष रूप से ब्लाइंड फोल्ड एक्टिविटी का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्टिविटी में बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर बॉल के रंग और कार्ड के नंबर व रंग की पहचान कर अपनी एकाग्रता और मानसिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। शिविर का उद्देश्य 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, थाना कोतवाली प्रभारी अरविंद दांगी, थाना सिविल लाइन प्रभारी वाल्मीकि चौबे, महिला थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ, थाना ओरछा रोड प्रभारी दीपक यादव, अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिस परिवारजन उपस्थित रहे।

## पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप

### जमकर चले लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी, आधा दर्जन घायल

छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में एक ही परिवार के दो पक्षों में चल रहे विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चलने से एक पक्ष के आधा दर्जन महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उक्त घटना का वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें बेतहाशा मारपीट हो रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गत 8 मई को गोपालपुरा निवासी आशु कुशवाहा की पुत्री मालती कुशवाहा की शादी थी। आशु ने शादी में गांव के जग्गू कुशवाहा को आमंत्रित किया था, जिस पर उसके परिवार के सुनुआ कुशवाहा ने आपत्ति जताई थी और इसीके चलते आशु ने सुनुआ और उसके परिवार को शादी में नहीं बुलाया था। उसी दिन से दोनों परिवारों में मनमुटाव था। रविवार की सुबह इसी मनमुटाव ने हिंसक रूप ले लिया। सुनुआ कुशवाहा (53), उनकी पत्नी रामप्यारी कुशवाहा (50), पुत्र मनोज कुशवाहा, पुत्र रामदास कुशवाहा (45), रामदास की पत्नी रामकुंवर कुशवाहा (42) और मीरा कुशवाहा (28) पति हरी कुशवाहा पर आशु कुशवाहा, जग्गू कुशवाहा, रामचरण कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, लक्ष्मन कुशवाहा, नोने कुशवाहा, जम्मन कुशवाहा, रामप्रसाद कुशवाहा, रामकुंवर कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, देवका कुशवाहा, संतोष कुशवाहा और एक अन्य महिला ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना की सूचना पर डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# वन विभाग के अधिकारियों की कार्यवाही पर लगे गंभीर आरोप

### रेत उत्खनन में पकड़े जेसीबी और ट्रैक्टर, लेन-देन के बाद ट्रैक्टर छोड़े जाने का दावा



छतरपुर। जिले के ईशानगर क्षेत्र के ग्राम आमखेरा में सोमवार को वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल विभागीय अ?धिकारियों ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई में एक जेसीबी मशीन और चार ट्रैक्टर पकड़े, लेकिन आरोप है कि अधिकारियों ने लेन-देन के बाद ट्रैक्टरों को छोड़ दिया, जबकि जेसीबी को छोड़ने के लिए सांठ-गांठ चल रही है। मामले से जुड़े वीडियो के जल्द सामने आने की भी संभावना जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, वन विभाग के अधिकारी श्री गुप्ता और श्री राजावत ने आमखेरा में अवैध रेत उत्खनन के दौरान चार ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन को जब्त किया था। सूत्रों का दावा है कि ट्रैक्टरों को पैसे लेकर छोड़ दिया गया, जबकि जेसीबी मशीन को छोड़ने के लिए अभी सौदेबाजी चल रही है। जब मीडिया ने इस मामले में वन विभाग के अधिकारी गुप्ता से बात की, तो उन्होंने जेसीबी के रेत उत्खनन में शामिल होने की पुष्टि की और कहा कि मामले की जांच चल रही है। हालांकि, ट्रैक्टरों के पकड़े जाने के सवाल पर गुप्ता ने चुप्पी साध ली और फोन काट दिया। दोबारा संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया और मीडियाकर्मियों का नंबर ब्लैक लिस्ट कर दिया। इस रवैये से वन विभाग की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का कहना है कि वन विभाग के कुछ अधिकारी अवैध रेत खनन माफियाओं के साथ मिलीभगत कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब वन विभाग पर इस तरह के आरोप लगे हैं। पहले भी छतरपुर में अवैध उत्खनन और पेड़ों की कटाई के मामलों में अधिकारियों की संलिप्तता की खबरें सामने आ चुकी हैं। हाल ही में खजुराहो के बसारी रेंज में डिप्टी रेंजर रवि खरे को सागौन की अवैध कटाई में शामिल होने के आरोप में निलंबित किया गया था, जब उनका ऑडियो वायरल हुआ। ऐसे में आमखेरा मामले में संभावना ने वन विभाग की कार्यशैली पर फिर से उंगली उठाई है। वन विभाग के इस रवैये से अवैध रेत खनन पर लगाम लगाने की कोशिशें कमजोर पड़ रही हैं। रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है। यह स्थिति पर्यावरण के लिए खतरा है, क्योंकि अनियंत्रित खनन से नदियों का पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो रहा है और भूजल स्तर गिर रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि वीडियो सामने आते हैं, तो वे विभाग की साख को और नुकसान पहुंचा सकते हैं। प्रशासन को चाहिए कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाए।

# कलेक्टर ने ग्राम भेडा में अमृत सरोवर निर्माण हेतु 24.66 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी

### कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय

कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत कठौतिया के ग्राम भेडा में अमृत सरोवर नवीन तालाब के निर्माण हेतु 24 लाख 66 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। यह निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग एवं मनरेगा मद से कराया जायेगा। इस कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत कठौतिया को बनाया गया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय। यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है। इसके अलावा निर्माण कार्य का संपादन स्वीकृत प्राक्कलन, रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार किया जाए। निर्माण कार्य में उचित गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यस्थल पर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मजदूरों को पीने का पानी, फर्स्ट एड किट, छाया की व्यवस्था, छह वर्ष से कम आयु के पांच से अधिक बच्चों पर झूला घर, छह वर्ष से कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे हो तो पृथक से एक महिला को बच्चों को देख रेख हेतु रखा जाए।

# मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर बढ़ती घटनाओं पर रेलवे प्रशासन सख्त




### एरिया मैनेजर ने दिए सुरक्षा के निर्देश

कटनी। मुड़वारा रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर 5 इन दिनों असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। यात्रियों के साथ अभद्रता, रेल कर्मचारियों से मारपीट और फूड स्टॉल्स में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया है। इन्हीं घटनाओं की जानकारी मिलने पर रेलवे के एरिया मैनेजर रोहित सिंह ने स्वयं प्लेटफार्म नंबर 5 का निरीक्षण किया। उनके साथ स्टेशन वाणिज्य प्रबंधक के.के.दुबे, सीटीआई देवेंद्र दुबे तथा आरपीएफ बल भी उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने प्लेटफार्म पर मौजूद खामियों को गंभीरता से लिया और मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्लेटफार्म नंबर 5 खुला होने के कारण संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ गई है जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।

### सुरक्षा हेतु प्रमुख निर्णय एवं निर्देश

प्लेटफार्म नंबर 5 के पीछे से हो रहे अनधिकृत प्रवेश को रोकने हेतु प्लेटफार्म को बंद किया जाएगा। जब तक प्लेटफार्म की पूर्ण कवरिंग नहीं हो जाती, तब तक आरपीएफ की तैनाती अनिवार्य की गई है। स्टेशन परिसर की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निगरानी प्रणाली और प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था पर काम तेज किया जाएगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना स्टेशन प्रबंधन या सुरक्षा बल को दें। मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लिए गए इन निर्णयों से यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है और आने वाले समय में स्टेशन परिसर को और सुरक्षित बनाया जाएगा।

# आर्डनैंस फैक्ट्री के पास माधवनगर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

कटनी। वर्तमान में भारत-पाकिस्तान सीमा पर चल रहे तनाव को देखते हुए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कटनी पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में माधव नगर थाना पुलिस ने एक सघन औचक चेकिंग अभियान संचालित किया। जिसमें संदेहास्पद लोगों तथा वाहनों की गहन जाँच की गई। पुलिस द्वारा यह चेकिंग अभियान अलग-अलग स्थान पर संचालित किए गए। जिसमें सबसे पहले बिलहरी मोड पर वाहन चेकिंग की गई जिसमें संदिग्ध वाहनों के एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी का कार्य किया गया। इसके बाद माधव नगर पुलिस के द्वारा अमीरगंज एवं उसके आसपास के इलाकों में चेकिंग की कार्रवाई की गई तत्पश्चात थाना प्रभारी माधव नगर अभिषेक चौबे और उनकी टीम के द्वारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आसपास सर्वे किया गया और साथ ही वहां पर निकलने वाले संदिग्ध लोगों की जामा



तलाशी ली गई। पुलिस द्वारा इस तरह की यह कार्रवाई वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए की जा रही है थाना प्रभारी अभिषेक चौबे का कहना है कि आंतरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आगे भी इस तरह की चेकिंग अभियान जारी रहेगा लोगों से अपील है कि पैनिक ना हो, और प्रशासन का सहयोग करें। यह अभियान अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन तथा डॉ.संतोष डेहरिया, अपर पुलिस अधीक्षक एवं श्रीमती ख्याति मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी, निरीक्षक अभिषेक चौबे द्वारा संचालित किया गया। देशव्यापी सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कटनी पुलिस द्वारा आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के निर्देशानुसार सभी थानों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा चिन्हित स्थानों पर अचानक चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए गए हैं। आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई और भी सघनता से जारी रखने की योजना है।

### ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र में विशेष जाँच

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे ने अपनी टीम के साथ ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों एवं वाहनों की तलाशी ली। इस अप्रत्याशित कार्रवाई से स्थानीय नागरिक चकित रह गए क्योंकि इस तरह की सख्त जाँच पहली बार की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्थिति में घबराएं नहीं और प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## प्रदेश मेरिट सूची में 9वें स्थान पर आयी छात्रा पूजा चौधरी



कटनी। कक्षा दसवीं की छात्रा पूजा चौधरी ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में 500 में से 492 अंक अर्जित कर 98.4 प्रतिशत के साथ अपने माता पिता के साथ साथ कोचिंग संस्थान को गौरवान्वित किया है। सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल करने वाली छात्रा मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में 9वें पायदान हासिल करने के साथ साथ कटनी जिले में दूसरा स्थान अर्जित किया है। छात्रा पूजा चौधरी ने अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय कोचिंग संस्थान की संचालक माला उपाध्याय मैडम के मार्गदर्शन एवं उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को दिया है। साथ ही साथ कोचिंग संस्थान के छात्र सचिन 500 में से 469 अंक 93.8 प्रतिशत, पूर्वी 500 में 468 अंक 93.6 प्रतिशत, राधा 500 में से 453 अंक, 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ संस्थान का नाम रोशन किया है। कोचिंग संस्थान में अध्ययन 10 उत्तीर्ण समस्त छात्र छात्राओं को कोचिंग संस्थान द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## मदरसा संचालक ने होटल में युवती से किया दुष्कर्म

रीवा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में मऊगंज के मदरसा संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो मदरसा संचालक पर अपने ही सहकर्मी से दुष्कर्म का आरोप है, जिसने रीवा शहर के एक होटल में इस घटना को अंजाम दिया था। दरअसल इस घटना की शिकायत पीड़ित युवती के द्वारा मऊगंज थाने में दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिस को जब इस बात की जानकारी हुई कि आरोपी के द्वारा रीवा के बस स्टैंड के समीप एक होटल में घटना को अंजाम दिया गया है तब इसकी शिकायत रीवा शहर के सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई। पुलिस की माने तो पकड़े गए आरोपों का नाम शाहिद रजा बताया गया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत ने पुलिस को बताया था कि वर्ष 2022 में आरोपी के द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में पीड़ित युवती भी मऊगंज क्षेत्र के एक गांव की निवासी है जबकि आरोपी अयोध्या के अररिया का रहने वाला है और मऊगंज में मदरसे का संचालन करता है। बताया जा रहा है कि आरोपी को इन्हीं गलत कामों की वजह से बनारस से भगाया गया था, इसके बाद आरोपी शाहिद रजा मऊगंज में मदरसे का संचालन करने लगा जहां पूर्व में भी एक युवक के साथ गलत काम करने के आरोप में काफी बवाल की स्थिति निर्मित हुई थी लेकिन दूसरी बार अपने ही सहकर्मी को हवस का शिकार बना डाला।

# जागृति पार्क में पुलिस ने मॉकड्रिल किया



कटनी। बीते दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश को अलर्ट मोड़ पर रखा गया है इसी तरह कटनी जिले मे भी पुलिस ने हर तरह सख्ती की है गत दिवस माधव नगर के जागृति पार्क में पुलिस द्वारा मॉकड्रिल की है जिसमें पुलिस द्वारा दो लोगों को आतंकवादी के रूप मे तैयार किया गया और घेराबंदी कर उनको गिरफ्तार किया गया जिनके पास से नकली हत्यारों को भी जप्त किया गया ये सब नजारा देख कर पार्क में रहे लोग दहशत में आ गए उनको लगा कि सही में किसी प्रकार की घटना हो रहीं है लेकिन थोड़ी देर बाद पुलिस ने माकड्रिल खत्म करते हुए लोगों से चर्चा की ओर उनको बताया कि इस तरह की स्थिति मे आप लोगों को कैसे सुरक्षित रहना है। इस मॉकड्रिल मे पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन स्वयं मौजूद रहे साथ ही एसडीएम प्रदीप मिश्रा, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी, माधवनगर पुलिस, कोतवाली पुलिस, रंगनाथ पुलिस, यातायात पुलिस सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति रहीं।

## मैरिज गार्डन किराये से देना है

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
संपर्क करें : 6260806864
आरएन. 82088/(15/5)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, छतरपुर जिले के 66 ग्रामों को मिलेगा लाभ

छतरपुर। भारत सरकार द्वारा धरती आबा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया गया है। जिसमें छतरपुर जिले के पांच विकासखंड बक्सवाहा, बिजावर, राजनगर, बड़ामलहरा एवं लवकुशनगर के 66 ग्राम योजना में चयनित किए गए हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत विभिन्न 18 विभागों एवं मंत्रालयों की 25 योजनाओं गतिविधियों का शत प्रतिशत सैचुरेशन किया जाना है। अभियान अंतर्गत प्रमुख क्षेत्र सेक्टर एवं विभिन्न विभाग के लक्ष्यअनुसार घरेलू एवं सामुदायिक बुनियादी संरचनाओं जिसमें मकान, सड़क, पेयजल, होमस्टे, जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र, घरेलू गैस और स्वास्थ्य एवं पोषण में मोबाइल मेडिकल यूनिट, सिकल सेल सेंटर, आंगनबाड़ी, पोषण वाटिका, आयुष्मान कार्ड एवं शिक्षक एवं प्रशिक्षण में छात्रावास जनजातीय वर्ग हेतु आश्रम एवं विद्यालय, जेएसएस एवं विद्युतीकरण में ग्रिड बिजली कनेक्शन, ग्रिड सोलर कनेक्शन, संस्थाओं की छत पर सोलर और आर्थिक सशक्तिकरण में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार, वनाधिकार पत्र धारकों के लिए जीवकोपार्जन, मत्स्य पालन एवं कृषि क्षेत्र में सहयोग तथा कनेक्टिविटी में 4व मोबाइल कनेक्टिविटी एवं डिजिटल इनीशिएटिवस शामिल है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ. प्रियंका राय ने बताया कि योजना क्रियान्वयन के प्रथम चरण में सभी ग्रामों जनजाति वर्ग के व्यक्तियों परिवारों को योजनाओं जिसमें आधार कार्ड तैयार करना समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, उज्वला योजना, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि में लाभान्वित किए जाने हेतु शत प्रतिशत करने हेतु सर्वे कराया गया है। इस आवश्यकतापरक सर्वे में योजना के लाभ से वंचित रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया गया है। योजनाओं के लाभ से वंचित रहे व्यक्तियों परिवारों को योजना से लाभान्वित कराए जाने की दिशा में कार्य प्रारंभ है। योजना अंतर्गत चयनित ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता के प्रस्ताव विभागों से प्राप्त किए गए हैं। जैसे स्वास्थ्य विभाग से 14 मोबाइल मेडिकल यूनिट 66 सेकंड सेल सेंटर, महिला एवं बाल विकास द्वारा 13 आंगनबाड़ी भवन, आयुष विभाग से पोषण वाटिका दो, मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संप्रदाय योजना, जनजातीय कार्य विभाग से आठ आश्रम शालाएं खोले जाने की प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इन प्रस्ताव को शासन को स्वीकृत हेतु प्रेषित किया गया है।

**OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD GOVINDGHARH, DIST-REWA (M.P.)**
**(FIRST CALL)**
**Section -1**
**Notice Inviting e-Tenders**

201/e-Tender/GOVINDGARH/2025 Date - 09.05.2025

ONLINE PERCENTAGE RATE BIDS FOR THE FOLLOWING WORKS ARE INVITED FROM Contractors/Firms Registered under Centralized PWD Registration System FULFILLING ELIGIBILITY CRITERIA:

| S. No. | NIT No. & Date | TENDER ID | Name of The Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Period of Completion (In Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 201/ 09.05.2025 | 2025_UAD _422490_1 | INSTALLATON TRANSFORMAER AT PIPAL CHOUK GOVINDGARH as per Estimate and NIT Govindgarh Town. | 7.63 | 22893/- | 2000/- | 1 |

1. Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only Online from 17:30 PM (time) 13.05.2025 (date) to 17:30 PM (time) 29.05.2025 (date).
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PARISHAD
GOVINDGARH DISTT- REWA (M.P.)

# नागरिक सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध करने तथा आपदा प्रबंधन की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखें : कलेक्टर

### जिले के औद्योगिक संस्थानों ओपीएम, एसईसीएल, रिलायंस तथा बाणसागर डैम में सुरक्षा के सभी ऐतिहाती कदम उठाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

### नागरिक सुरक्षा के समुचित प्रबंध की तैयारी तथा निगरानी रखें अधिकारी- पुलिस अधीक्षक

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिक की सुरक्षा जिला प्रशासन का सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। इसके लिए जहां हमें जिले में उपलब्ध संसाधनों का आकलन करके उन्हें व्यवस्थित करना होगा, वहीं आम नागरिकों को जागरूक करके उन्हें इन परिस्थितियों में क्या करना है क्या नहीं करना है की जानकारी देनी होगी। यह विचार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित विराट सभागार में संबंधित विभागों तथा आम नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित नागरिक सुरक्षा प्रबंधन की बैठक को संबोधित करते हुए दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी, सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ उमेश नामदेव, डॉ सराफ, डॉ मरिअम, विश्वविद्यालय से डॉ आशीष तिवारी मेडिकल कालेज के प्रतिनिधि, सैनिक कल्याण के अधिकारी, सीएमएचओ सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आपदा प्रबंधन के तहत की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं उन्होंने कहा है कि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आपने जिले के औद्योगिक संस्थानों ओपीएम, एसईसीएल, रिलायंस तथा बाणसागर डैम में विशेष सुरक्षा रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में जिले में आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा निजी अस्पतालों मे दवाईयों की उपलब्धता, 24 घंटे कॉल पर चिकित्सकों की उपलब्धता, एम्बुलेंस सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनें के साथ ही चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ की शत प्रतिशत उपस्थिति तथा आपदा प्रबंधन के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय निकायों में मॉक ड्रिल की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, फायर ब्रिगेड, सफाई अमला, पेयजल तथा शेल्टर पॉइंट निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को आवश्यक राशन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित पंचायत ग्रामीण विकास, उर्जा तथा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत की जाने वाली सभी कार्यवाहियों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने सभी अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों को जिला आपदा प्रबंधन कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए 24/7 जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा कंट्रोल रूम के संपर्क नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाईल नंम्बर 7049156289 तथा 7587636128 है। होम गार्ड कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का लैण्ड लाईन नम्बर 07652-240324 है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों से अपील की है कि किसी भी तरह की दुर्घटना अथवा आपदा की स्थिति में इन नम्बरों पर कॉल करके सूचना देवें। इसके अतिरिक्त संबंधित थानों, एसडीएम, तहसीलदारों एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी उनके मोबाईल नम्बर पर सूचित किया जा सकता है। आपने अनुविभागीय दंडाधिकारियों तथा अनुविभागीय अधिकारियों पुलिस को अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी आवश्यक प्रबंध, चौकसी तथा निगरानी, कानून व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए हैं

कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने नागरिक सुरक्षा के तहत सभी आवश्यक प्रबंध तथा नागरिकों को आपात स्थिति में आवश्यक सावधानियां तथा बचाव के तरीकों से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों को तात्कालिक सूचना के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को चिन्हित करने तथा आवश्यकता होने पर उपयोग के निर्देश दिए हैं उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारियों को रेड तथा ग्रीन अलर्ट सूचना के लिए सायरन की आवश्यक व्यवस्था के संबंध में भी निर्देशित किया है। आपने खाद्यान्न, फल-फूल तथा सब्जी आदि की उपलब्धता बनाए रखने की सतत मॉनीटरिंग करने, उचित मूल्य की दुकानो में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न की उपलब्धता, डीजल, पेट्रोल तथा रसोई गैस की उपलब्धता के संबंध में भी विस्तृत निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं, ऑक्सीजन व रक्त की पर्याप्त उपलब्धता स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा कर्मियों के तैनाती, मॉक ड्रिल, साफ सफाई, फायर ब्रिगेड आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया उन्होंने औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत लोगों तथा संविदाकार के स्टाफ का सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने बैठक में पुलिस अधिकारियों को बलवा सुरक्षा प्रबंधन का रिव्यू, सुरक्षा के लिहाज से मोबाइल सिम सेलर से सिम विक्रय की आवश्यक जानकारी रखने तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक आदि में किसी तरह की भ्रामक पोस्ट ना हो इस पर नजर रखने के भी निर्देश दिए।

## दीपक सिंह ने नाम किया रोशन



**जागरण ब्यौहारी।** हाई स्कूल एग्जाम भारतीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्र दीपक सिंह पिता सुनील सिंह ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में 90त्न अधिक अंक प्राप्त करके परीक्षा उत्तीर्ण की है दीपक सिंह के पिता उच्च माध्यमिक शिक्षक हैं,उनके नाना भी ताल ग्राम पंचायत करमाई मझौली में प्रिंसिपल रह चुके हैं दीपक सिंह का पैतृक गांव बनसुकली चरहेंट के निवासी हैं ब्यौहारी-मे रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं उनकी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य ,स्टाफ और उनके शुभचिंतकों ईष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

## सोशल मीडिया तथा साईबर अपराधों से सावधान रहने की जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से की अपील

**शहडोल ।** नागरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान परिवेश में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने जिला वासियों से अपील की है कि सोशल मीडिया में आने वाली भ्रामक एंव तथ्यहीन खबरों से सावधान रहें। सोशल मीडिया में चलने वाली अपुष्ट खबरों पर ध्यान नहीं दे और न ही इन खबरों को पोस्ट करें। इसी तरह किसी भी अंजान लिंक को टच नहीं करें, यह साईबर अटैक भी हो सकता है। किसी भी परिस्थिति में सामाजिक एवं धार्मिक भावनाओं पर आधारित पोस्ट नहीं किए जाएं। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया में चलने वाली खबरों की मॉनीटरिंग की जा रही है। इस तरह की खबरें पाई जाने पर साईबर एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी तरह की अफवाह या घटना, दुर्घटना की जानकारी जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम के मोबाईल नंम्बर 7049156289 तथा 7587636128 है। होम गार्ड कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का लैण्ड लाईन नम्बर 07652-240324 है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों से अपील की है कि किसी भी तरह की दुर्घटना अथवा आपदा की स्थिति में इन नम्बरों पर कॉल करके सूचना देवें। इसके अतिरिक्त संबंधित थानों, एसडीएम, तहसीलदारों एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी उनके मोबाईल नम्बर पर सूचित किया जा सकता है।

## नागरिक सुरक्षा हेतु जिले में तैयार किया जा रहा है स्वयं सेवकों का दल

**शहडोल ।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के पालन में शहडोल जिले में किसी भी दुर्घटना अथवा आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए शासकीय अमले के साथ-साथ स्वयं सेवी दलों की टीम भी तैयार की जा रही है। ऐसे लोगों से फॉर्म भरवा कर सहमति ली जाएगी तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर उनके कार्यों एवं कर्तव्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चिकित्सालयों में हर ग्रुप के रक्त की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए हर रक्त ग्रुप के रक्तदान दाताओं को चिन्हित किया जाएगा। प्रथम चरण में एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेन्स से जुड़े लोगों तथा स्वयंसेवी लोगों के दल तैयार किए जा रहे हैं। जिसमें सेवा निवृत्त सैनिक भी शामिल हैं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी, सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ उमेश नामदेव, डॉ सराफ, डॉ मरिअम, विश्वविद्यालय से डॉ आशीष तिवारी मेडिकल कालेज के प्रतिनिधि, सैनिक कल्याण के अधिकारी, सीएमएचओ सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे

## व्हाट्सएप का सुरक्षित उपयोग करें साइबर अपराधों से रहें सतर्क

**शहडोल ।** शहडोल पुलिस द्वारा नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण व्हाट्सएप सुरक्षा एडवायजरी जारी की जाती है, जिससे आम नागरिक अपने व्हाट्सएप एप्लिकेशन का सुरक्षित इस्तेमाल कर सकें। शहडोल पुलिस आम जनता से अपील करती है कि निम्नलिखित उपायों को अपनाकर स्वयं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखें, ड्ढद्गड्डह्लह्यश्चश्च को तुरंत अपडेट करें- सुनिश्चित करें कि आप व्हाट्सएप का नवीनतम संस्करण उपयोग कर रहे हैं, ताकि सुरक्षा खामियों को दूर करने वाले अपडेट्स का लाभ मिल सके,अटैचमेंट्स और लिंक्स के साथ सतर्कता बरतें- अज्ञात स्रोतों से आए लिंक या फाइल्स को न खोलें, भले ही वह किसी जान-पहचान वाले व्यक्ति के नाम से आई हों, सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करें- अपने फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम एवं ऐप्स को समय-समय पर अपडेट करते रहें, ताकि सुरक्षा कमजोरियों से बचा जा सके, ड्ढद्गड्डह्लह्यश्चश्च सेटिंग्स में जाकर ऑटोमेटिक मीडिया डाउनलोड बंद करें- सेटिंग्स में जाकर ऑटो-डाउनलोड बंद करें, जिससे खतरनाक फाइल्स आपके फोन में बिना आपकी अनुमति के डाउनलोड न हो सकें, सुरक्षा और प्राइवेसी फीचर्स का उपयोग करें- टू-स्टेप वेरिफिकेशन और प्राइवेसी सेटिंग्स का उपयोग करें, ताकि आपकी पहचान की चोरी और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## राशनधारी हितग्राही 15 मई तक कराएं ई-केवाईसी अन्यथा खाद्यान्न प्राप्त करने में होगी समस्या

**जागरण शहडोल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल ने जानकारी दी है किसार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से ह्लस्नक्र का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1.00 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20.00 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। शहडोल जिले में 226170 परिवार एवं 832374 सदस्यों को वर्तमान में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है और निरंतर सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा कैम्प लगाकर एवं घर-घर जाकर द्गयङ्क्षष्ट की जा रही है। आज दिनांक 12.05.2025 तक जिले में 730250 हितग्राहियों की द्गयङ्क्षष्ट पीओएसी मशीन एवं मेरा द्गयङ्क्षष्ट ऐप्प से की जा चुकी है। जिले में अभी भी 102124 हितग्राहियों की द्गयङ्क्षष्ट शेष है। जिन हितग्राहियों की द्गयङ्क्षष्ट दिनांक 15.05.2025 तक नही हो पायेगी उन्हे आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त नही होगा। जिन परिवारों के किसी सदस्य की मृत्यु हो गई है या किसी लड़की की शादी होकर ससुराल चली गई है ऐसे परिवार ग्राम पंचायतों में सचिव/ त्रक्रस्, और नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका में जाकर ऐसे सदस्यों के नाम हटवा लें अन्यथा सभी सदस्यों की द्गद्म4ष् नहीं हो ने से उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध होने में परेशानी होगी। ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की द्गयङ्क्षष्ट नही हुई है वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 15.05.2025 के पूर्व द्गयङ्क्षष्ट अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड सकता है।

## ऑनलाइन मिलेगा कक्षावार सिलेबस और किताबों का ब्यौरा

**जागरण, रीवा।** निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग फिर से कवायद में जुट गया है। इस बार विभाग द्वारा बुक्स मैनेजमेंट सिस्टम साफ्टवेयर डेवलप करने की बात कही जा रही है। जिसमें मान्यता प्राप्त सभी निजी स्कूल संचालकों को कक्षावार लगने वाली पुस्तकों का विवरण ऑनलाइन देना होगा। साथ में प्रकाशक का नाम और विक्रय दर का उल्लेख भी निजी स्कूल संचालकों को करना होगा। साफ्टवेयर पर अपलोड उक्त जानकारी को विभाग द्वारा सार्वजनिक किया जायेगा। ताकि संबंधित स्कूल में पढ़ रहे छात्र और अभिभावकों को कक्षा में लगने वाली किताबों की जानकारी ऑनलाइन मिलेगी। विभाग इस प्रक्रिया के माध्यम से निजी स्कूल संचालकों और विक्रेताओं की बीच चल रही साठगांठ व मनमानी पर रोक लगाने की कोशिश में है। विभाग द्वारा ऑनलाइन टेकिंग सिस्टम डेवलप करने से यह भी साफ हो जायेगा कि स्कूल संचालक ने कक्षावार क्या सिलेबस तय किया है और छात्रों को कौन-कौन सी किताब खरीदने के लिए कहा गया है। यदि सिलेबस के बाहर की किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जाता है तो उसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में की जा सकेगी। जिस पर विभाग द्वारा स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। सम्भावना जताई जा रही है कि साफ्टवेयर डेवलप होने के बाद विभाग द्वारा इसी सत्र से इस प्रक्रिया को प्रयोग में लाया जायेगा। ताकि अगले सत्र तक में पूरी तरह से इस प्रक्रिया का सफल क्रियान्वयन हो सके। **पहले के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन :** गौरतलब है कि पिछले काफी समय से विभाग निजी विद्यालयों की मनमानी रोकने की कोशिश में है। इसके बावजूद निजी स्कूल संचालकों पर शिकंजा नहीं कसा जा सका है।

# जिले के 35 सरकारी विद्यालयों की भूमि पर बेजा अतिक्रमण

### प्रशासन का सुस्त रवैया, आयुक्त लोक शिक्षण के निर्देश भी हुए दरकिनार



**जागरण, रीवा**

जिले के सरकारी शिक्षण संस्थानों की भूमियों पर जबरदस्त अतिक्रमण बढ़ रहा है। फिर भी जिला प्रशासन समेत राजस्व विभाग चुप्पी साधकर बैठे हैं। जिले में 130 हाईस्कूल व 116 हायर सेकेण्डरी मिलाकर 246 सरकारी विद्यालय हैं। इनमें से करीब 35 विद्यालयों की भूमि पर बेजा अतिक्रमण है। इतने अतिक्रमण का उक्त रिकार्ड स्वयं शिक्षा विभाग के पास है, जबकि वास्तव में इससे भी ज्यादा विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण होने की आशंका है। शासन-प्रशासन व विद्यालय प्रबंधनों की लापरवाही के कारण यह अतिक्रमण निरंतर बढ़ रहा है। वर्षों से दीमक की तरह बढ़ रहे अतिक्रमण को रोकने जिम्मेदारों द्वारा कोई प्रयास नहीं किये। नतीजन आज अतिक्रमण का ग्राफ इतना बढ़ चुका है, जिसे हटाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित होगा। बहरहाल, आयुक्त लोक शिक्षण ने गत जनवरी 2022 को एक पत्र जारी किया था। उक्त पत्र में कलेक्टर को सभी सरकारी विद्यालयों की भूमि से अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया। शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए आयुक्त लोक शिक्षण ने सभी प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की भूमि, भवन से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। मप्र शासन और आयुक्त लोक शिक्षण के उक्त निर्देश को भी जिला प्रशासन व राजस्व अमला बीते तीन वर्ष से धता बताकर बैठा है, लिहाजा इन मामलों में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। विद्यालय भूमि पर बिक रहा अंडा और मटन शा. विद्यालय लौआ लक्ष्मणपुर, शा.उ.मा.वि. हिनौती, शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट नईगढ़ी, शा.उ.मा.वि. भीर, शा.उ.मा.वि. रामपुर, शा.उ.मा.वि. गढ़, शा.उ.मा.वि. शिवराजपुर, शा.उ.मा.वि. फूल सहित अन्य विद्यालयों की भूमि पर कुछ स्थानीय लोगों ने पक्का भवन बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। वहीं, कई विद्यालयों की भूमि पर मटन, अंडा, सिगरेट सहित अन्य तरह की अवैध सामग्री का विक्रय करने कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिसे हटाने के लिए प्रशासन के पास फिलहाल कोई बंदोबस्त नहीं है।

**विधानसभा में भी उठा था मामला :** वर्ष 2020 में सरकारी विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण का मामला विधानसभा में भी उठा था। तब कलेक्टर ने तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारियों को सभी सरकारी विद्यालयों की भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही विद्यालयों की भूमि से हर तरह का अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया था परंतु वक्त गुजरने के साथ निजी लाभ की आदत डाल चुके अधिकारियों ने मसले में ठोस कार्यवाही नहीं की। लिहाजा आज भी सरकारी विद्यालयों की भूमि का अतिक्रमण प्रशासन का मुंह चिढ़ा रहा है।

### इन विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण

- शा.कन्या विद्यालय मऊगंज
- शा.पुष्पराज उ.मा.वि. खुटहा
- शा.आदर्श पू.मा.वि. मऊगंज
- शा. हाईस्कूल कठेरी
- शा.बालिका छात्रावास गंगेव
- शा.उ.मा.वि. खटखरी
- शा.उ.मा.वि. बरांव
- शा. हाईस्कूल पाती मिश्रान
- शा. हाईस्कूल कन्या गौरी
- शा.उ.मा.वि. रतनगवां
- शा.उ.मा.वि. मार्तण्ड क्रमांक 1
- शा. हाईस्कूल मड़वा
- शा.उ.मा.वि. भोलगढ़
- शा. हाईस्कूल भुण्डहा
- शा. हाईस्कूल जमुई
- शा.उ.मा.वि. कटरा
- शा.उ.मा.वि. बालक त्योंथर
- शा.उ.मा.वि. चाकघाट
- शा.उ.मा.वि. गहिलवार
- शा.उत्कृष्ट विद्यालय सितलहा
- शा.उ.मा.वि. भनिगवां
- शा. कन्या हाईस्कूल डभौरा
- शा. हाईस्कूल जुड़मनिया
- शा. हाईस्कूल पुरवा
- शा.उ.मा.वि. गुढ़
- शा. हाईस्कूल कचूर
- शा. हाईस्कूल तमरा
- शा. हाईस्कूल बुढ़वा
- शा. हाईस्कूल देवास
- शा.उ.मा.वि. हिनौती
- शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट नईगढ़ी
- शा.उ.मा.वि. भीर
- शा.उ.मा.वि. रामपुर
- शा.उ.मा.वि. गढ़
- शा.उ.मा.वि. शिवराजपुर
- शा.उ.मा.वि. फूल

## स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में 15 से शुरू हो सकते हैं प्रवेश

### ई-प्रवेश पोर्टल पर दर्ज हुई जानकारी, उच्च शिक्षा विभाग की होगी वीडियो कांफ्रेंसिंग

**जागरण, रीवा।** जिले के सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों की कक्षाओं में मई माह की 15 तारीख से प्रवेश दिये जा सकते हैं। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग शीघ्र प्रवेश मार्गदर्शिका जारी कर सकता है। सत्र 2025-26 में प्रवेश देने संबंधी कार्यवाही विभागीय स्तर पर चल रही है, जल्दी ही विभाग द्वारा सूचना जारी की जा सकती है। चूंकि पिछले तीन सत्र से प्रवेश प्रक्रिया देर तक चलती रही, जिससे कक्षाएं भी प्रभावित रहीं। लिहाजा इस दफा विभाग समय पर प्रवेश संबंधी कार्यवाही पूरी करना चाहता है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने भी गत 6 मई को 12वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस लिहाज से विभाग आगामी 13 को वीडियो कांफ्रेंसिंग करेगा, जिसमें प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश महाविद्यालयों को दिए जायेंगे। प्रवेश एवं व्यवस्था संबंधी अन्य जानकारी भी विभाग आयुक्त द्वारा ली जायेगी। सम्भवतः अगले सत्र में सरकारी महाविद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधन के अनुरूप छात्रों को प्रवेश दिये जायेंगे। मौजूद संसाधनों को ध्यान में रखकर महाविद्यालय की विभागवार प्रवेशित सीट निर्धारित हो सकती है। इस दिशा में काम करने विभाग द्वारा महाविद्यालयों से जानकारी प्राप्त की गई है। सभी सरकारी व निजी महाविद्यालयों से ग त 5 मई तक ई-प्रवेश पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट कराया गया। इन निजी महाविद्यालयों की प्रोफाइल का सत्यापन रीवा विश्वविद्यालय द्वारा विगत 9 मई तक किया गया। ताकि प्रवेश प्रक्रिया शुरु होने के बाद छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो। महाविद्यालयों ने प्रोफाइल अपडेट के समय उपलब्ध सुविधा, शिक्षक, पाठ्यक्रम आदि का विवरण दिया दिया है। सत्यापन होने पर अब विभाग संबंधित महाविद्यालयों के नाम ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर दर्ज करेगा।

### 11 वीं संकाय चयन हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल द्वारा संचालित प्रदेश के प्रतिष्ठित विद्यालय मॉडल स्कूल सिविल लाइन्स में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11 वीं में संकायवार (गणित, जीवविज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश फार्म एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भरे जाना हैं। संकायवार प्रवेश कक्षा 10 वीं के अंकों के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट के अनुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में दिया जाएगा।

#### आवश्यक दस्तावेज व तिथियां

संस्थागत एवं अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए संकायवार पृथक-पृथक मेरिट सूची का प्रकाशन किया जाएगा। संस्थागत एवं अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 10 वीं के प्रतिशत के आधार पर तैयार मेरिट सूची का मापदण्ड अलग-अलग रहेगा। प्रवेश पंजीयन की प्रारंभिक तिथि 10 मई व अंतिम तिथि 20 मई है। प्रवेश फार्म भरने हेतु एमपी ऑनलाइन व मॉडल स्कूल की वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। प्रवेश फार्म भरने के लिए कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, छात्र-छात्रा का नवीनतम फोटो जिसमें नाम व दिनांक अंकित हो। समग्र आईडी/चाइल्ड आईडी आवश्यक होगी। समस्त प्रविष्टियां सावधानीपूर्वक भरें, त्रुटियां एव गलतियों की जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थियों की होगी, किसी भी स्तर/समय पर गलती पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा व जमा किया गया शुल्क वापस नहीं होगा।

## वेटरनरी कॉलेज को अब तक नहीं मिला स्पोर्ट्स काम्पलेक्स



### जबलपुर विवि के दफ्तर में धूल खा रहे प्रस्ताव

**जागरण, रीवा।** शासकीय पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय को अब तक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स नहीं मिल पाया। नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति ने इस बाबत कॉलेज प्रबंधन को आश्वासन दिया था, जिस पर फिलहाल कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके अतिरिक्त तत्कालीन कुलपति ने कॉलेज की बाउण्ड्रीवाल तथा नवीन ऑडिटोरियम के लिए भी सहमति दी थी। तब वार्षिक निरीक्षण में गत वर्ष आये कुलपति ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, ऑडिटोरियम व बाउण्ड्रीवाल के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा था। इसके उपरांत कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय के पास विधिवत प्रस्ताव बनाकर भेजा, जो अब तक विश्वविद्यालय के दफ्तरों में धूल फांक रहा है। करीब छः वर्ष बीतने के बाद भी इन बिंदुओं पर विश्वविद्यालय की तरफ से कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हुई। इतना ही नहीं, कॉलेज प्रबंधन ने परिसर में पोस्ट ऑफिस व राष्ट्रीयकृत बैंक खुलवाने की मांग भी रखी थी, जिस पर अब तक कोई विचार विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जा सका। गौरतलब है कि तकरीबन 16 वर्ष पूर्व जिले में स्थापित हुए वेटरनरी कॉलेज का विकास अब भी अधूरा है। हालांकि कॉलेज को मुख्य भवन, हॉस्टल, शिक्षक-कर्मचारी आवास, प्रयोगशाला व कुछ अन्य सुविधाएं मिल गई हैं। फिर भी कॉलेज परिसर में बहुत सी सुविधाओं का होना शेष है, जिसकी मांग काफी समय से कॉलेज प्रबंधन द्वारा की जा रही है।

### मुख्य द्वार का मामला उलझा

कॉलेज परिसर के चारों तरफ दीवार खड़ी न हो पाना भी एक बड़ी समस्या है। इसके अतिरिक्त कॉलेज के एक छोर में खाली पड़ी जमीन में नगर निगम ने मृत पशुओं को फेंकने के लिए जबरन आरक्षित कर लिया है। इस तरह के बेजा के अतिक्रमण को रोकने में अब तक कॉलेज प्रबंधन असफल रहा। वहीं कॉलेज के मुख्य द्वार को जमीन देने में अब तक जिला प्रशासन रुचि नहीं दिखा सका। इस कारण भी कॉलेज का विकास फिलहाल अवरुद्ध ही कहा जा सकता है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## कूटनीतिक चाल में फंसता जा रहा पाकिस्तान

अब यह पूरी तरह साफ है कि पाकिस्तान की बेजा हरकतों और आतंकवादियों को शह देने की प्रवृत्ति ने ही भारत के सामने आखिरी विकल्प के रूप में आतंकियों को ठोस जवाब देने की स्थिति पैदा कर दी। अब सीमा पार आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान वैश्विक समुदाय के सामने जिस तरह अपनी व्यथा को पेश करने की कोशिश कर रहा है, उसमें आमतौर पर किसी देश ने कोई रुचि नहीं दिखाई है।

इसके कारण भी साफ हैं। दरअसल, ज्यादातर देश जानते हैं कि दुनिया भर में आतंकवाद ने एक जटिल समस्या के रूप में जड़ पकड़ी और अलग-अलग देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है, तो उसमें पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। आतंकियों को पलने-बढ़ने और प्रशिक्षण हासिल करने के आसान ठिकाने मुहैया करा कर पाकिस्तान ने क्या साबित करने की कोशिश की है? जाहिर है, बिना शह और संरक्षण के आतंकवादी किसी ऐसी जगह को अपने लिए सुरक्षित नहीं मान सकते। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब भी आतंक का पोषण करने के मसले पर पाकिस्तान पर सवाल उठे, तब उसने हर बार इस आरोप से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की। यह बेवजह नहीं है कि पाकिस्तान अब भारत का जवाब झेलते हुए एक मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है तो दुनिया के देश यह समझ रहे हैं कि इस स्थिति के लिए खुद पाकिस्तान का रुख जिम्मेदार है। इसी कारण अपनी सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले को आधार बना कर वह वैश्विक समुदाय को अपना पक्ष बताने की कोशिश कर रहा है। मगर पिछले कई दशकों से आतंकवाद को जटिल बनाने में उसका जो रवैया रहा है, उसे देखते

> पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद से अब तक जो वस्तुस्थिति सामने रही है, वह दुनिया की नजर में है और इसी वजह से कई देशों ने भारत के रुख का समर्थन किया।

हुए तमाम देश भारत के जवाबी हमले और उससे उपजी स्थिति के बारे में पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर, भारत ने धीरज छूटने के बाद जिस तरह जवाब के तौर पर 'केंद्रित और नपी-तुली' कार्रवाई की, दुनिया के करीब सभी प्रभावशाली देशों ने उसका मजबूत आधार देखा और उसे उचित माना। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत साख वाला देश होने के नाते भारत ने अलग-अलग देशों के सामने स्थिति स्पष्ट करना अपनी जिम्मेदारी समझी। कूटनीतिक मोर्चे पर की गई भारत की इस पहलकदमी के सकारात्मक नतीजे सामने आए, जब भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिका, ईरान और सऊदी अरब के अपने समकक्षों से बात की और यह स्पष्ट किया कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमला होता है तो मजबूती से जवाब दिया जाएगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद से अब तक जो वस्तुस्थिति सामने रही है, वह दुनिया की नजर में है और इसी वजह से कई देशों ने भारत के रुख का समर्थन किया। जाहिर है, भारत की इस कवायद के बाद पाकिस्तान के अलग-थलग पड़ने की रफ्तार और तेज होगी। उम्मीद है कि कम से कम अब वह इस हकीकत को समझने और स्वीकार करने को तैयार हो कि आतंक को शह और संरक्षण देकर उसने क्या गंवाया है।

# लंबी लड़ाई को खत्म करने की कोशिश

आतंकवाद के खिलाफ

मैं अपनी बात अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की उस टिप्पणी से करूंगा जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत में यह लड़ाई एक हजार साल से भी ज्यादा समय से चल रही है। इस बार पाकिस्तानी सेना पहलगाम पर अपने जिहादियों से हमला करवा कर सचमुच धोखा खा गई। 'हजार जख्म देकर लहूलुहान करना', यह युद्ध का नया सिद्धांत है। इसमें खर्चा कम होता है और मनोवैज्ञानिक लाभ ज्यादा मिलता है। पाकिस्तानी सेना पिछले कई दशकों से यही कर रही है। इस लम्बे अरसे में उसने भारत की प्रतिक्रिया का आकलन भी कर लिया है। मुम्बई हमले के बाद पाक सेना को अंदेशा था या नहीं, लेकिन भारत के लोगों को आशा थी कि सरकार इस हमले का सही उत्तर देगी। लेकिन देसी-विदेशी दबावों के चलते उसने वह उत्तर नहीं दिया। उसके बाद पाक सेना के थिंक टैंकों ने भारतीय प्रतिक्रिया को लेकर शायद अंतिम निष्कर्ष भी निकाल लिए कि भारत ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी शक्तियों के आगे गुहार लगाएगा। वह पुराने जमाने के निष्कर्षों को लेकर ही वार-रूम में भारत के खिलाफ रणनीति बनाती रही। मुझे लगता है यदि पाक सेना के मुखिया जनरल बाजवा होते तो शायद आधुनिक युग में भारत की संभावित प्रतिक्रिया का नई सिरे से आकलन अवश्य करवाते। इसका कारण है। वे देसी मुसलमान थे। वे जाट थे जिनके पुरखे मुगल शासन में कभी मुसलमान बन गए थे। उनके गुण-अवगुण वही थे जो हमारे गुण-अवगुण हैं। लेकिन इस समय पाक सेना के मुखिया आसिम मुनीर एटीएम मूल (अरब, तुर्क और मुगल) के मुसलमान हैं। एटीएम मूल के मुसलमानों में भारत पर हमले करने वाले अरब, तुर्क और मुगल स्टाक के मुसलमान हैं जिनकी बची खुचा नस्लें भारत में ही रह गई हैं। यह वह स्टाक है जिसके बारे में कहा जाता है कि रस्सी जल गई लेकिन ऐंठन नहीं गई। एटीएम का भारत (जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है) से कुछ लेना-देना नहीं है। इनकी खोपड़ी में अभी भी यह कीड़ा घुसा हुआ है कि कि वे कभी भारत के शासक थे। वे अभी भूतकाल से बाहर नहीं आए हैं। मुनीर अरब मूल के हैं। एटीएम मानता है कि हिंदू-मुसलमान अलग-अलग राष्ट्र हैं। इतना ही नहीं वह यह भी मानता है कि इस्लामी राष्ट्र हिंदू राष्ट्र से श्रेष्ठ है। अंग्रेज एटीएम की इस बीमारी को समझ गए थे। इसीलिए वे जाते वक्त हिंदुस्तान का एक टुकड़ा तोड़ कर एटीएम



> अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैसे समझ लिया कि यह लड़ाई एक हजार साल से भी ज्यादा समय ले चली आ रही है। भारत में किसी ने भी मुनीर के हमले को इस ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में नहीं समझा। पहलगाम हिंसा के बाद भारत ने जनरल मुनीर को जो उत्तर दिया, वह इसी बात का संकेत है कि भारत एक हजार से चली आ रही इस लड़ाई को अब उसकी अंतिम परिणति तक पहुंचाना चाहता है।

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

के हाथ दे गए थे, ताकि वह निरंतर भारत से लड़ता रहे। जिन्ना आदि तो एटीएम के मोहरे थे। यही कारण है कि पाकिस्तान की पहचान स्थापित करने के लिए शुरू से ही एटीएम ने वहां की शिक्षा प्रणाली कर कब्जा कर लिया था। लेकिन इतने दशकों बाद भी पाकिस्तान में सिंधी, पश्तून, बलोच, जाट, राजपूत, गुज्जर, वाल्मीकि इत्यादि नई कृत्रिम पहचान को अपना न सके। वे अपने हजारों हजारों साल के पुराने इतिहास से अपना नाता न तोड़ सके। पाकिस्तान में सिन्धी, बलूच, पश्तून, बलती, दरद सभी इससे अलग होना चाहते हैं। पाक सेना के मुखिया जनरल मुनीर इसीलिए घबराहट में हैं। वे इस्लामाबाद में जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं, गला फाड़ रहे हैं, कि मुसलमान हिंदुओं के साथ नहीं रह सकते।

हम दोनों अलग अलग हैं। हमारा कुछ भी सांझा नहीं है। हम हिंदुओं से कहीं श्रेष्ठ हैं। लेकिन पश्तून, बलोच व सिन्धी चिल्ला रहे हैं कि मुनीर तुम झूठ बोल रहे हो। हमारा तुम से यानी एटीएम से कुछ सांझा नहीं है। मजहब सांझा होने से इतिहास व पहचान सांझा नहीं हो जाती। मुनीर जानता है कि एटीएम ने पहले भी सेना के बल पर ही भारत पर कब्जा किया था। अब भी मुनीर के पास सेना है, शायद वह अपने आप को आज का मोहम्मद बिन कासिम समझता है। वह अपनी आज की सेना के बल पर भारत को डराना चाहता है। सेना तो हिंदुस्तान में अंग्रेजों के पास भी थी। यह भी सच है कि उस सेना में कुछ अफसरों को छोडकर बाकी सब हिंदुस्तानी ही थे। लेकिन 1857 में और फिर विश्व युद्धों में मोहन सिंह ने व सुभाष चंद्र बोस ने उसी सेना में विद्रोह करवा दिया था जिसके कारण अंग्रेजों को यहां से जाना पड़ा था। पाक की आज की सेना में भी एटीएम के लोग बड़े पदों पर कब्जा किए हैं, बाकी सेना तो देसी मुसलमानों की ही है। एटीएम के मुनीर को अपनी इस सेना पर भी अपनी धाक जमानी है। पाकिस्तान के सिविल प्रशासन को भी अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना है। पहलगाम का हमला इसी में से निकला है। लेकिन उसने यह अंदाजा नहीं लगाया कि अब भारत भी पहले वाला भारत नहीं रहा। पहलगाम के उत्तर में जो भारत ने किया, वह नए भारत का उत्तर है। उस भारत का जिसके बारे में गलवान की घटना के बाद किसी ने कहा था, अब भारत आंख में आंख डाल कर बात करता है। वह एटीएम द्वारा एक हजार साल पहले शुरू की गई लड़ाई को जीतना चाहता है।

मैं हैरान हूं कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैसे समझ लिया कि यह लड़ाई एक हजार साल से भी ज्यादा समय ले चली आ रही है। भारत में किसी ने भी मुनीर के आज के हमले को इस ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में नहीं समझा। पहलगाम हिंसा के बाद भारत ने जनरल मुनीर को जो उत्तर दिया, वह इसी बात का संकेत है कि भारत एक हजार से चली आ रही इस लड़ाई को अब उसकी अंतिम परिणति तक पहुंचाना चाहता है।

एक हजार साल पहले भारत पर हमला करने वाला मोहम्मद बिन कासिम भी अरब था और 2025 में हमला करने वाला जनरल मुनीर भी अरब मूल का है। लेकिन तब से लेकर अब तक सिंधु नदी में बहुत पानी बह चुका है। इस बार जो भारत ने उत्तर दिया है, उसका एक दूसरा पहलू भी है। अब तक यह समझा जाता था कि भारत और पाकिस्तान के बीच झगड़ा कश्मीर को लेकर है। मुनीर ने मजहब के आधार पर अपने द्विराष्ट्र सिद्धांत को प्रस्थापित करते हुए कहा भी कि कश्मीर हमारी दुखती रग है। भारत में भी कुछ लोग ऐसा ही मानते हैं।

यही कारण है कि वे अब भी जी-जान से औरंगजेब जैसे लोगों की कब्रों को किसी भी तरह बचाने के काम में लगे हुए हैं। लेकिन मुनीर भी जानते हैं कि उनकी अपनी सोच में भी कश्मीर ही मसला नहीं है। एटीएम के लिए मसला भारत को किसी भी तरह इस्लामी देश बनाना है। इसलिए आतंकवादियों की जो नस्लें तैयार की जा रही हैं, कश्मीर तो उसका पहला पड़ाव है। जिहादियों के लिए उनकी असली यात्रा तो उसके बाद शुरू होती है। यही कारण है कि अब तक तो भारत सरकार की क्रिया-प्रतिक्रिया भी अपने ही जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में ही होती थी, चाहे जम्मू कश्मीर का वह क्षेत्र नियंत्रण रेखा के इस पार हो या उस पार हो। लेकिन अब नए भारत को समझ आ गया है कि मसला कश्मीर नहीं है, मसला एटीएम की वह बीमार मानसिकता है जो अभी भी मोहम्मद बिन कासिम के जमाने में जी रही है।

यही कारण है कि भारत ने बहावलपुर तक जाकर जिहादियों के प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट किया। बहावलपुर का जम्मू-कश्मीर से कोई ताल्लुक नहीं है, वह पश्चिमी पंजाब का हिस्सा है। भारत ने पाकिस्तान को जो उत्तर दिया है, उसके व्यापक अर्थ हैं। वह एटीएम की मानसिकता और अंग्रेजों द्वारा भारत के खिलाफ किए गए षड्यंत्रों को समाप्त करने की शुरुआत कही जा सकती है। यह उन लोगों को तो सुकून पहुंचाएगा ही जिनके प्रियजन पहलगाम हमले में मारे गए थे, लेकिन यह पश्तूनों, बलोचों और सिंधियों के लिए भी उत्सव पर्व है। यह पर्व कुछ और वर्गों को भी सुकून देगा, लेकिन हमें जयचंदों से सचेत रहने की जरूरत है।

# कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करना जरूरी

राष्ट्रीय

अटल बिहारी वाजपेयी का 'इंसानियत, कश्मीरियत और जम्हूरियत' का नारा कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने की सर्वोत्तम नीति हो सकता है। लेकिन ज्यादातर समय कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बाधित रही है। पिछले दिनों हुई पहलगाम त्रासदी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कश्मीर के बैसरन में 26 सैलानियों को बेरहमी से कत्ल कर दिया गया और कई अन्य घायल हुए। यह दावा किया गया कि हमलावरों ने लोगों का धर्म पूछा और फिर बेरहमी से उन्हें अपनी गोलियों का निशाना बनाया। मरने वालों में सैयद आदिल शाह नामक व्यक्ति भी था जो पर्यटकों को घोड़ों पर बिठाकर सैर करवाता था। सच्चाई यह भी है कि इस कांड के तुरंत बाद हेलीकाप्टरों के पहुँचने तक हमले के शिकार लोगों की मदद मुख्यतः मुसलमानों ने की। घायलों का इलाज मुस्लिम डॉक्टरों के एक दल ने किया। पूरी कश्मीर घाटी में बंद रहा और 'हिंदू मुस्लिम भाई भाई' के नारे गूंजते रहे। घटना के समय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में थे। वे अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर स्वदेश वापिस आए लेकिन घटनास्थल पर जाने के बजाए वे एक चुनावी रैली में शामिल होने बिहार चले गए। सभी विपक्षी दलों ने आतंकी हमले के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए जाने वाले सभी कदमों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया, जो बिलकुल उचित कदम था। प्रधानमंत्री का यह रवैया गुजरात के गोधरा में ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद के उनके रवैये के एकदम विपरीत था। तब वे घटना के आधे घंटे के अंदर ही घटनास्थल की ओर रवाना हो गए थे और उन्होंने यह निर्देश दिया था कि शवों



> आतंकवाद कश्मीर की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या की जड़ें बहुत पुरानी हैं। भारत में कश्मीर के विलय की संधि के कई प्रावधानों को कमजोर कर दिया गया। इससे कश्मीरियों में असंतोष की शुरूआत हुई। पाकिस्तान ने इस असंतोष को हवा दी। इसने हिंसक रूप ले लिया और हालात और जटिल हो गए। कश्मीर भारत का अंग है और वहां अमन-चैन रहे, यह पूरे देश का लक्ष्य होना चाहिए।

राम पुनियानी

को अहमदाबाद ले जाया जाए जहां उन्हें एक जुलूस में शहर की सड़कों पर घुमाया गया। पहलगाम हमले के बाद से सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर ऐसे संदेश पोस्ट किए गए जिनमें आतंकवादियों को 'मुस्लिम राक्षसों' के रूप में प्रस्तुत किया गया। आतंकियों ने पर्यटकों की हत्या करने के पहले उनका धर्म पूछा इस बात को मुस्लिमों के प्रति घृणा फैलाने का मुख्य आधार बनाया जा रहा है। मुसलमानों को कठघरे में खड़ा करने का सिलसिला काफी पहले से चल रहा है। गाय और लव जिहाद जैसे मुद्दों के बहाने मुसलमानों की लिंचिंग होती रही हैं। सिर्फ उनके धर्म की वजह से नौकरी नहीं दी जाती है। सरकार और गोदी मीडिया ने आतंकियों के मुस्लिम होने की बात का जिक्र तो खूब किया मगर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और गुप्तचर संस्थाओं की असफलता के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। बैसरन पहुंचने के पहले सेना की बहुत सी निगरानी चौकियों को पार करना पड़ता है, फिर आतंकी वहां पहुंचने में कैसे सफल हो गए? त्रासदी के बाद स्थानीय मुसलमानों, घोड़े वालों, रिक्शा चालकों और होटलों के मालिकों (जो सभी मुसलमान थे) ने पर्यटकों की मदद की और फैसला लिया कि वे उनसे एक रूपया भी नहीं लेंगे। इसके विपरीत एयरलाइन्स ने आपदा को अवसर में बदलते हुए किराए में अनाप-शनाप बढ़ोत्तरी कर दी। कई कश्मीरी विद्यार्थियों को उनकी होस्टलों में प्रताड़ना झेलनी पड़ी, कई से हॉस्टल खाली करने को कहा गया। भारत में कश्मीर के विलय की संधि के कई प्रावधानों को कमजोर कर दिया गया। इससे कश्मीरियों में असंतोष की शुरुआत हुई। शेर-ए-कश्मीर शेख अब्दुल्ला को भी यह ठीक नहीं लगा। उनके मन में यह विचार आने लगा कि क्या कश्मीर का भारत में विलय करना एक गलती थी। पाकिस्तान ने इस असंतोष को हवा दी। इसने हिंसक रूप ले लिया और हालात और जटिल हो गए। गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया कि आतंकवाद खात्मे की ओर है जिससे पूरे देश के पर्यटक कश्मीर आने लगे।

इस बीच कश्मीरी पंडितों और अन्यों के खिलाफ छिटपुट आतंकी कार्यवाहियां होती रहीं जिनसे कश्मीरी परेशान होते रहे। अब चूंकि कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश है इसलिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सुरक्षा व्यवस्था में कोई भूमिका नहीं है। आतंकवाद को कैसे समाप्त किया जा सकता है? सुरक्षा तंत्र का पहले पुलवामा में और अब पहलगाम में असफल होना, यानि बार बार असफल होना, गंभीर चिंता का विषय है। कश्मीर भारत का अंग है और वहां अमन-चैन रहे, यह पूरे देश का लक्ष्य होना चाहिए। कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करना आज की जरूरत है। पर्यटन स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन है और कश्मीर के मामले में कोई भी फैसला लेते समय इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

आज देश पूरी मजबूती से सरकार के साथ खड़ा है और सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष को सुझावों को पूरी गंभीरता से ले। किसी ने ठीक ही कहा है युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, वह तो अपने आप में एक समस्या है।

प्रसंगवश

## यह युद्ध नहीं, तो क्या है?

पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान के सीमावर्ती शहरों और गुजरात में कच्छ-भुज को निशाना बनाया गया था। यह टकराव घंटों जारी रहा। पाकिस्तान ने मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट से हमले किए, लेकिन हमारे रक्षा-कवच अभेद्य साबित हुए और दुश्मन के हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया। उसके तमाम हमले विनष्ट कर दिए गए और उसका आक्रमण नाकाम साबित हुआ। पाकिस्तान के करीब 50 ड्रोन हवा में ही चिंदी-चिंदी कर दिए गए। राजस्थान के जैसलमेर में 70 मिसाइलें और जम्मू में 8 मिसाइलें मार गिराईं। यही नहीं, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और दो एफ-16 लड़ाकू विमानों को जमीन सुंघा दी। जेएफ चीनी और एफ अमरीकी जेट विमान हैं। पाकिस्तान ने जम्मू, ऊधमपुर, पठानकोट, जैसलमेर आदि शहरों में वायुसेना के आधारों को नष्ट करने की मंशा से कई हमले किए, लेकिन सभी नाकाम, नष्ट कर दिए गए। कई शहरों में ब्लैकआउट करना पड़ा, हवाई अड्डों को बंद करने पड़ा और 'रेड अलर्ट' घोषित करना पड़ा। हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। गुरुवार रात में ही भारतीय सेनाओं ने पलटवार कर लाहौर, कराची, पेशावर, सियालकोट और राजधानी इस्लामाबाद तक के पाकिस्तान को थर्रा और दहला दिया। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय को फिलहाल बख्शा गया है, लेकिन वहां ड्रोन से हमले जरूर किए गए हैं। रावलपिंडी का स्टेडियम तहस-नहस कर दिया गया है। इन शहरों में तैनात एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया है। पाकिस्तान का 'अवाक्स सिस्टम' बर्बाद कर दिया गया है। पाकिस्तान का 'रडार सिस्टम' भी विनष्ट कर दिया गया है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' ने पाकिस्तान की व्यावसायिक-आर्थिक राजधानी कराची को दहला दिया है। कराची में ही पाकिस्तान की सबसे बड़ी बंदरगाह और वहां का नौसेना मुख्यालय है। जब ये हमले शुरू हुए, उसके करीब दो घंटे के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में कबूल किया कि हमले किए गए हैं और हालात युद्ध जैसे हैं। पाकिस्तान यह कथित युद्ध आधा हार चुका है, क्योंकि उसके प्रमुख डिफेंस सिस्टम और रडार प्रणाली बर्बाद हो चुके हैं। अब पाकिस्तान को हवाई हमलों की जानकारी कैसे मिलेगी और वह देश की रक्षा कैसे कर सकेगा? यह युद्ध नहीं है, तो क्या है? नुकसान दोनों तरफ कितना



> बीते बुधवार और गुरुवार की रातों में पाकिस्तान ने भारत के कुल 27 शहरों पर 100 से अधिक हवाई हमले किए। यह दीगर है कि हमारे रक्षा-कवच 'एस-400 सुदर्शन चक्र' ने उन्हें नाकाम कर दिया। नुकसान दोनों तरफ कितना हुआ है, उसका हिसाब अभी सामने आना है।

हुआ है, उसका हिसाब अभी सामने आना है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकातें कर रहे हैं और हमलों के ब्रीफ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 11 साल के अपने कार्यकाल के दौरान सुरक्षा से जुड़े मंत्रालयों के सचिवों से पहली बार, एकसाथ बैठक की और आपात स्थितियों की तैयारियों को जानने की कोशिश की। यह युद्धकालीन कवायद ही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार सुबह भी 'साउथ ब्लॉक' में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेना प्रमुखों से एक महत्वपूर्ण मुलाकात और बैठक की है। देश के प्रमुख शहरों समेत राजधानी दिल्ली में 'आपात अलर्ट' घोषित किया गया है। दिल्ली में कुतुबमीनार और लालकिला सरीखे ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विदेश मंत्री जयशंकर अमरीका, इटली, स्पेन, यूरोपीय संघ आदि के विदेश मंत्रियों और नेताओं से संवाद कर चुके हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। भारत ने अचानक और पाकिस्तान को बिन बताए कश्मीर के दो बांधों-बगलिहार और सलाल-के गेट खोल दिए हैं। नतीजतन पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी विश्व भर से भारत को समर्थन जुटा रहे हैं। बहरहाल, युद्धविराम के नियमों का लगातार उल्लंघन किया गया, तो यह युद्ध नहीं है, तो और क्या है?

## ।।गीता।।



श्लोक : सर्वधर्मान्परित्यज्य
मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो
मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

**भावार्थ**

हे अर्जुन, सभी धर्मों को त्याग कर अर्थात हर आश्रय को त्याग कर केवल मेरी शरण में आओ, मैं (श्रीकृष्ण) तुम्हें सभी पापों से मुक्ति दिला दूंगा, इसलिए शोक मत करो।

जीवन दर्शन

## दुख का टेंडर भरा है, तो सुख कैसे मिलेगा

वृक्ष किसी को अपनी छांव देने से मना नहीं करते, सूरज भी अपना प्रकाश फैलाने में कोई भेद-भाव नहीं करता, और न ही बादल के बरसने की उदारता में स्थान से कोई फर्क पड़ता है। ऋतु आने पर डाल कोई भी हो कोयल का स्वर वही रहता है। फिर बुद्धि-विवेक संपन्न हमारा मन ही ऐसा क्यों है जो अनुकूलता में प्रसन्नता की बंसी बजाता है, पर गम के पलों में खुशी की सरगम बजाना भूल जाता है। दुख को बदलने या मिटाने की कोशिश करना एक असफल प्रयास है। लेकिन हर गम में भी सरगम के स्वर खोज लेना एक सुखद समाधान है। संसार का एक भी दुख ऐसा नहीं है जिसमें सुख न छुपा हो। वास्तव में यह सुख या दुख,



मानसिक ही है। दुख-सुख हमारे भावों में बसते हैं। कोई करोड़ों की संपत्ति होने पर भी हाय-हाय करता रहता है और कोई अपने सीमित साधनों में भी संतुष्ट और सुखी रहता है। सुखी अनुभव करने के लिए महत्व धन-वैभव का नहीं, बल्कि हमारे विचारों का है। जो जहां है, जैसा है अगर वहां सुखी नहीं है तो वह फिर कहीं भी सुखी नहीं हो सकता। और जो जहां है जैसा है, अगर वहां सुखी है तो वह कहीं भी दुख का अनुभव नहीं कर सकता। इसलिए दुख का लौह-चुंबक बनकर नहीं जीना, खुश रहने की आदत डालनी है। सब दिन यदि एक समान हों, तो जीवन में निराशा का साम्राज्य छा जाए। सुख और दुख दोनों मिलकर ही जीवन को समरस बनाते हैं।

खुशी और गम एक-दूसरे के समानांतर चलते हैं। जब एक शांत होता है तो दूसरा भी शिथिल पड़ जाता है। अपने दुख की चारदीवारी में घुट-घुटकर गलने की बजाय औरों की खुशी में अपनी खुशी खोजने का जादू सीखना है। उदास और उखड़ा-उखड़ा व्यक्तित्व आसपास में उदासी का कोहरा भर देता है और खुशी का सूरज चाहते हुए भी मुस्कान की किरणें नहीं बिखेर सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों से पिछले वर्ष से ज्यादा खरीदा गया गेहूं

**विसं, भोपाल।** प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस साल किसानों से ज्यादा गेहूं खरीदा गया है। देश में इस मामले में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। गौरतलब है कि सरकार ने किसानों किसानों को समर्थन मूल्य के अतिरिक्त बोनस दिया,जिसकी वजह से किसानों ने अपने गेहूं का उपार्जन सरकार के जरिए किया। सरकार ने किसानों से न्यूनत समर्थन मूल्य के साथ-साथ 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया है। जिसका परिणाम यह हुआ कि इस वर्ष लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ है। गत वर्ष 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों से उपार्जित गेहूं में से 73 लाख 51 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का सुरक्षित भण्डारण भी किया जा चुका है। उपार्जित गेहूं का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 17 हजार 870 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

### संघ ने की वेतनमान सहित एरियर देने की मांग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल बाजपेई ने रविवार को बताया कि मप्र श्रम विभाग द्वारा जारी वेतनमान आदेश एवं जिला अध्यक्ष द्वारा जारी वेतनमान किसी भी निगम मंडल में लागू नहीं हुआ है। न ही उनके एरिया का भुगतान हुआ है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में मांग की गई है कि आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतनमान तत्काल एरियर सहित दिया जाए। साथी और कार्यों को नियोजित करने वाली संस्थाएं उनसे मेरा अनुरोध है कि भविष्य निधि की राशि खाते में तत्काल जमा कर उनकी रसीद देने की कृपा करें। मांग के समर्थन में अनिल बाजपेई, अरुण वर्मा, अखिलेश पाडोले एवं नरेश रीठे, सुरसरि प्रसाद पटेल, विजय चंदन मांग का समर्थन किया है।

### राष्ट्र प्रथम कार्यक्रम में छात्रों ने लगाए जयकारे

**भोपाल।** बागसेवनिया स्थिति केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर में रविवार को राष्ट्र प्रथम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में छात्र छात्राओं ने एक होकर भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस दौरान परिसर के समस्त प्राध्यापक सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद था। सभी ने एक स्वर में सेना के पराक्रम की तारीफ करते हुए सभी से देश के लिए एकजुट होने की अपील की।

भोपाल मेट्रोपॉलिटन एरिया में सीहोर, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ को किया जा सकता है शामिल

# मेट्रोपॉलिटिन को लेकर अधिकारियों को मिला लक्ष्य, मानसून सत्र में आ सकता है विधेयक

### इंदौर में तेजी से काम पर भोपाल की रफ्तार धीमी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट मेट्रोपॉलिटन शहर को मूर्त रूप देने तैयारी तो शुरू हो गई है, लेकिन इसमें कई अड़चनें उत्पन्न हो सकती हैं। जबकि सरकार ने अधिकारियों को लक्ष्य दिया है कि मानसून सत्र से पहले पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली जाए, जिससे सत्र में इस संबंध में विधेयक सदन में पेश किया जा सके। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों के विकास को लेकर सरकार काम कर रही है। इसमें भोपाल, इंदौर जैसे बड़े शहरों को मेट्रोपॉलिटन शहरों में तब्दील करने की दिशा में काम किया जा रहा है, लेकिन इस योजना को समय सीमा पर मूर्त रूप देने सरकार को अड़चनों को दूर करना होगा। इसमें सबसे अहम वित्तीय संसाधन है। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए काफी ज्यादा निवेश की जरूरत होती है। सरकार के विभिन्न विकास योजनाओं के लिए धन जुटाना होगा और यह भी सुनिश्चित करना होगा कि फंड का उचित उपयोग किया जाए। इसी तरह मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में शामिल विभिन्न निकायों मसलन नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत के बीच समन्वय स्थापित करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी के पास एक समान योजना हो और वे एक साथ मिलकर काम करें। मेट्रोपॉलिटिन क्षेत्र विकसित करना होगा के लिए बड़ी मात्रा में भूमि की भी जरुरत होगी। ऐसे में ये सुनिश्चित करना होगा कि समय रहते इस संबंध में आने वाली सभी तरह की बाधाओं को दूर कर दिया जाए। जिससे कानून और सामाजिक अवरुद्ध उत्पन्न न हो सके। इतना ही नहीं कुछ लोग इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर इसका विरोध भी कर सकते है।

### ड्राफ्ट बनाने की मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग को मप्र मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट 2025 का ड्राफ्ट तैयार करने की स्वीकृति दी गई है। जिससे प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। यह ड्राफ्ट जल्द ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति को भेजा जाएगा।

### बीडीए होगी नोडल एजेंसी

भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के दायरे में विस्तार के लिए भोपाल विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाया गया है। विकास योजना तैयार करने हेतु सलाहकार की नियुक्ति के लिए निविदा भी जारी हो चुकी है। समिति की स्वीकृति के बाद यह एक्ट विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा।


### 5-5 जिले मिलकर बनेंगे मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र

जानकारों की मानें तो प्रारंभिक तौर पर भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन को लेकर जो खाका तैयार किया गया है,उसमें दो क्षेत्रों को 5-5 जिलों को मिलाकर बनेंगे दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाए जाएंगे। बताया गया है कि इंदौर मेट्रोपॉलिटन के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि भोपाल के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में आने वाले जिले इंदौर, देवास, उज्जैन, धार और शाजापुर होंगे। इस तरह से इंदौर मेट्रोपॉलिटन शहर का क्षेत्रफल लगभग 9000 वर्ग किमी का हो सकता है,जबकि 55 लाख अनुमानित आबादी होने की संभावना है। इसी तरह भोपाल मेट्रोपॉलिटन एरिया में भोपाल के अलावा सीहोर, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ (ब्यावरा) को शामिल किया जा सकता है। बताया गया है कि वर्ष 2006 से भोपाल-इंदौर को महानगर बनाने की कवायद की जा रही है। लेकिन धरातल पर कभी इस पर काम ही नहीं हो पाया। सिंहस्थ 2028 को देखते हुए इंदौर में तेजी से काम किया जा रहा है, लेकिन भोपाल की रफ्तार वैसी नहीं है।

# सीजफायर पर सियासत, कांग्रेस ने उठाए सवाल, भाजपा ने दिया जवाब

### दिग्विजय की टिप्पणी पर वीडी का पलटवार





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारत-पाक के मध्य सीजफायर पर सहमति बनते ही सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने इस मामले में अमेरिका के हस्तक्षेप पर एतराज जताया, तो भाजपा ने कांग्रेस का यह विरोध कोई नई बात नहीं है। दरअसल पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह सीजफायर पर सवाल करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसके साथ वीडियो भी जारी किया गया है। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा है 26-11 मुंबई हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान आज के संदर्भ में अवश्य देखें, जय सियाराम। राज्यसभा सांसद ने आगे लिखा कि अमेरिका कौन होता है हमारे बीच पंचायत करने वाला? पाकिस्तान हमको मार कर चला गया और मंत्री अमेरिका जाकर रो रहे हैं। हमें बचाओ बचाओ, यह कोई तरीका होता है क्या? पड़ोसी मार कर चला गया, तो अमेरिका क्या जाना, पाकिस्तान जाओ ना पाकिस्तान जिस भाषा में समझे, समझना चाहिए। नरेन्द्र मोदी जी की कथनी और करनी में अंतर कोई नई बात नहीं है। दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पहलगांव आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, जिसके तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने, एयर बेस, ड्रोन लॉन्च पैड तबाह कर दिए गए। कई आतंकी मारे गए, लेकिन आपकी आंखों पर पाकिस्तान और आतंकी प्रेम का पर्दा पड़ा हुआ है। वैसे ये कोई नई बात नहीं है।

### दिग्विजय सिंह ने लिखा सीएम को पत्र

राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह ने नरवाई को लेकर जुर्माने के स्थान पर जागरुकता अभियान चलाने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि नरवाई को लेकर किसानों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई किसान बिना जानबूझकर नरवाई नरवाई जलाने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में सुझाव दिया कि गर्मी के मौसम में सूखी नरवाई स्वतः आग लगने की संभावना को ध्यान में रखते हुए किसानों को इस विषय में जागरुक किया जाए। सिंह ने सवाल किया कि विदिशा जिले में 722 किसानों पर कुल 26.46 लाख रुपए का किसानों पर जुर्माना और 9 पर एफआईआर किस आधार पर की गई है।

# स्व. नरेंद्र सलूजा ने पार्टी में प्रभावी भूमिका निभाई: शर्मा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता स्व. नरेंद्र सलूजा की पुण्य स्मृति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने मौन रखकर स्व. सलूजा को श्रद्धाजंलि अर्पित की, तो वक्ताओं ने उनके व्यक्तिव पर प्रकाश डाला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि स्व. सलूजा ने बहुत जल्द पार्टी की संगठन पद्धति को आत्मसात कर पार्टी के लिए प्रभावी भूमिका निभाई। अपनी योग्यता से दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल भाजपा में बहुत कम समय में अपनी जगह बना ली थी। उन्होंने कर्मठता और ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन किया। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि स्व. सलूजा का व्यक्तित्व प्रखर और निडर था। वह सूचना के स्रोत थे। पार्टी को हमेशा आगे और स्वयं को पीछे रखकर कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस में रहते हुए कांग्रेस के लिए और भारतीय जनता पार्टी में आने के बाद हमारी पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर जनता के बीच पार्टी की बात को रखने का काम किया। स्व. श्री नरेंद्र सलूजा हमेशा कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी का कार्य करने के लिए सबसे आगे की पंक्ति में खडे रहते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज सिद्दीकी और पकंज चतुर्वेदी ने भी सभा को संबोधित कर स्व. नरेन्द्र सलूजा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# घर बैठे हो रहा विद्यार्थियों का सतत मूल्यांकन

### अनदेखी: प्रदेश में प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए मजाक बनी नई शिक्षा नीति



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नई शिक्षा नीति के नाम पर पिछले चार साल से युवाओं के साथ मजाक हो रहा है। विभाग द्वारा प्राइवेट और नियमित परीक्षार्थियों के लिए समान रूप से समग्र सतत मूल्यांकन (सीसीई), फील्ड प्रोजेक्ट या इंटर्नशिप तथा कोई एक व्यावसायिक कोर्स की अनिवार्यता रखी गई है। सवाल यह है कि जब प्राइवेट तौर पर परीक्षा देने वाले विद्यार्थी कालेज से सीधे जुड़े ही नहीं रहते हैं, तो उनका समग्रता से सतत यानी कि नियमित मूल्यांकन कैसे होगा। इसके लिए कालेजों के प्रोफेसर उनके घर भी नहीं जा रहे हैं। इससे उनका सतत मूल्यांकन घर बैठे ही हो रहा है। इतना ही नहीं नियमित परीक्षार्थियों के समान प्राइवेट छात्रों को भी स्नातक की सभी कक्षाओं में फील्ड प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप जैसी प्रक्रियाओं से भी गुजरना पड़ता है। इसमें भी सवाल उठता है कि जब कालेज से उनका कोई नियमित संपर्क ही नहीं रहता है, तो ऐसे विद्यार्थी अपना प्रोजेक्ट वर्क पूरा करने के लिए किस से मार्गदर्शन लेंगे। प्रोफेसरों की कमी से जूझ रहे सरकारी कालेजों में सीसीई परीक्षाएं तथा पीएचडी के पैटर्न पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया गाइडेंस के अभाव में औपचारिकता बन कर रह गई है। जाहिर है कि ऐसी स्थिति में औपचारिक खानापूर्ति कर उन्हें अंक दिए जा रहे हैं।

> प्रोफेसरों की भर्ती प्रक्रिया चलन में बनी हुई है। नियुक्ति होने से कालेजों में फैकल्टी की कमी की समस्या खत्म हो जाएगी।
>
> ■ **अनुपम राजन,** एसीएस उच्च शिक्षा विभाग

### 188 विषयों को पढ़ाने शिक्षक ही मौजूद नहीं

नई शिक्षा नीति 2020 के नाम पर शुरू किए गए तकनीकी व रोजगार मूलक विषयों योग, जैविक खेती, व्यक्तित्व विकास, एनसीसी, एनएसएस, जैसे 188 विषयों में से अधिकांश विषयों को पढ़ाने के लिए कालेजों में पर्याप्त प्रोफेसर ही नहीं हैं। इसके चलते उक्त विषयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों फेल हो रहे हैं और पढ़ाई अधूरी छोड़कर उच्च शिक्षा से पलायन कर रहे हैं। स्नातक स्तर के कोर्स पूरा करने की तीन और चार साल की अवधि तक पहुंचते-पहुंचते नियमित प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या एक तिहाई से भी नीचे आकर बेहद नगण्य और शर्मनाक स्थिति में पहुंच गई है। इस प्रक्रिया से प्रदेश में ऐसे डिग्रीधारी युवाओं की फौज तैयार हो रही है, जिन्हें अपने विषयों का व्यवहारिक ज्ञान ही नहीं है।

### विद्युत कंपनियों के पेंशनरों को डीए में बढ़ोत्तरी के आदेश जारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मप्र की बिजली कंपनी के पेंशनरों और पारिवारिक पेंशन धारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीए) के आदेश जारी किए गए हैं। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा जारी आदेश के तहत अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 7 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि आदेश एक मार्च 2025 से प्रभावी होगा। जिसके तहत सभी पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को जिनमें मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी के साथ मप्र राज्य विद्युत मंडल से 1 जून 2005 से पहले रिटायर हुए पेंशनर भी शामिल हैं, वे 6वें वेतनमान के अनुसार 239 प्रतिशत की जगह 246 प्रतिशत व 7वें वेतनमान के अनुसार 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। आदेश 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा।

# होटल में बुलाकर दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

**जागरण, ग्वालियर।** होटल में बुलाकर एक युवती के साथ आरोपी ने दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी ने उसे बहाने से होटल बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह कुछ समय से बेरोजगार थी। इस दौरान उसकी मुलाकात डबरा निवासी अजय शर्मा से हुई। अजय की काफी जान पहचान है तो लगा कि वह उसे नौकरी दिला देगा। एक दिन अजय ने उसे सिटी सेंटर स्थित एक होटल में बुलाया। इस दौरान कोल्डड्रिंक मंगा कर युवती को पिलाया। कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ होने की वजह से युवती बेहोश हो गई, जब उसे होश आया तो उसने देखा कि शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। इसके बाद उसे अपने साथ दुष्कर्म के बारे में मालूम पड़ा। आरोपी ने उसका रेप कर इसका वीडियो भी बना लिया और धमकी देने लगा कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह वीडियो वायरल कर देगा। इसके बाद पीड़िता वहां से घर आ गई। कुछ समय बाद आरोपी अजय पैसे लेने के नाम पर ब्लैकमेल करने लगा। पैसे नहीं देने पर होटल में बनाया अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में युवक के खिलाफ शिकायत की। ग्वालियर एएसपी कृष्ण लालचांदनी ने बताया कि आरोपी अजय के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

**ग्वालियर का मामला, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश**

### गर्भवती को नहर से उठाकर जंगल में किया रेप, ग्वालियर में बनाया बंधक

**जागरण, शिवपुरी।** गांव में नहर किनारे टहल रही गर्भवती को जंगल में ले जाकर बहिष्कार का मामला सामने आया है। आरोपी युवक पहले तो महिला को उठाकर जंगल में ले गया, फिर बस से जबरन ग्वालियर लेकर चला गया। वहां एक कमरे में बंधक बनाकर सप्ताह भर तक दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने महिला के लौटने पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। हैरान करने वाला यह मामला जिले के करैरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक 3 मई की शाम करीब 5 बजे पीड़िता नहर किनारे टहल रही थी। इसी दौरान आरोपी कप्तान कुशवाह वहां पहुंचा और महिला को जबरन जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहां से आरोपी महिला को धमकाकर बस से ग्वालियर ले गया। वहां एक कमरे में बंद कर कई दिनों तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। गर्भवती के लापता होने पर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 11 मई को महिला को ढूंढ निकाला। पीड़िता ने बताया कि उसने घर जाने की बात कही तो आरोपी उसे रात में करैरा में छोड़कर फरार हो गया। करैरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 207 क्विंटल गेहूं गायब कलेक्टर ने वेयर हाउस को नोटिस थमाया

**जागरण, अशोकनगर।** रविवार को अचानक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर आदित्य सिंह को वेयर हाउस में 207 क्विंटल गेहूं कम मिला है। कलेक्टर ने स्टॉक से मिलान करने के बाद वेयर हाउस प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर सिंह रविवार को विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने क्रांति स्वसहायता समूह करैया बुद्धु के अंतर्गत गेहूं के भंडारण की जानकारी ली। यहां उन्हें 207 क्विंटल गेहूं कम मिले। कलेक्टर ने वेयर हाउस की भंडारण क्षमता, सुरक्षा और मौसम के अनुरूप गेहूं के बचाव के बारे में पूछताछ की।

### विवेकानंद की सबसे बड़ी प्रतिमा लगाने के लिए सीएम ने किया भूमि पूजन



**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि-पूजन किया। इस मौके पर सीएम ने डॉ. यादव ने कहा कि भारत में संत परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और उनमें से स्वामी विवेकानंद विलक्षण संत थे। उन्होंने निराकार ईश्वर के उपासक के रूप में मानवता की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि मैं देखूंगा तो ही मानूंगा जो उनके तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शरीर के माध्यम से जीवन सेवा का मंत्र दिया और आत्मनिर्भरता का आशीर्वाद प्राप्त कर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उन्होंने दुर्बलता और हीनता को जीवन का हिस्सा मानने से इनकार करते हुए इसे मृत्यु के समान बताया। उनका विश्वास था कि साहस, सामर्थ्य और आत्मबल के सहारे व्यक्ति सभी कमजोरियों को पार कर सकता है।

### पाक भेज रहे थे खुफिया जानकारी, 2 पकड़े गए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारी के लिए भारत की जासूसी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को सूचना देने के बदले उन्हें पैसे दिए जाते थे। पंजाब की मलेरकोटला पुलिस ने दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारी के इशारे पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले दो जासूसों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले एक शख्स को पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ा था, जो सेना के मूवमेंट की जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। उसकी पूछताछ के बाद दूसरे शख्स को भी गिरफ्तार किया गया है।

### डॉ. हरेंद्र बने नीमा छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**भोपाल।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया को नीमा छात्र प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. भदौरिया ने बीते पांच साल तक नीमा छात्र प्रकोष्ठ के मप्र के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने छात्र हितों के संरक्षण, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और आयुर्वेद विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए।

## पृष्ठ एक के शेष

### अभी तक संयम ...

हमले का उल्लेख करते हुए कहा, 'जब निर्दोष पर्यटकों को उनके बच्चों के सामने मार दिया गया, वह सिर्फ आतंक नहीं था बल्कि इंसानियत के खिलाफ अपराध था। वह हमला मेरे लिए व्यक्तिगत पीड़ा का कारण बना।' प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय को भी यह स्पष्ट संदेश दिया कि आतंक के खिलाफ भारत की कार्रवाई केवल जवाबी हमला नहीं, बल्कि नई नीति का आगाज है।

### भोपाल: बेकाबू स्कूल बस ...

पुलिस जांच में सामने आया कि रेड सिग्नल में खड़े चालकों को 8 सेकंड बाद ग्रीन सिग्नल मिल जाता। इससे पहले बस ने सभी को चपेट में ले लिया। घायल और चश्मदीद रईस ने बताया कि हम सिग्नल हरा होने का इंतजार कर रहे थे, इतने में अचानक तेज आवाज आई।

कमिश्नर कार्यालय से सोमवार शाम को जारी आदेश के अनुसार इस बस की फिटनेस वैधता, पंजीकरण की वैधता एवं बीमा वैधता समाप्त हो चुकी थी। जांच में पता चला है कि बस का फिटनेस लगभग 5 माह पहले ही खत्म हो चुका था।

### पेटीएम, गूगल पे, ...

विशेषज्ञों का कहना है कि इस बढ़ते लोड के मद्देनजर सिस्टम को और अधिक मजबूत और स्केलेबल बनाना अब जरूरी हो गया है।

### सरेंडर करो, लाल सलाम ...

की मदद से समाज अब सामने खड़ा हो रहा है। पहले बालाघाट 12 सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित जिलों की श्रेणी में था। इसे इससे बाहर लाने का श्रेय पुलिस जवानों को जाता है। अपने अदम्य साहस से समाज के काम आने वाले जवानों को सैल्यूट है। उन्होंने कहाकि जहां जरूरी होगा, वहां कार्यक्रम करेंगे। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार अभियान चला रही है। कार्यक्रम में सीएम और डीजीपी ने 1पुलिसकर्मियों की वर्दी पर स्टार लगाया। इनमें हॉक फोर्स के 62, पुलिस बल का एक और 36वीं बटालियन का एक जवान शामिल है।

**169 करोड़ के विकास कार्य किए शुरू :** बालाघाट के रानी अवंतीबाई स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्यक्रम में करीब 169.19 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। बालाघाट में 69.80 करोड़ की लागत से बनने वाले आयुर्वेदिक कॉलेज का भी भूमिपूजन किया गया। सीएम ने कहाकि प्रदेश में पहले 12 आयुर्वेदिक कॉलेज थे। वर्तमान में 50 आयुर्वेदिक कॉलेज चल रहे हैं। इसके अलावा 11 कॉलेज और खोले जाने हैं। कार्यक्रम में डॉ. यादव 86.227 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 82.97 करोड़ के नए कार्यों का भूमिपूजन किया।

**आयोजन** | आरजीपीवी में सृजन कार्यक्रम का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

# सृजन के माध्यम से प्रतिभावान विद्यार्थियों को नवाचारों के लिए मिला मंच




**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** विद्यार्थियों के रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, सृजन का उद्देश्य है। सृजन के माध्यम से, प्रतिभावान विद्यार्थियों को नवाचारों के लिए मंच मिला है। इससे विद्यार्थी, सामाजिक समस्याओं और चुनौतियों के प्रति संवेदनशील होंगे। समाज के प्रश्नों के समाधान करने का सामर्थ्य प्रदेश के विद्यार्थियों में हैं, हमारे विद्यार्थी समाधानकारक नवाचारों के लिए आगे आ रहे हैं। भविष्य में प्रदेश के यही विद्यार्थी, स्टार्टअप के केंद्र बनेंगे। प्रदेश सरकार की ओर से, नवाचारों को लेकर विद्यार्थियों को मंच देने की यह अभिनव पहल है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रविवार को इनोवेट एमपी मिशन की दृष्टि से सृजित सृजन कार्यक्रम के समापन समारोह में कही। मंत्री परमार ने कहा कि हर वर्ष सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को अपनी नवाचारी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच मिल सके। तकनीकी शिक्षा मंत्री मंत्री परमार ने कहा कि भारत की परम्परा में दस्तावेजीकरण (पेटेंट) नहीं था लेकिन वर्तमान वैश्विक परिधियों में दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। इसके लिए हमें भारतीय समाज में हर विद्या-हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधानकर दस्तावेजीकरण से समृद्ध करना होगा। नवाचारों को विश्वमंच पर दस्तावेजीकरण के साथ रखना होगा। मंत्री परमार ने कहा कि आज के युवा विद्यार्थियों के पुरुषार्थ और परिश्रम से स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी। ज्ञानमेव शक्ति के आधार पर भारत पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनेगा।

### छात्रों का सहयोग करेगा आरजीपीवी

मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से, विद्यार्थियों के नवाचारी शोधों के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के साथ साथ, उनके नवाचारों के दस्तावेजीकरण के लिए यह अभिनव पहल की गई है। मंत्री परमार ने सृजन में अपने नवाचार के लिए पुरुस्कृत होने वाले सभी शोधार्थी विद्यार्थियों को बधाई दी। मंत्री परमार ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी जो सृजन में पुरुस्कृत नहीं हो सकें हैं, उनके नवाचारी प्रोजेक्ट्स को दस्तावेजीकरण तक की यात्रा में आरजीपीवी सहयोग करेगा।

### कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण

सृजन कार्यक्रम में प्रदेशभर से 1627 प्रविष्टियों में से 150 चयनित प्रोजेक्ट्स की आयोजित प्रदर्शनी का हजारों की संख्या में प्रोफेसरं, विद्यार्थी एवं उद्यमियों ने अवलोकन किया। सृजन के समापन में मंच से अंतिम चरण में चयनित 36 प्रतिभागियों को पुरुस्कार प्रदान किये गए। समापन सत्र में छह श्रेणियों में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त करने वाले प्रोजेक्ट को 20 हजार रूपये, द्वितीय स्थान को 10 हजार एवं तृतीय स्थान को 5 हजार रूपये की पुरुस्कार राशि प्रदान की गई, इस प्रकार कुल 36 पुरूस्कार प्रदान किये गए, इसमें 26 तकनीकी शिक्षा संस्थानों से एवं 10 उच्च शिक्षा संस्थानों के रूप में शामिल हैं। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ राजीव त्रिपाठी, आईआईआईटी निदेशक डॉ आशुतोष सिंह, आरजीपीवी कुलसचिव डॉ मोहन सेन और यूआईटी आरजीपीवी निदेशक डॉ सुधीर सिंह भदौरिया सहित प्रदेश भर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी शोधार्थी विद्यार्थी, उनके मेंटर्स, निर्णायक मंडल के सदस्यगण, विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों सहित अन्य विद्वतजन उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूरः 2 दिन बाद एटमी वॉर में बदल जाता संघर्ष, यूएस का यूटर्न और 'सैन्य विराम'

**खतरा** अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने पीएम मोदी को दी थी 'खतरनाक खुफिया' जानकारी


**यूटर्न** पहले बोला मेरा कोई मतलब नहीं एक दिन बाद आखिरकार लिया यूटर्न

**दावा** आखिरकार पीएम मोदी को लगाया फोन, बनी सहमति और रुक गई कार्रवाई

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** भारत के हमले से पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस के तबाह होने के बाद वह बुरी तरह से डर गया था। पाक के एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त हो गए और वो भारतीय मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में नाकाम साबित हो रहा था, जबकि अब तक भारत ने अपने काफी कम तबाही मचाने वाले हथियारों का ही इस्तेमाल किया था। ऐसा लग रहा था भारत कुछ घंटों में पाकिस्तान के तमाम सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार को तबाह करने वाला है। इसी बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करते हैं और उसके बाद सीजफायर का ऐलान हो जाता है। आखिर टेलीफोन पर जेडी वेंस ने मोदी को क्या कहा था, ऐसी क्या 'खतरनाक खुफिया' जानकारी थी, जिसे जानने के बाद भारत सीजफायर के लिए तैयार होता है?

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका को कुछ ऐसी खुफिया जानकारी मिली थी। हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने ठीक एक दिन पहले कह दिया था कि उसे युद्ध से कोई मतलब नहीं है, लेकिन ये खुफिया सूचना इतनी खतरनाक थी उसे अचानक बीच में आकर सीजफायर के लिए भारत से बात करना पड़ा। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आशंका थी कि भारत-पाक के बीच स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है, संभावित तौर पर परमाणु युद्ध की आशंका तक पहुंच सकती थी। रिपोर्ट मिलने के बाद वेंस ने तत्काल पीएम मोदी को टेलीफोन किया और उस खुफिया जानकारी को देने के बाद पाक से सीधी बातचीत के जरिए सीजफायर का समाधान निकालने का प्रस्ताव रखा। टेलीफोन का मकसद भारत को सीधे युद्ध से बचने की सलाह दी गई। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया, खुफिया जानकारी मिलने के बाद सबसे पहले वेंस तत्काल ट्रंप के पास पहुंचे और उनसे जानकारियां शेयर की और उसके बाद उन्होंने पीएम मोदी को टेलीफोन किया। वेंस ने मोदी से कहा, 'अमेरिका का आकलन है कि संघर्ष दो दिन और चलता है, तो ये युद्ध नाटकीय अंजाम तक बढ़ सकता है।' अमेरिकी अधिकारियों ने ये नहीं बताया कि 'वो खुफिया जानकारी क्या थी और नाटकीय अंजाम का क्या मतलब था।' रिपोर्ट में कहा, अमेरिका के 3 अधिकारी युद्ध पर नजर बनाए थे। इनमें जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो जो एनएसए भी हैं और वाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सुसी वाइल्स। ये हर स्थिति की जानकारी ले रहे थे, लेकिन जैसे 'खतरनाक खुफिया जानकारी' पहुंची, उन्होंने फौरन संघर्ष को रोकने में भूमिका निभानी शुरू कर दी। हालांकि, खुफिया जानकारी का खुलासा करने से इनकार कर दिया गया।

**अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खुलासा**




### किसी तरह युद्ध से बाहर निकलना चाहता था पाक?

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नूर खान एयरबेस के तबाह होने के बाद पाकिस्तान बहुत ज्यादा डर गया था और उसे लग रहा था अब भारत उसके हाई वैल्यू टारगेट पर हमला करने वाला है। नूर खान एयरबेस, पाकिस्तानी एयरफोर्स का सबसे संवेदनशील एयरबेस है और भारत ने यहां डीप स्ट्राइक की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम भारतीय हथियारों को बिल्कुल भी इंटरसेप्ट नहीं कर पा रहे थे, जिससे भारतीय हमलों को रोकने के लिए पाकिस्तान के पास कुछ नहीं था, जबकि पाकिस्तान के मिसाइल भारत को नुकसान नहीं पहुंचा रहे थे, जिससे पाकिस्तान के हाथ पांव फूल गए थे और वो किसी तरह युद्ध से बाहर निकलना चाहता था।

## विनाश का कारण बन सकता था भारत और पाकिस्तान का युद्ध



- **अमेरिकी राष्ट्रपति का पोस्ट, आपकी विरासत आपके बहादुर कार्यों से बहुत बढ़ गई, मुझे आप पर गर्व है...**

**नई दिल्ली।** भारत-पाक में शनिवार शाम हुए सीजफायर को लेकर ट्रंप ने एक बार फिर एक पोस्ट किया है, इस पोस्ट में ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान को इस सीजफायर की बधाई दी है। उन्होंने कहा,मुझे भारत-पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान आक्रमण को रोकने का समय आ गया है, जो इतने सारे लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे! ट्रंप ने कहा, आपकी विरासत आपके बहादुर कार्यों से बहुत बढ़ गई है। मुझे गर्व है कि अमेरिका आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचने में मदद करने में सक्षम था, जबकि चर्चा भी नहीं हुई, मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं, इसके अतिरिक्त मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या १००० साल के बाद कश्मीर के संबंध में समाधान निकाला जा सकता है। भगवान भारत-पाक के नेतृत्व को अच्छी तरह किए गए काम के लिए आशीर्वाद दें! बता दें कि भारत-पाक संघर्ष विराम को राजी हो गए हैं, इसकी जानकारी सबसे पहले ट्रंप ने ही दी थी। उन्होंने पोस्ट कर बताया था। हालांकि,भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सैन्य कार्रवाई को रोकने पर बनी सहमति की जानकारी दी थी। ट्रंप के दावे के बाद आईबी विभाग ने बताया था कि भारत -पाक संघर्ष विराम के फैसले में तीसरे देश का कोई रोल नहीं है।

## सीने पर प्रहार, सरगोधा एयरबेस पर हमले से घुटनों पर आया पाक

**इस्लामाबाद।** भारत के खिलाफ नाकाम ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में भारत ने पाक के हवाई ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इन हमलों से पाक इतना डरा गया कि वह बिना शर्त भारत से बातचीत को तैयार हो गया। इसी बातचीत ने भारत-पाक में सीजफायर की पटकथा तैयार की, जिसका ऐलान एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया। भारत के हवाई हमलों में सबसे अहम पाकिस्तान के सरगोधा एयरफील्ड और किराना हिल्स पर हमला था। सरगोधा एयरबेस में बिना किसी अवरोध के भारत के हमलों ने पाक को दिखा दिया कि हमारी ताकत कितनी है। इस हमले ने न सिर्फ सरगोधा एयरबेस को तबाह किया, बल्कि किराना हिल्स को भी तगड़ा




नुकसान पहुंचाया। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस के अनुसार, किराना हिल्स पर भारत ने बंकर बस्टर बम से दो हमले किए। यह हमला इतना तेज और सटीक था कि यहां तैनात पाक एयर डिफेंस सिस्टम को जवाब देने का मौका तक नहीं मिला। वो भी तब जब यहां पर अघोषित रूप से पाकिस्तान ने अपने परमाणु हथियारों को छिपाया हुआ है।

### 'हिल्स' को किले में बदला

2017 में रिपोर्ट में सैन्य जानकारों ने सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर बताया था कि पंजाब प्रांत के किराना हिल्स में पाक की भूमिगत सुविधाएं अच्छी तरह सुरक्षित हैं। इसका इस्तेमाल 1980 के दशक में परमाणु परीक्षण के लिए किया गया था। पाक ने परमाणु हथियारों को स्टोर करने कई सुरंगे बनाई हैं। पाकिस्तान ने इसे किले में तब्दील कर दिया है। ऐसी भूमिगत सुविधाओं को दुनिया की नजर से बचाना, लोगों तक पहुंच को नियंत्रित करना और घुसपैठ का पता लगाना। उसका दावा है कि इस फैसिलिटी पर दुश्मन के बंकर बस्टर बम का भी असर नहीं होगा।

### 'किराना हिल्स' महत्वपूर्ण

किराना हिल्स में भूमिगत सुविधा सरगोधा एयरबेस से 8 किमी दक्षिण-पूर्व में है। यह 39 किमी की परिधि के साथ 67.59 वर्ग किमी में फैली है। किसी सुरक्षा उल्लंघन से बचने पूरा क्षेत्र सरकार ने अधिग्रहित किया है। यह फैसिलिटी दुनिया की नजर में तब आई थी,जब अमेरिकी उपग्रहों ने 1983 और 1990 के बीच पाक के परमाणु परीक्षण की तैयारियों का पता लगाया था। 1990 में यूएस की कड़ी आपत्तियों के बाद परीक्षण रद्द कर दिए गए थे। हालांकि, यह फैसिलिटी महत्व बनाए रखती है, माना जाता है कि चीन द्वारा आपूर्ति की गई एम-11 मिसाइलें यहां रखी गई हैं।

#### तब अमेरिका करता था हथियार सप्लाई अब

## चीन के दम पर उछल रहा पाक 80% हथियार देता है ड्रैगन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-पाक के बीच मौजूदा हालात ने कई खुलासे किए हैं। 2010 तक अमेरिका पाकिस्तान में सबसे ज्यादा हथियार सप्लाई करता था, लेकिन पाकिस्तान के अफगान तालिबान हक्कानी नेटवर्क को समर्थन देने और आतंकियों को पनाह देने से नाराज अमेरिका ने 2016 तक हथियारों की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी। इस बीच चीन ने यह कमी पूरी की और अब वह पाक को 80 फीसदी से ज्यादा हथियार सप्लाई करता है। यही वजह है कि 2014 से 2024 तक पाकिस्तान ने चीन से 9 अरब डॉलर के हथियार खरीदे।

### पाकिस्तान की वायु सेना

चीन ने 2014 से 2024 तक पाकिस्तान की वायु सेना को भी मजबूत किया। पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद, पाकिस्तान ने आधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन और रक्षा प्रणालियां हासिल कीं।

- **जेएफ-17 थंडरः** पाकिस्तान और चीन ने मिलकर बनाया। ब्लॉक 3 में उन्नत रडार और लंबी दूरी की मिसाइलें हैं। 2022 में शामिल हुआ। यह दोनों देशों के गहरे सहयोग का प्रतीक है।
- **जे-10सी फायरबर्ड :** 4.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान, भारत के राफेल का मुकाबला कर सकता है। 25 विमान का 100-150 करोड़ डॉलर में 2021 में सौदा हुआ और 2022 में मिला। यह विमान पाकिस्तान को केवल चीन से ही मिल सकता था।
- **लंबी दूरी की हवाई रक्षा (एचक्यू-9):** बड़े शहरों और महत्वपूर्ण ठिकानों की रक्षा के लिए मिसाइल प्रणाली। 2021-2022 में शामिल हुई। यह पाकिस्तान की हवाई रक्षा को मजबूत करता है।
- **ड्रोन (यूसीएवी) :** सीएच-4 और विंग लूंग 2 ड्रोन, जो जासूसी और हमले के लिए हैं। 15 सीएच-4, ड्रोन और 48 विंग लूंग 2 का 2021 में सौदा हुआ। यह चीन के उन्नत तकनीकी प्रभाव को दर्शाता है।
- **कराकोरम ईगल (जेडडीके-03) :** हवाई निगरानी और युद्ध प्रबंधन प्रणाली। 4 यूनिट का सौदा 2008 में 27.8 करोड़ डॉलर में हुआ और 2015 में शामिल हुई। इसने चीन की जटिल हथियार प्रणालियों की विश्वसनीयता को स्थापित किया।

### पाक की नौसेना

चीन ने पाकिस्तान की नौसेना को भी मजबूत किया, जो भारत की तुलना में कमजोर थी। नए जहाज, पनडुब्बियों ने पाक को अरब सागर, चीन-पाक गलियारे की सुरक्षा में मदद की।

- **हंगोर-क्लास पनडुब्बीः** उन्नत पनडुब्बियां, जो लंबे समय तक पानी के नीचे रह सकती हैं। 8 पनडुब्बियों का सौदा 400-500 करोड़ डॉलर में 2016 में हुआ। 2023-2028 में मिलीं। यह हिंद महासागर में चीन के प्रभाव को बढ़ाता है।
- **तुगरिल-क्लास फ्रिगेट :** उन्नत युद्धपोत, जिनमें मिसाइलें और सेंसर हैं। 4 युद्धपोत का सौदा 2017-2018 में हुआ और 2021-2023 में शामिल हुईं। कोविड के दौरान भी समय पर डिलीवरी ने चीन की विश्वसनीयता दिखाई।
- **अजमत-क्लास मिसाइल बोट :** तटीय इलाकों में हमले के लिए तेज नावें। 4 नावों का 20 करोड़ डॉलर में 2012-2022 में सौदा हुआ। इसने पाकिस्तान को स्थानीय जहाज निर्माण में मदद की। चीन के हथियारों ने पाकिस्तान की सेना को आधुनिक और मजबूत बनाया है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य और रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है।

### पाक की थल सेना

चीन के हथियारों ने पाक की थलसेना को आधुनिक बनाया है। बजट कमी, पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद चीन ने एडवांस हथियार दिए, जैसे टैंक, तोपें व हवाई रक्षा प्रणालियां।(**चाइनीज वैपन**)

- **वीटी-4 टैंक (हैदर):** 3 पीढ़ी का मुख्य युद्धक टैंक, जो भारत के टी-90, अर्जुन टैंकों का मुकाबला कर सकता है। 176 युद्धक टैंक का सौदा 85.9 करोड़ डॉलर में 2018 में हुआ और 2020 में में बेड़े में शामिल। यह टैंक चीन-पाक के गहरे सैन्य सहयोग को दर्शाता है,इससे पाक अल-खालिद टैंकों को भी अपग्रेड कर रहा है।
- **एसएच-15 तोपः** ट्रक पर लगी 155 मिमी की तोप, जो 50 किमी तक मार कर सकती है। 236 तोप का 50 करोड़ डॉलर में 2019 में सौदा हुआ और 2022 में मिलीं। यह भारत की के-9 वज्र तोपों का जवाब है।
- **एलवाई-80 एयर डिफेंस सिस्टमः** मध्यम दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम, जो 40 किमी तक विमानों और मिसाइलों को रोक सकती है। 9 सिस्टम का 59.9 करोड़ डॉलर में 2013-2015 में सौदा हुआ और 2017 में मिला। यह सिस्टम भारत की हवाई रक्षा तकनीक से अंतर को कम करती है।

#### ट्रंप के भारत-पाक के बीच कश्मीर पर मध्यस्थता के दावे पर भड़का विपक्ष

## 'ट्रंप को कोई तो कश्मीर का इतिहास पढ़ाओ'

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कश्मीर पर मध्यस्थता के प्रस्ताव का विपक्षी दलों ने विरोध किया है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने ट्रंप को 'जनरल नॉलेज' सुधारने की सलाह दी। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, कोई शख्स ट्रंप को बताए कि कश्मीर मसला बाइबिल में वर्णित कोई 1000 साल पुराना नहीं है, बल्कि यह 22 अक्टूबर, 1947 को शुरू हुआ था, जब पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर पर हमला किया था। झा ने कहा, ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के बारे में ठीक से पता नहीं है।



### मनमोहन होते तो विशेष सत्र जरूर बुलातेः सिब्बल

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। उधर, कांग्रेस राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने ट्रंप के ट्वीट पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, इस पोस्ट के बाद 'कई सवाल'उठाए जाएंगे और इसके बारे में विपक्ष को कैसे 'गलत जानकारी' दी गई। सिब्बल ने कहा, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह होते,तो वे सर्वदलीय बैठक और विशेष संसद सत्र बुलाते। सिब्बल ने कहा, 'मैं मेरी सभी दलों से अपील है कि वे तब तक बैठक में शामिल न हों, जब तक सरकार उन्हें आश्वासन नहीं देती कि पीएम भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

### थरूर का अंदाज... उसके वादे पे यकीन कैसे करूं



इसी बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी सीजफायर को लेकर कहा कि शांति जरूरी है। मैं सीजफायर से बहुत खुश हूं। भारत कभी भी लंबे समय तक युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन भारत आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहता था। मेरा मानना है कि सबक सिखाया जा चुका है। थरूर ने पाक की तरफ से हुए सीजफायर के उल्लंघन पर एक्स पर लिखा कि उसकी फितरत है मुकर जाने की, उसके वादे पे यकीन कैसे करूं?

## सलमान ने दोनों 'मां' पर लुटाया प्यार



**मुंबई।** 11 मई को पूरे देश में लोग अपनी 'मां' पर प्यार लुटा रहे हैं। रविवार को मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। इस खास मौके पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने भी अपनी दोनों 'मां' सलमा खान और सौतेली मां हेलेन पर प्यार बरसाया है। इसी के साथ उन्होंने अपने पिता सलीम खान का दिल से आभार जताया है। सलमान ने मां सलमा और मां हेलेन पर प्यार बरसाते हुए उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाएं कहा। साथ ही हैप्पी मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं। भाईजान ने दोनों मां के साथ एक थ्रोबैक फोटो शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'दुनिया की सबसे अच्छी मां के लिए शुक्रिया डैड। मेरी दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं के लिए। हैप्पी मदर्स डे।' सलमान का ये पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गया है। कुछ घंटों में ही पोस्ट को लाखों लोगों ने लाइक किया है। उनके पोस्ट पर शमिता शेट्टी सहित कई सेलेब्स ने कॉमेंट्स किया है। फैंस ने भी खूब प्यार लुटाया है।

### सलीम खान ने की हैं दो शादियां

सलीम खान ने 1960 में सलमा खान से शादी की। उनके चार बच्चे हैं, सलमान खान, अरबाज खान, सोहेल खान और अलवीरा खान अग्निहोत्री। उन्होंने 1981 में हेलेन से दूसरी शादी की। कुछ साल बाद उन्होंने अर्पिता खान को गोद लिया। सलमान अपनी दोनों मां के करीब हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करते हैं।

## रूस-यूक्रेन जंग, पुतिन का जेलेंस्की को 'ऑफर'

### पहली बार पुतिन का खुलेआम वार्ता का प्रस्ताव

**मॉस्को, जेएनएन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 मई से इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ सीधी वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव यूक्रेन और रूस के बीच 39 महीने से चल रहे युद्ध के बीच आया है। पुतिन ने कहा है कि रूस बिना किसी शर्त के वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने कुछ शर्तें भी रखी हैं। पुतिन ने शनिवार को एक संबोधन में कहा, रूस गंभीर बातचीत चाहता है ताकि यूक्रेन के साथ संघर्ष के मूल कारणों को दूर करते हुए एक स्थायी शांति की ओर बढ़ा जा सके। उन्होंने कहा कि यह वार्ता बिना किसी शर्त के शुरू होनी चाहिए। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा, वह रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से इस बैठक की रूपरेखा पर चर्चा करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने पुतिन के प्रस्ताव को सकारात्मक बताया है, लेकिन उन्होंने कहा, युद्धविराम सोमवार से शुरू होना चाहिए। उन्होंने यूरोपीय नेताओं के 30 दिनों के युद्धविराम के प्रस्ताव का समर्थन किया है।

पुतिन ने कहा कि रूस ने पहले भी 2022 में इस्तांबुल में शांति वार्ता की पेशकश की थी, लेकिन यूक्रेन ने उसे नकार दिया था। उन्होंने पश्चिमी देशों पर यूक्रेन को वार्ता से दूर करने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा कि रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा करना चाहता है और स्थायी शांति चाहता है।

### इजराइली हवाई हमलों में 23 लोगों की मौत

इजराइली हवाई हमलों में शनिवार (10 मई) की रात को गाजा में 23 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले शुक्रवार देर रात एक अन्य हमले में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के गोदाम को निशाना बनाया गया, जो जबालिया इलाके में स्थित था। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई। लोगों के मुताबिक गोदाम पर पहले भी कई बार छापेमारी और बमबारी का हो चुकी है।

### अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ पर बनी सहमति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-चीन के बीच टैरिफ विवाद पर जेनेवा में 10 घंटे चली अहम बातचीत के अब फिर से बात होगी। ट्रंप ने इस बातचीत को सफल बताया। शनिवार को बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चीन के साथ आज की बैठक बहुत अच्छी रही। कई मुद्दों पर बातचीत हुई और कई बातों पर सहमति बनी। हालांकि, इस मीटिंग के दौरान किन मुद्दों पर बातचीत हुई और किन पर सहमति बनी, इसके बारे में खुलकर कुछ नहीं बताया गया है।

#### नौरादेही टाइगर रिजर्व में चारों शावक स्वस्थ, सुरक्षा के लिए निगरानी बढ़ाई

## बाघिन एन 112 ने दिया चार शावकों को जन्म



**जागरण सागर।** मध्यप्रदेश के सबसे बडे टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व से बड़ी खुशखबरी मिल रही है। यहां एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार शावक 15 से 20 दिन के प्रतीत हो रहे हैं और चारों स्वस्थ नजर आ रहे हैं। शावकों की सुरक्षा के लिहाज से निगरानी बढा दी गयी है। इन चार नए शावकों के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 23 पहुंच गयी है। खास बात ये है कि मदर आफनौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा अब नानी बन गयी है। बाघिन राधा की पहली संतान ने दोबारा 4 बच्चों को जन्म दिया है।

### दोबारा दिया चार बच्चों को जन्म

मदर आफ नौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा की पहली संतान बाघिन एन 112 ने चार शावकों को जन्म दिया है। जिनका फोटोग्राफ नौरादेही टाइगर रिजर्व की सर्च टीम ने खींचा है। चारों शावक फिलहाल 15-20 दिन के नजर आ रहे हैं और स्वस्थ बताए जा रहे हैं। नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से आसपास निगरानी बढ़ा दी है। फिलहाल जहां बाघिन एन112 अपने शावकों के साथ नजर आ रही है।

#### पोप ने भारत-पाक संघर्ष विराम का किया स्वागत, भीड़ ने लहराए तिरंगे

## पोप बोले-`अब और युद्ध नहीं'



**वेटिकन सिटी, जेएनएन।** पोप के रूप में अपने पहले रविवार के संबोधन में पोप लियो XIV ने वैश्विक संघर्ष को समाप्त करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विश्व नेताओं से युद्ध के बजाय शांति को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने खासतौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष और गाजा, यूक्रेन युद्ध का नाम लिया। जब पोप ने भारत-पाकिस्तान का नाम लिया, तब भीड़ में तिरंगा लहराया गया। पोप फ्रांसिस के निधन के बाद लियो को नया पोप चुना गया। वह पहले अमेरिकी हैं, जिन्हें पोप बनाया गया है। सेंट पीटर बेसिलिका की केंद्रीय बालकनी से वेटिकन सिटी में एकत्रित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित पोप ने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध की बड़ी त्रासदी 80 साल पहले समाप्त हो गई...। अब हम टुकड़ों में तीसरे विश्व युद्ध की त्रासदी का सामना कर रहे हैं। मैं दुनिया के शक्तिशाली लोगों को संबोधित करना चाहता हूं और इस हमेशा प्रासंगिक अपील को दोहराना चाहता हूंः 'अब और युद्ध नहीं।'

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर क्या बोले

पोप लियो ने गाजा में युद्ध विराम, यूक्रेन में स्थायी शांति का आह्वान किया और शत्रुता को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए समझौते का स्वागत किया। उन्होंने कहा, गाजा में हुई हिंसा से वे 'बहुत आहत' हैं, उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच 'स्थायी समझौते' की आशा व्यक्त की और यूक्रेन में 'वास्तविक, सच्ची और स्थायी शांति' के लिए प्रार्थना की।

## कमीशन पर लेकर गिरवी रख दीं पांच कार, परिचित फरार

**जागरण, इंदौर।** किराए पर कार देने वाले एक डीलर को परिचित ने ही चपत लगा दी। रोज शाम को कमीशन देने का वायदा कर डीलर से 5 कार लेकर परिचित ने सभी कार गिरवी रख दीं। फिर कारों का किराया देना भी बंद कर दिया। अब परिवार सहित फरार हो गया है। डीलर की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। अमानत में खयानत का यह मामला इंदौर की भंवरकुआ थाना इलाके का है। क्षेत्र में रहने वाले कार डीलर मोनेस जयसवाल ने शिकायत में बताया कि वह रेंट पर कार देने का काम करते हैं। उनकी बडीज कार के नाम से दुकान है। पिछले दिनों धार के धरमपुरी स्थित मोती कॉलोनी निवासी में रहने वाले परिचित निखिल भावसार किराये पर कार लेने की बात की। उसने कहाकि वह उसे कमीशन हर रोज पहुंचा दिया करेगा। करीब 2 माह पहले मोनेस ने अपनी 5 कारें उसे दे दी। इसका रेंट कुछ समय तक तो हर दिन आ जाता था लेकिन कुछ दिन बाद रेट देना बंद हो गया। मोनेस ने 4 मई को कॉल किया तो निखिल ने कहा कि सारी कार वापस कर देगा। इसके बाद 5 मई को उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। मोनेस ने बताया कि दिनभर फोन लगाने के बाद उसके घर मोनेस पहुंचा तो पता चला कि वह घर खाली करके चला गया। जानकारी निकाली तो पता चला कि उसने कारे किसी रोहित परिहार और विजय नाम के लड़के के पास गिरवी रख दी हैं।

### नौरादेही में अब बाघों की संख्या हुई 23

नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी का कहना है कि कुछ दिन पहले हमारे गश्ती दल को कुछ शावक नजर आए थे। पहले तो हम लोगों को विश्वास नहीं हुआ लेकिन गश्ती दल से अच्छे से जानकारी लेने पर हमने एक रेंजर के नेतृत्व में एक सर्च की टीम को गठित किया। हमारी सर्च टीम हाथियों के साथ रवाना हुआ और तलाशी अभियान में बाघिन एन 112 अपने चार शावकों के साथ नजर आई। हमारी सर्च टीम ने ही बाघिन एन 112 का अपने शावकों के साथ फोटोग्राफ लिया है। ये शावक 15.20 दिन के नजर आ रहे हैं। इसके पहले एन112 ने जो चार शावकों को जन्म दिया था। जो करीब 22 महीने तक एन112 के साथ ही रहे। जैसे ही पहली बार जन्मे बच्चे अलग हुए तो बाघिन एन112 ने एक बार फिर चार शावकों को जन्म दिया है। बाघों की कुल संख्या के बारे में डिप्टी डायरेक्टर अंसारी का कहना है कि शावकों को हम गणना में शामिल नहीं करते हैं। लेकिन अगर देखा जाए तो अब बाघों की संख्या नौरादेही में 23 हो गयी है।

# कलेक्टर ने मझगांय बांध निर्माण के संबंध में बालूपुर के ग्रामवासियों से की चर्चा





**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने अजयगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन मझगांय बांध के अवरोध को दूर कराने के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सोमवार को ग्राम बालूपुर में चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों से संवाद किया और समस्याएं सुनकर वर्षाकाल के पूर्व लगभग 400 मीटर में प्रभावित कार्य को पूर्ण करने के दृष्टिगत प्रभावित परिवारों से विस्थापित स्थल पर तत्काल शिफ्ट होने का आग्रह किया। जिला कलेक्टर ने विस्थापन स्थल पर बेहतर पहुंच मार्ग के लिए भी भरोसा दिया। उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा के दौरान कहा कि नियम मुताबिक प्रभावित परिवारों को उनके विकल्प अनुसार मुआवजा एवं पुनर्वास पैकेज की राशि प्रदान की गई है। इस वर्ष की बरसात में बांध में जल भराव का लक्ष्य है। इसलिए समय पूर्व शिफ्टिंग संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर लें। इस दौरान एसडीएम अजयगढ़ एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को अविलंब प्रभावित हितग्राहियों की समस्याओं के निराकरण सहित विशेष पैकेज के शेष मुआवजा वितरण व विशेष मांग का परीक्षण कर यथासंभव सहायता के निर्देश भी दिए।

उल्लेखनीय है कि गत माह जल निगम के प्रबंध संचालक के.व्ही.एस. चौधरी कोलसानी द्वारा भी जल जीवन मिशन की समूह नल जल परियोजना के कार्यों के निरीक्षण के दौरान बालूपुर गांव में विस्थापन कार्य में सहयोग तथा निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। मझगांय बांध से पन्ना जिले की दो समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से तीन विकासखण्ड में पेयजल प्रदान किया जाएगा। इससे छतरपुर जिले को भी लाभ मिल सकेगा। मझगांय बांध के नहर कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा अपस्ट्रीम में स्थित बांध के फीडर कैनाल एवं स्लूज रेगुलेटर का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आलोक मार्को, कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा, महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा भी मौजूद रहे।

# कृषक पुष्पेन्द्र एवं प्रकाश की आय हुई दोगुनी

**पन्ना।** पन्ना जिले के ग्राम मनौर के किसान पुष्पेन्द्र कुशवाहा एवं प्रकाश मजूमदार ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजना और एकीकृत बागवानी मिशन का लाभ लेकर अपनी आय दोगुनी की है। इन किसानों ने परंपरागत खेती के स्थान पर आधुनिक तकनीक से सब्जी एवं फल उत्पादन प्रारंभ किया और आर्थिक रूप से सशक्त बने। साथ ही अन्य कृषकों के लिए भी सफलता की राह प्रशस्त की है। दोनों कृषक विभिन्न कृषि यंत्रों की सहायता से खेत की जुताई एवं बुवाई करते हैं। इसके अलावा फसल में कीट व्याधि से बचाव के लिए फेरोमेन ट्रैप एवं येलो ट्रैप जैसे उपाय भी किए हैं। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों से निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त कर समय समय पर कम पानी में बेहतर फसल उत्पादन के लिए जरूरी उपाय भी करते हैं।





# सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं: मुख्य सचिव

**पन्ना ।** देश की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जिलों में सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। सिविल डिफेंस कार्यक्रम व्यवस्थित करें तथा सजगता और सतर्कता बरतें। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां दुरूस्त रखते हुए वल्नरेबल क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजनानुसार व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सायरन की व्यवस्था हो ताकि आपात स्थिति में सायरन सभी को सुनाई दे। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की संभागीय समीक्षा प्रति दिवस की जाएगी। मुख्य सचिव ने सिविल डिफेंस अधिनियम के तहत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों के नामांकन भर्ती के निर्देश देते हुए कहा कि उनका प्रारंभिक प्रशिक्षण कराएं ताकि आपदा प्रबंधन के समय इनकी उपयोगिता व भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 स्वयंसेवकों व प्रत्येक नगरीय निकाय वार्डों से 2 से 5 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाए जाएं। इनमें भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, एनएसएस के सदस्य व निजी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को प्राथमिकता दी जाए। गत रविवार को हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र में कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं जिला सेनानी होमगार्ड उपस्थित रहे।




# राजस्व, पुलिस नगर परिषद की टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर निर्माण को किया जमींदोज





**जागरण, पवई।** जिले के पवई में मोहन्द्रा रोड पर पतने नदी पर नवनिर्मित पुल के परिचालन में कुछ लोगों के द्वारा अधिग्रहित जमीन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद भी खाली न करने की वजह से उस पर यातायात प्रारंभ नहीं हो पा रहा थाएजिसको लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम समीक्षा जैनए तहसीलदार प्रीति पंथी की अगुवाई में राजस्वएनगर परिषद एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पुल के रास्ते में आने वाली अधिग्रहित जमीन पर बने मकान को हटाने के लिए जेसीबी ;बुलडोजरद्ध के साथ पहुंचे और बुलडोजर मशीन की सहायता से मकान को जमीदोज किया गया। नत्थू कोरी पिता फुलैया कोरी को तहसीलदार के द्वारा अतिक्रमण न हटाने पर 9 मई को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था जिस पर उक्त व्यक्ति के द्वारा कल दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया जिसको लेकर आज संयुक्त टीम के द्वारा अतिक्रमण को हटाते हुए अधिग्रहित जमीन में बने कच्ची मिट्टी और घास फूस के मकान को बुलडोजर मशीन की सहायता से जमींदोज कर दिया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री अमानगंज सहित राजस्वए नगर परिषदए और पुलिस बल मौजूद रहा।

# जमीन खरीदने को लेकर जमकर हुई मारपीट एक महिला सहित दो पुरुष हुए घायल

**टीकमगढ़ ।** जिले के मोहनगढ़ थाना अंतर्गत आने बाले ग्राम शिवराजपुर में आज दो पक्षों के बीच जमकर विबाद हों गया। जिसमे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पत्थर बरसा कर जमकर मारपीट कर दीए जिसमे एक महिला और दो पुरुष गंभीर घायल हुए है। घायल महिला प्रभा यादव ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7रू30 बजे के लगभग मेरी सास मलीदा यादव उम्र 65 साल घर पर भूसा भर रही थी तभी गांव शेर सिंह यादवए नीलू यादव और अंकित यादव आये और जमीन खरीदने को लेकर गाली.गलौज करने लगेए जब गाली.गलौज करने से मना किया तो वृद्ध महिला से मारपीट कर दीए जिसकी पीड़िता ने मोहनगढ़ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराईए इसी बात से नाराज होकर दबंगो ने जब पीड़ित थाने से लौटकर घर पहुंचे तो पीड़िता की बहू प्रभा यादवए पति विजय यादव और मंगल यादव के साथ पत्थर बरसाकर और लाठी.डंडो से जमकर मारपीट कर दीए जिसके बाद पीड़िता फिर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई हैए जिस पर मोहनगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी शेर सिंह यादवए अंकित यादव और नीलू यादव पर भारतीय न्याय सहिंता ;बीएनएसद्ध की धारा 296ए 115;2द्धए 351 ;3द्धए 333ए 3;5द्ध के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी हैए और घायलों को जिला अस्पताल ले जाकर एमएलसी कराई गई है । वही घायलों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर भर्ती किया गया है ।

# पक्षियों को दाना पानी के लिए सकोरे रखने कर रहे जागरूक



**जागरण, पन्नाः।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक गर्मियों में पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था के लिए सकोरे टांगने का काम कर रहे हैं। इसके लिए अन्य लोगों को भी जागरूक और प्रेरित कर रहे हैं। नारायणपुरा गांव की महिलाएं प्रतिदिन सकोरे भरने का कार्य करती हैं। विद्यार्थियों के सहयोग से पक्षियों के लिए घोसले भी तैयार कराए गए हैं। साथ ही बच्चों के घर भी सकोरे रखवाए गए। शिक्षक ने बताया कि पक्षियों को दाना पानी अभियान नाम से ग्रुप भी बनाया है। इससे आमजन भी सकोरा अभियान से जुड़कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अब तक कई स्कूल, गांव, अस्पताल, शासकीय कार्यालय और बगीचों के पेड़ पर सकोरे स्थापित कर पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की व्यवस्था बनाई गई है। सतानंद पाठक गांव की एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला से सकोरे क्रय पर प्रति वर्ष 300 से 400 सकोरे टांगने की व्यवस्था करते हैं। गत आठ वर्ष से हर साल गर्मी के मौसम में संचालित इस अभियान में आमजनों से भी जुड़ने का आग्रह किया गया है।

# नारी ले जिम्मेवारी तो बदले दुनिया सारी : बहन जी



**जागरण, पन्ना।** मातृ दिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना में स्वस्थ एवं सुखी परिवार में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गयाए बहन जी ने सभी महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर की अद्वितीय रचना जैसे मूर्ति मंदिर की शोभा हैए ठीक इसी प्रकार घर व सृष्टि की शोभा नारी है जो त्यागए तपस्याएसमर्पण भावए अतुलनीय सहनशीलता की प्रति मूरत सर्वस्व बलिदान करने वाली मातृशक्ति की गौरव गाथा स्वयं परमात्मा शिव ने अपने साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा स्मृति दिलाकर भारत की नारी को पुनः जागृत किया हैए जो हम सभी विश्व की एकमात्र विशाल संस्था ब्रह्माकुमारी में देखते हैं आदिकाल में जब महिला आध्यात्मिक शक्ति से संपन्न थी तब उसकी पूजा होती थी नारी की दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती आदि अनेक रूपों में पूजा आराधना करते हैं किंतु आज की नारी आध्यात्म से दूर होने के फल स्वरुप पूज्यनीय नहीं रही आज कहने को हमारा देश काफी विकसित हो गया है पर आज भी कई महिलाओं को अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है भौतिक दृष्टि से नारी ने बहुत तरक्की की है किंतु आध्यात्मिकता से वह दूर हो गईए नारी और संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं परंतु अध्यात्म से दूर जाने के कारण महिलाएं अपनी संस्कृति से भी दूर होती जा रही हैं वर्तमान समय महिलाओं में आध्यात्मिक जागृति की बहुत आवश्यकता है इसी जागृति को लाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था प्रयासरत है आगे आपने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि भारत में नारियों का काफी सम्मान है दुर्गा काली सरस्वती आदि देवियों के रूप में इनकी पूजा होती है हर घर में अगर महिलाएं आध्यात्मिक मूल्य सहनशीलता त्याग परिश्रम मधुरता पवित्रता नम्रता आदि जैसे दिव्या गुणों को धारण करके देवत्व का भाव लाये तो पूज्यनीय बन सकती हैं और भारत एक बार फिर से रामराज्य बन सकता है नारियां मूल्यों को सहज ही अपना सकती हैं इससे समाज सुखी और स्वस्थ बनेगा

आगे आपने कहा कि बच्चों को भौतिक सुख सुविधा देने के साथ.साथ संस्कारी बनाएं लड़कियों के साथ.साथ लड़कों को भी ऐसी शिक्षा दें कि वह हर नारी का सम्मान करें हर नारी में बहन एवं माँ का रूप देखें अपनी जीवन में शैली में परिवर्तन करके सात्विक जीवन अपनाकर परिवार के वातावरण को बदल सकती हैं महिलाएं जब यहां से हम सभी जुड़ते हैं तो कैसा भी डिप्रेशन हो कैसी भी समस्या परेशानियां हो व्यक्ति में परिवर्तन अवश्य आता है यह उद्बोधन थे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान कार्यक्रम में श्रीमती वंदना चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकए श्रीमती मीना विष्णु पांण्डेय नगर पालिका अध्यक्षए निशा जैनएश्रीमती मंजू जैनएजय श्री वर्मा लायंस क्लब अध्यक्ष पूनम यादवएशशि परमार शकुंतला बहन प्रभा पटैरिया वर्षा बुंदेला एवं अन्य गणमान्य महिलाएं उपस्थित रही सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

# जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

## बगैर अनुमति के धरना, प्रदर्शन व रैली आयोजन पर होगी कार्रवाई' होटल एवं धर्मशाला की पुलिस थाना में देना होगी जानकारी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने पर भी रोक

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा लोकहित में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। अब धरनाए प्रदर्शनए आंदोलनए रैलीए सभाए पुतला दहनए पद यात्राए रथ यात्रा इत्यादि के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अनुमति उपरांत आयोजनकर्ता और रैली व धरना में भाषण देने वाले व्यक्ति किसी भी प्रकार से आम जनता को भड़काने या हिंसा फैलाने वाली बातें अथवा भड़काउ शब्दों एवं भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे। लोगों को शस्त्र देनेए बांटने या शासन के खिलाफ विद्रोह करने वाली भाषा का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही अनुमति पत्र में दी गई सभी शर्तों का पालन करना एवं करवाना भी बाध्यकारी होगा। किसी समुदायए संगठनए राजनैतिक दलए समितिए प्रतिनिधि मंडल के आयोजन के दौरान किसी सार्वजनिक स्थलए शासकीय परिसरए शासकीय कार्यालयए भवन अथवा किसी भी सरकारीए सार्वजनिकए निजी संपत्ति को कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार से क्षति पहुंचाने पर कार्यक्रम आयोजक के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही होगी। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि गत 7 मई को भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाही से उद्भूत परिस्थिति एवं असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी होने के कारण जिले के सभी होटलए लॉजए धर्मशाला तथा छात्रावास प्रबंधक एवं स्वामी तत्काल संबंधित थाना में अपने संस्थान की जानकारी देंगे। यहां ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी थाना प्रभारी को दी जाएगी। मकान स्वामी अपने किराएदार के बारे में भी संपूर्ण जानकारी संबंधित थाना में देंगे। इसके अतिरिक्त संपूर्ण पन्ना जिले में सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्ति सामाजिक एवं व्यक्तिगत रूप से आपत्तिजनक व अश्लील संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा। महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग या समुदाय अथवा जाति विशेष के विरूद्ध भी प्रतिकूल टिप्पणी करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही किसी भी प्रकार के आपत्तिजनकए द्वेषपूर्ण या धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले संदेश एवं चित्रए ऑडियोए वीडियो प्रसारित करना तथा आतंकवादए जातिवादए साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले चित्रए ऑडियोए वीडियोए कमेंट्स इत्यादि पर भी रोक रहेगी। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

# नगर की पहचान बने सड़क के गड्ढे बड़ी दुर्घटना को दे रहे दावत, जिम्मेदार नींद में




**जागरण, टीकमगढ़ ।** जिले में जिम्मेदार इन दिनों खुली आंखों के साथ साथ नींद में इन्हें नगर के लोगो की कोई भी चिंता नहीं है जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से बचने में महारथ हासिल किए हुए है और नगर की सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं कई बार शिकायत होने के बाद भी इन सड़कों के हालात जस के तस बने हुए हैं या यूं कहें कि संबंधित विभाग इस और ध्यान देना ही नहीं चाहता हैं। अब यह गड्ढे नगर की पहचान को चार चांद लगा रहे है और सुर्खियों में है क्योंकि नगर की खस्ता गड्ढेदार सड़क चींख चीख कर कह रही है आइये टीकमगढ़ नगर के दुर्घटना क्षेत्र में आपका स्वागत है। लेकिन ज़िम्मेदार अधिकारिओ को यह सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे हैं जो की काफी लंबे समय से बने हुए। हम जिस सड़क की बात कर रहे वह मुख्य मार्ग नए बस स्टैंड से लेकर अंबेडकर तक का है जो किसी से छिपा नहीं हैं। वही दूसरा कोतवाली के सामने एक गड्ढा है जो जिम्मेदारों को दिखता है लेकिन इसका पुराओ या समतल नहीं किया जा रहा है। शायद किसी बड़ी घटना का संबंधित विभाग इंतजार कर रहा है। जिसके बाद इन गड्ढों को भरा जाएगा। फिलहाल में दिखावटी तौर पर औपचारिकता कर इन गड्ढों को भरा गया था। लेकिन किसी भी प्रकार का पुख्ता इंतजाम नहीं किया हुआ और अब स्थिति पहले से भी बत्तर हो चुकी हैं।

## बड़े मंत्रियों या नेताओं के आने पर होती है खानापूर्ति

टीकमगढ़ नगर में जैसे जी यह सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को लगती है कि फलाना दिनांक को मंत्री जी दौरे पर है। तब विभाग के संबंधित अधिकारी अपनी सारी ताकत गड्ढों को भरने में झोंक देते है और खानापूर्ति कर अपना बचाव कर लेते है और फिर दौरे के बाद बड़े मंत्रियों की गाड़ियों के रवाना होते ही कुछ दिनों तक यह सड़के फिर गड्ढों में तब्दील होकर नगर की सुंदरता बढ़ा रहे है।

## छोटे हादसे अनदेखे बड़े सड़क हादसों का इंतजार

सड़क पर चलते वक्त अक्सर लोगों को एहतियात बरतनी होती हैण्नहीं तो हादसा होते देर नहीं लगतीण्कई बार देखा गया है कि सड़क पर बने गड्ढों की वजह से बहुत से लोगों ने अपनी जान गंवा देते हैंण्खासतौर पर मानसून के मौसम में बरसात में इस तरह के केस देखने को काफी सामने आते हैंण् सड़कों के गड्ढों से कई नगर में कई छोटी बड़ी घटनाएं घट चुकी है। पूर्व में नए बस स्टैंड से अंबेडकर चौराहे तक की खस्ता सड़क पर भी कई घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें लोगों की जनहानि नहीं हुई लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त जरूर हुए है। लेकिन अब लगता है संबंधित विभाग का इन छोटे हादसों और लोगो की शिकायतों से कोई फर्क नहीं पड़ता है शायद अब जिम्मेदार किसी बड़े इंतजार कर रहे है।

## नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे ने नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पर साधा निशाना

सड़क के संबंध में नेता प्रतिपक्ष ने नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पर निशाना साधते हुए कहा कि नाप अध्यक्ष का घर भी उसी सड़क पर है उन्हें नजर नहीं आता है।लेकिन जिम्मेदारी परिषद के सभी लोगों की है इस सम्बन्ध में उन्होंने परिषद के सभी लोगों के साथ मिलकर सीएमओ से चर्चा की जो सड़क खराब है उसे ठीक किया जाए जिसके बाद प्रस्ताव डालकर टेंडर पास कर दिया टीएस भी हो गया जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। आगे रानू कहा कि कुछ समय पूर्व सड़क पर मरम्मत का कार्य हुआ जिसमें करीब 8 लाख का खर्चा है इतनी गंदी मानसिकता के लोग है इसमें अध्यक्ष दोषी है। जब अभिषेक खरे रानू से पूछा गया कि आप नेता प्रतिपक्ष है आप बताए कि किसने ठेका लिया तो उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ठेकेदार नहीं है कोई भी ठेका नहीं लेता हू। गलत काम है बोल रहा हूं सही होता तो भी बोलता आगे उन्होंने कहा कि जिस ठेकेदार से अध्यक्ष की बात हो जाती है फिर काम होता है हो सकता है उनके क्रेशर से माल आता हो कोई न कोई बात सौदा तय होने के बाद काम होता है। एक माह से भूमिपूजन कुछ वार्डो के भूमिपूजन हो गए कुछ के नहीं हुए लेकिन पूर्व के सीएमओ का सहयोग नहीं मिला नवागत सीएमओ के आने के बाद नगर की समस्याओं का निराकरण उनके सहयोग मिल रहा है।

**टेंडर हो गया जल्द होगा कार्य शुरू :** जब इस मामले में नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नए बस स्टैंड से लेकर अंबेडकर चौराहे तक की सड़क नगर पालिका के अंडर में आती है। इसका टेंडर हो गया है मानसून के पहले पहले सड़क का काम पूर्ण हो जाएगा। कोतवाली के पास का जो गड्ढा है उसका भराव आज करा दिया जाएगा ।

**ओमपाल सिंह भदौरिया**
**नपा सीएमओ**

# अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, पुलिस ने की अंत्येष्टि



**शाहनगर।** थाना शाहनगर क्षेत्र अंतर्गत बोरी चौकी के परासी गांव स्थित पगरा जमुनहाई हार के खेतों में शनिवार को लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव के पास से एक साइकिल और कबाड़ से भरी बोरी भी मिली। बोरी पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास में सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की तस्वीरें वायरल करवाईं और रीठीए रैपुरा तथा कटनी की पुलिस चौकियों को भी सूचना दी गई। शव की शिनाख्त नहीं हो पाने पर पुलिस ने उसे शनिवार रात 11 बजे शाहनगर शव विच्छेदन केंद्र ;मर्चुरीद्ध में सुरक्षित रखवा दिया। रविवार को बोरी पुलिस प्रभारी संतोष मशराम ने मामले की जानकारी शाहनगर के अनुविभागीय अधिकारी श्रुति अग्रवाल को दी। इसके पश्चात शाहनगर बीएमओ डॉण् सर्वेश लोधी द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया। अंततः मर्चुरी केंद्र के पास बने श्मशान घाट में मृतक का अंतिम संस्कार पुलिस निगरानी में संपन्न कराया गया।

# ट्रेन में छूटा बैग खोजकर जीआरपी ने यात्री को सौंपा

**रीवा।** जीआरपी रीवा ने ट्रेन में छूटा यात्री का बैग खोज कर यात्री को सौंप दिया। बैग में मोबाइल, नकदी एवं लाखों रुपये के जेवरात रखे थे। जीआरपी द्वारा उक्त बैग खोजकर जब यात्री को दिया गया तो वह बेहद खुश हुआ। जीआरपी पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक रविवार को यात्री अवधेश कुमार निवासी ग्राम दतौरा बंडा हाल मुकाम सतना अपनी पत्नी वंदना यादव के साथ ट्रेन न बर 01703 से सिकंदराबाद से सतना की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रेल्वे स्टेशन सतना में उतर कर अपने घर चले गये। घर पर जाकर देखा तो एक पिट्ठू बैग नहीं था। उनके द्वारा मोबाइल से थाना रीवा मे बैग छुट जाने के संबंध मे सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद ट्रेन रीवा रेल्वे स्टेशन आने पर थाना प्रभारी आर एस ठक्कर अपने स्टाफ को साथ लेकर ट्रेन चेक किया गया। जिस पर कोच बी/1 में बर्थ न बर 17,18 पर एक पिट्ठू बैग मिला, जिसमें नकदी 30 हजार रुपये, दो मोबाइल फोन तथा सोने चांदी के गहने कुल कीमती पाँच लाख रुपये का सामान रखा था। जीआरपी द्वारा फरियादी अवधेश कुमार को इसकी सूचना दी गई ।

# आपदा या संकट की स्थिति में भी बिजली आपूर्ति नहीं होगी बाधित :अमित भूषण



विद्युत मेंटेनेंस कार्य के चलते 4 घंटे विद्युत आपूर्ति रही बंद

**जागरण, पलेरा।** गर्मी के समय में आंधी.बारिश की स्थितियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता अमित भूषण के द्वारा तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। बताया गया है कि इन तैयारियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आपदा या संकट की स्थिति में बिजली आपूर्ति बाधित न हो और यदि हो भीए तो उसे त्वरित गति से बहाल किया जा सके। इसी के चलते बीते सोमवार को स्थानीय पलेरा नगर की विद्युत आपूर्ति बंद रखते हुए मेंटेनेंस कार्य विद्युत कर्मचारियों के द्वारा किया गया। विद्युत विभाग के कर्मचारी विद्युत उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव के लिए काम कर रहे थे। इस कार्य को पूरा करने के लिए 4 घंटे का समय लगाए जिसके कारण सोमवार की सुबह 6 बजे से 10 तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। विद्युत आपूर्ति बंद रखने की सूचना विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा रविवार के दिन व्हाट्सएप ग्रुप पर भेज दी गई थी।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने ईएसकॉम दक्षिण अफ्रीका के लिए शुरू किया तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम





**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड और दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी पावर यूटिलिटी कंपनी ईएसकॉम के बीच 28 नवम्बर 24 को हुए समझौता ज्ञापन के तहत एनटीपीसी को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें डब्ल्यूएफजीडी तकनीक पर 52 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहली बैच की शुरुआत आज एनटीपीसी विंध्याचल में हुई। कुल चार बैचों में विभाजित यह कार्यक्रम प्रत्येक बैच में 12 सप्ताह की अवधि और 8 प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करना और ज्ञान का आदान.प्रदान सुनिश्चित करना है। इस उद्घाटन समारोह में ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ने जो प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा महाप्रबंधकप्रचालन एवं अनुरक्षण डी के अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन और राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कॉर्पोरेट सेंटर के इंटरनेशनल बिज़नेस डेवलपमेंट ग्रुप से जतिंदर सिंह चंदोक महाप्रबंधक आई बीडी तपस कुमार मजूमदार उपमहाप्रबंधक आईबीडी तथा लाल बिहारी प्रसाद वरिष्ठ प्रबंधक आई बी डी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इनके साथ ईएसकॉम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जतिंदर सिंह चंदोक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यप्रणाली और प्रमुख लक्ष्यों को साझा किया तथा ईएसकॉम के वरिष्ठ अधिकारियों की अपेक्षाओं को भी सामने रखा। उन्होंने इस पहल को ज्ञान साझेदारी और क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह सहयोग न केवल एनटीपीसी की वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका को पुष्ट करता है बल्कि इसे एक भरोसेमंद ज्ञान साझेदार के रूप में भी स्थापित करता है।

# पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत 11 जगह से अवैध शराब जब्त

**जागरण चितरंगी।** चितरंगी पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध अभियान चलाते हुये आज अलग.अलग स्थानों में दबिश देकर 11 आरोपियों के कब्जे से 147.5 लीटर हाथ भट्ठी एवं देशी.विदेशी शराब जप्त करते हुये आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है चितरंगी टीआई सुधेश तिवारी के अनुसार क्षेत्र में अवैध शराब विक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए अलग.अलग पुलिस की टीम गठित की गई जहां मुखबिरों के सूचना के आधार पर हेमंत केवट पिता मीरू केवट निवासी गांगी के कब्जे से 7 लीटर महुआ अजय जायसवाल पिता छोटेलाल जायसवाल निवासी बड़कुड़ 10 लीटर आनंद जायसवाल पिता हिंछलाल जायसवाल निवासी पिपरवान से 5 लीटर अशोक जायसवाल पिता स्व.तेजपति के यहां से 9 लीटर हरिकृष्ण जायसवाल पिता सिद्धनाथ जायसवाल निवासी बड़कुड 10 लीटर किशुनदास जायसवाल पिता स्व.सुधई निवासी खैरा 5 लीटर भठ्ठी महुआ शराब रमेश कुशवाहा पिता तेजलाल कुशवाहा निवासी हरफरी 7.5 लीटर विदेशी वीरेन्द्र सिंह पिता रामशिरोमणि सिंह निवासी हरफरी 7 लीटर विदेशी शराब भैयालाल जायसवाल पिता सुभई जायसवाल निवासी खैरा हरिदास जायसवाल भैयालाल जायसवाल निवासी बोदाखूंटा के कब्जे से 5.–5 लीटर देशी महुआ शराब जप्त कर कार्रवाई की गई है उक्त कार्रवाई में टीआई के अलावा एएसआई रामजी पाण्डेय मनीष सेन प्रआर लक्ष्मीकांत मिश्रा आरक्षक मुकेश पाण्डेय आशीष पाल भैयालाल यादव शुभम पटले एवं महिला आरक्षक वर्षा पंथी का योगदान महत्वपूर्ण रहा

## गढवा पुलिस की रेत माफिया के विरूद्ध कार्यवाही, एक टीपर जप्त

**जागरण चितरंगी ।** सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अति.प.अ.अभिषेक रंजन व अरूण कुमार सोनी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चितरंगी के मार्गदर्शन में थाना गढवा प्रभारी निरीण् बिद्याबारिधी तिवारी के द्वारा पुलिस टीम गठित कर 5,00,000 रूपये की अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकडा गया थाना पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम क्योटली तरफसे एक सफेद रंग की टीपर वाहन का चालक टीपर गाड़ी मे सोन नदी से ग्राम क्योटली घाट से अवैध रेत लोड कर बगदरा तरफ ले जाने वाला है सूचना की तश्दीक थाना पुलिस द्वारा किया गया जो आरोपी राजेश कोल पिता अनंत लाल कोल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम शिवपुर चौकी बगदरा थाना गढवा जिला सिंगरौली द्वारा टीपर मे लोड रेत सहित कुल कीमती 5,00000 रूपये का परिवहन करते पाया जाने पर बिधिवत जप्त किया जाकर आरोपी राजेश कोल के बिरूध्द थाना गढवा मे अपराध क्र 117/2025 धारा 303/2 ,317 /5 एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 भारतीय वन अधिनियम की धारा 2,41,42,52 तथा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 2,27,39,50,51 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्रवाई में निरीक्षक बिद्याबारिधी तिवारी सउनि. शिवाकान्त बागरी प्र.आर.विवेक सिंह बघेल प्र.आर.गरूण प्रसाद आरक्षक अजीत उपाध्याय महफूज खान चन्द्रकेश यादव अमित यादव महेश जाधव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरई थाना द्वारा घर से लापता बालिका को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया



**सरई।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा बच्चों के लापता होने अथवा उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम एवं शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत जिले में पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्री मनीष खत्री के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन एवं एसडीओपी देवसर श्री राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में, थाना सरई प्रभारी श्री जितेंद्र सिंह भदौरिया एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा उल्लेखनीय कार्य करते हुए लापता बालिका को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया घटना का विस्तृत विवरण* दिनांक 07/05/25 को ग्राम दुधमनिया की एक 14 वर्षीय बालिका अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद जब बालिका का पता नहीं चला, तब उसके पिता द्वारा थाना सरई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस पर थाना सरई पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 287/25, धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। दिनांक 11 मई 2025 को बालिका को ग्राम दुधमनिया से सकुशल दस्तयाब किया गया व बालिका को सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सुपुर्द किया। सराहनीय योगदान* थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया, सहायक उप निरी. कमलेश प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक पुष्पा गिरी का सराहनीय योगदान रहा।

# बुद्ध पूर्णिमा पर जिनहर में लगा हजारवां बोधिवृक्ष

### बुद्ध पूर्णिमा 28 तक जिले में 15,000 बोधि वृक्ष लगाने लक्ष्य

**जागरण बैढ़न।** गौ बोधि वृक्ष संविधान बचाओ मोहल्ला समिति के तत्वाधान में रीता वर्मा जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अहिरवार समाज संघ कांग्रेस नेत्री के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हजारवां बोधिवृक्ष खटखरी पंचायत के जिनहर के तालाब के पास लगाया गया महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रीता वर्मा ने जिले में 15,000 बोधि वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है यह संकल्प बुद्ध पूर्णिमा 24 में लिया गया है उसी दिन से शुरूआत किया गया है अभी तक हजार बोधि वृक्ष सिंगरौली जिले के कई मोहल्ले में लगाए गए हैं अभी भी 14,000 बोधि वृक्ष लगाना हैं जो की यह लक्ष्य बुद्ध पूर्णिमा 28 तक पूरा करना है जिले के सभी सामाजिक संगठनों से सहयोग लिया जा रहा है प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है इस गति को और बढ़ाते हुए लक्ष्य को पूरा करना है बोधि वृक्ष से जीवन दायिनी ऑक्सीजन तो 24 घंटे मिलता ही है लेकिन यह बोधि वृक्ष यह भी बताता है की भगवान बुद्ध बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति कर बोधी कहलाए थे समाज में नैतिकता का पतन हो रहा है समाज नशा अंधविश्वास में फसता जा रहा है ऐसे में भगवान बुद्ध की पांचो शील उनके बताएं रास्तों पर चलकर हम देश को एवं विश्व को अमन एवं शांति का संदेश दे सकते हैं इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार साकेत जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अहिरवार समाज संघ जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग सिंगरौली संजय साकेत राम रक्षा साकेत विजय कुमार केवट श्रीमती फूलन देवी कुसुम कली रामरति संदीप कुमार केवट प्रिंस कुमार केवट जिला कार्यवाहक जिला मीडिया प्रभारी चंदन वर्मा सीताराम केवट कृष्णकांत मुन्ना जी बृजेश नाई नीरज कुमार सच्चिदानंद केवट बाबूजी केवट सहित गौ बोधिवृक्ष संविधान मोहल्ला समिति के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



# एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा एक सुरीली शाम अंताक्षरी सीज़न-3 का किया गया आयोजन




**जागरण विंध्यनगर।** आज एनटीपीसी विंध्याचल का विंध्य क्लब संगीतमय लहरों और यादों के संग एक खास शाम का गवाह बनाए जब बॉलीवुड के बाज़ीगर एक सरीली शाम अंताक्षरी सीज़न–.3 का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में परियोजना के 13 जोशीले टीमों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया और बॉलीवुड संगीत ज्ञान की इस रोचक जंग में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर थीम के तहत एक देशभक्ति गीत से हुई जो हमारे सशस्त्र बलों को समर्पित था। इस भावनात्मक प्रारंभ ने पूरे कार्यक्रम को एक उत्सवी और गर्वपूर्ण माहौल प्रदान किया। दो कठिन एलिमिनेशन राउंड्स और पाँच चरणों की रोमांचक ग्रैंड फिनाले के बाद टीम ज़िंगालाला ने विजयी ताज पहना जबकि सुर के पक्के ने दूसरे स्थान पर कड़ी टक्कर दी। इस यादगार शाम की शोभा विशिष्ट अतिथियों ने बढ़ाई जिसमें राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल सुमन कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक ऑपरेशन हनुमान सोनी वरिष्ठ प्रबन्धक प्रचालन तथा वेद प्रकाश प्रबंधक प्रचालन एवं जनरल सेक्रेटरी विंध्य क्लब के प्रोत्साहन ने पूरे कार्यक्रम को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक रात्रिभोज के साथ हुआ जहाँ हँसी तालियों और संगीत की गूंज ने एकजुटता और सौहार्द की भावना को और गहरा किया। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच देते हैं बल्कि समुदाय को भी मजबूत बनाते हैं विंध्य क्लब की असली पहचान यही है ।

# प्रथम चरण की काउंसलिंग में हजारों विद्यार्थियों ने हासिल किया निशुल्क एडमिशन - अंजलि गोयल

### बुद्धाअंजलि फाउंडेशन द्वारा नौंएडा में आयोजित अंजलि गोयल को राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतिभा सम्मान



**जागरण सिंगरौली।** बुद्धाअंजलि फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजलि गोयल व राष्ट्रीय सचिव देवपाल सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतिभा सम्मान दिया गया बुद्धाअंजलि फाऊंडेशन के द्वारा आज प्रथम चरण की काउंसलिंग का आयोजन नॉएडा मे हर्षोल्लास के साथ किया गया इस दौरान प्रथम चरण की काउंसलिंग में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया व अपने पसंदीदा विषयो में दाखिला हासिल किया सभी विद्यार्थियों को उनके मन पसंदीदा कॉलेज में यह दाखिला पूर्ण रूप से निशुल्क था सिर्फ बच्चों को हॉस्टल में रहने खाने का खर्चा स्वयं वहन करना होगा वीजीआइं कॉलेज की डायरेक्टर श्रीमती कल्पना ने बुद्धांजलि फाउंडेशन की तारीफ की और कहा कि जिस जज्बे के साथ यह संस्था विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रही है इससे पूरे समाज को हौसला मिलेगा की वह भी अपने बच्चों को बड़े शहरों मे पढ़ा सकते है बुद्धाअंजलि फाउंडेशन इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मुस्तकीम बेसर शाहीन सालार बुद्धाअंजलि फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव देव पाल सिंह और नाजिम आलम गौरीशंकर और अर्जुन सिंह का आभार प्रकट किया है।

# इंटरनेशनल गुडविल सोसाइटी द्वारा पहलगाम हमले की निंदा एवं सेना का आभार



**जागरण सिंगरौली।** इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ़इंडिया क्रॉसिंग रिपब्लिक के सदस्यों ने डॉ ए के शर्मा की अध्यक्षता में गोल्फकोर्स में एक शोक सभा का आयोजन कर 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदनायें प्रकट की। सदस्यों ने इस जघन्य एवं अत्यंत दुखद घटना की घोर निंदा की जिसमें निर्दोष भारतीय नागरिकों की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी साथ ही पाकिस्तान स्थित इन आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना की बहादुरी एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति आभार प्रकट किया गया। इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ़इंडिया के सदस्यों ने भारत सरकार से आह्वान किया कि इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने वाले आतंकियों को सरहद पार से भारत लाया जाय तथा दोषियों को मृत्यु दंड दिया जाए ताकि आतंकवाद पर अंकुश लगाया जा सके। इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ़इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव डॉ आर के भटनागर रिटायर्ड आईएएस ने भी दोषियों को दंडित करने हेतु संदेश भेजा। तरूण शर्मा उमेश जैन गणेश शर्मा डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर उज्जवल शर्मा आदि ने भी कहा कि आतंकियों के प्रत्यर्पण हेतु पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाना चाहिए तथा प्रत्यर्पण होने तक पाकिस्तान पर से पाबंदियां नहीं हटनी चाहिए।

# मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस



**जागरण बैढ़न।** जिला मुख्यालय स्थित मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम बलियरी रोड़ में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सिंग होम की सभी नर्सिंग स्टाफों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर खुशी साझा की। इस खास मौके पर नर्सिंग होम संचालक डॉ. डीके मिश्रा ने कहा कि नर्सें किसी भी अस्पताल की रीढ़ होती हैं। इनकी सेवा भावना और मानवता के प्रति समर्पण ही स्वास्थ्य सेवा को जीवंत बनाता हैं। आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह दिन उनके सम्मान का प्रतीक है। नर्स दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि सेवा सहानुभूति और करुणा के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है।

**इनकी रही उपस्थिति :** अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर नर्सिंग होम संचालक डॉ.डीके मिश्रा तारा प्रजापति सुनीता शाह सोनम मिश्रा गुंजन सिंह किरण रजक पुष्पलता दुबे आकांक्षा पाण्डेय डॉ.सुशील जायसवाल जसवंत सिंह मिथिलेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# टेस्ट में विराट युग का अंत, अब नहीं खेलेंगे पांच दिवसीय क्रिकेट

**बेंगलुरू, जेएनएन।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट के दौरान फिडेल एडवर्ड्स के खिलाफ संघर्ष के बारे में बात करते हुए हताश व्यक्त की थी। यह ऐसी शुरुआत नहीं थी जिसकी एक महत्वाकांक्षी युवक की चाहत होती है। तब थोड़ी चिंता और भ्रम दिख रहा था। किंग्स्टन के एक रेस्तरां में लगभग 20 मिनट की बातचीत का समापन इस तरह किया, लेकिन मैं छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने चुनौती से लड़ना नहीं छोड़ा और 2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाइयों को छुआ जिन पर आधुनिक युग के कई क्रिकेटर नहीं चढ़ पाए हैं।

## ब्लूप्रिंट हैं कोहली का प्रदर्शन

कोहली ने रन और शतकों की झड़ी लगा दी और क्रिकेट जगत ने उनके अंदर इस बदलाव पर हैरानी व्यक्त की जिसने भारत को टेस्ट क्रिकेट में कुछ बेहतरीन ऊंचाइयों और यादगार जीत तक पहुंचाया। उनका यह प्रदर्शन युवा बल्लेबाजों के लिए 'ब्लूप्रिंट' है जिन्हें कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट की कमान संभालने का काम सौंपा गया है। इनमें से कुछ पर चर्चा की गई है।

## 2011 में किया था पदार्पण

विराट कोहली के टेस्ट करियर की तो उन्होंने 2011 में डेब्यू किया था और कोहली पिछले एक दशक से ज्यादा समय से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी, शानदार बल्लेबाजी और खेल के प्रति पैशन ने भारत को घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर एक मजबूत टेस्ट टीम में बदलने में मदद की है। टेस्ट में 9,000 से अधिक रन और 30 शतकों के साथ, कोहली की क्रीज पर मौजूदगी किसी आइकॉनिक खिलाड़ी से कम नहीं है।

## सिडनी में खेला था आखिरी टेस्ट


विराट कोहली पिछले साल के अंत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया गए थे। 5 मैचों की इस सीरीज में भारत को 1-3 से हार मिली थी। सीरीज का आखिरी टेस्ट सिडनी में खेला गया था। कोहली ने 5 मैच की 9 पारियों में 23.75 की औसत से 190 रन बनाए थे। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में विराट कोहली ने नाबाद 100 रन बनाए थे। इसके बाद अगले 4 मैच में उनका बल्ला नहीं चला था।



## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों जैसे तेवर वाले क्रिकेटर हैं कोहली : चैपल

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कहा कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना 'एक शानदार युग का अंत है'। भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने 'कहा कि कोहली ने भारत की क्रिकेट पहचान पर सांस्कृतिकऔर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। चैपल ने लिखा, हमने जो गैर आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर देखे हैं, उनमें उनके तेवर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों की तरह हैं। उन्होंने कहा, वह टेस्ट में एक योद्धा थे।

## लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने की विराट कोहली की जमकर तारीफ



भारतीय सेना के तीनों विंग के अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदुर के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस की, और इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने विराट कोहली के रिटायरमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, आज शायद क्रिकेट की बात करनी चाहिए क्योंकि आज मैंने देखा कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है। वह मेरे पसंदीदा क्रिकेटरों में से एक हैं। उनका यह बयान सुनकर क्रिकेट फेंस काफी खुश हुए और उन्होंने जनरल घई की सराहना की।

## आपने जुनूनी खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी दी है : सचिन



स्टार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से भारतीय क्रिकेट के प्रशंसकों में निराशा है। वही उनके इस फैसले पर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी अपनी भावुक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर विराट के रिटायरमेंट पर खुद के रिटायरनेंट के मौके को याद किया है। सचिन तेंदुलकर ने लिखा, टेस्ट से संन्यास लेने के बाद, मुझे 12 साल पहले मेरे आखिरी टेस्ट के दौरान आपके द्वारा किए गए विचारपूर्ण हाव-भाव की याद आ रही है। आपने मुझे अपने दिवंगत पिता की ओर से एक धागा उपहार में देने की पेशकश की थी। यह मेरे लिए स्वीकार करने के लिए बहुत ही व्यक्तिगत बात थी, लेकिन यह भाव दिल को छू लेने वाला था और तब से मेरे साथ है। उन्होंने आगे लिखा, विराट, आपकी असली विरासत अनगिनत युवा क्रिकेटरों को खेल अपनाने के लिए प्रेरित करने में निहित है। आपका टेस्ट करियर कितना शानदार रहा है! आपने भारतीय क्रिकेट को सिर्फ़ रन ही नहीं दिए हैं -आपने इसे जुनूनी प्रशंसकों और खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी दी है।

## अगली पीढ़ी के खिलाड़ी जो हैं चर्चा में है





**शुभमन गिल**-अगली पीढ़ी के स्टार में शुभमन गिल सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जो आने वाले दिनों में संभवतः भारत के मुख्य बल्लेबाज और टेस्ट कप्तान हो सकते हैं। शायद यह एक संयोग है ही है कि गिल भी कोहली के सामने खुद को उनके ही स्थान पर पाते हैं जब वह 25 साल के थे जिसमें उनका टेस्ट रिकॉर्ड औसत था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने 32 टेस्ट में 35 के औसत से 1893 रन बनाये हैं। लेकिन गिल का इंग्लैंड में रिकॉर्ड औसत है जिसमें तीन टेस्ट में 14.66 की औसत से 88 रन शामिल हैं। अब देखाना होगा कि क्या पंजाब का यह खिलाड़ी इंग्लैंड में अपनी किस्मत बदलने में अपने शानदार सीनियर की बराबरी कर सकता है। कोहली की तरह गिल को भी अपनी बल्लेबाजी में अनुशासन लाना होगा और स्विंग के लिए शरीर के करीब बल्लेबाजी करने की आदत बनानी होगी।

यशस्वी जायसवाल-जायसवाल का इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना निश्चित है। वह वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत में यह काम पहले ही कर चुके हैं। लेकिन इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर यह काम कठिन होगा। जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज में रन बनाते हुए अपनी तकनीक और संयम दिखाया। लेकिन उन्हें इंग्लैंड में 'लेट स्विंग' में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



## मुझे वे आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए : अनुष्का शर्मा

विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। कोहली ने एक पोस्ट के जरिए अपने 14 साल लंबे टेस्ट करियर का अंत कर दिया। जून 2011 में डेब्यू करने वाले विराट को फेयरवेल टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला। वह आखिरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खेलते हुए नजर आए थे। कोहली के संन्यास पर उनकी वाइफ अनुष्का शर्मा का रिएक्शन आया है। अनुष्का भी चाहती थीं कि विराट टेस्ट खेलते हुए संन्यास लें। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर लिखा, लोग आपके रिकॉर्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे, लेकिन मुझे वे आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए। वे संघर्ष जो किसी ने नहीं देखे, और वह अटूट प्यार जो आपने खेल के इस फॉर्मेट को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना सौभाग्य रहा है।



**123** टेस्ट **210** पारी **9230** रन **30** शतक **31** अर्द्धशतक

## सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

**युपिया (अरुणाचल प्रदेश), जेएनएन।** सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम की निगाहें मंगलवार को यहां नेपाल के खिलाफ मैच में जीत से ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। भारत ने पिछले सप्ताह अपने अभियान के पहले मैच में श्रीलंका को 8-0 से हराया था। रविवार को नेपाल ने श्रीलंका को 5-0 से मात दी जिससे भारत और नेपाल ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की। घरेलू टीम को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए मंगलवार को सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत है। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडीस ने कहा, दोनों टीमों ने अपने पहले मैच बड़े अंतर से जीते थे।

## मैदान से हटकर

### शतरंज खेलने पर मिलेगी सजा!.. काबुल में लगाया गया प्रतिबन्ध



इस्लामिक देश अफगानिस्तान में सत्ताधारी तालिबान की सरकार ने चौंकाने ववा फैसला लिया है। यह फैसला दुनिया के सबसे पुराने और मशहूर खेल शतरंज से जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबान प्रशासन ने अफगानिस्तान में शतरंज खेलने और उससे जुड़ी सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी है। देश क स्पोर्ट्स डाइरेक्ट्रेट के स्पोकपर्सन अतल मशवानी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया है कि, शतरंज को इस्लामी शरीयत के अंतर्गत जुए का माध्यम माना जाता है, जो देश में लागू ने की का प्रचार और बुराई से रोकथाम कानून के अनुसार वर्जित है।अतल मशवानी ने कहा, शतरंज को लेकर धार्मिक आपत्तियां हैं और जब तक इन आपत्तियों का समाधान नहीं हो जाता, इस खेल को अफगानिस्तान में निलंबित रखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की ओर से कोई आधिकारिक टूर्नामेंट आयोजित नहीं किया गया है और नेतृत्व स्तर पर भी कुछ समस्याएं चल रही हैं। हालाँकि सरकार के फैसले पर इस खेल से जुड़े कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी है। उन्होंने कहा कि, दुनिया के कई इस्लामिक देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी हैं। यह खेल सिर्फ एक मानसिक अभ्यास है। उन्होंने यह भी बताया कि, हम सरकार के आदेश का सम्मान करेंगे, लेकिन इसका असर हमारी आजीविका और युवाओं की मानसिक सक्रियता पर पड़ेगा। आजकल युवाओं के पास वैसे ही कम गतिविधियां हैं, शतरंज उनका पसंदीदा खेल था। (जेएनएन)

# रोहित-कोहली के टेस्ट संन्यास ने दिखाया चयन समिति का दमखम और दूरदर्शिता





**नयी दिल्ली, जेएनएन।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का चयन करना आसान काम नहीं और पिछले कुछ अर्से में कठिन फैसले नहीं लेने के कारण चयन समितियों को 'रीढ़हीन' तक करार दिया गया। एक सप्ताह के भीतर ही हालांकि अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास में अहम भूमिका निभाकर इस धारणा को बदल दिया। निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इसकी जानकारी रही होगी।

इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र से पहले चयनकर्ताओं ने रोहित को अपने फैसले से अवगत करा दिया। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के कोहली के अनुरोध को भी मान लिया। जिस देश में कोहली और रोहित जैसे 'लीजैंड' के संन्यास को संभालना मुश्किल काम था, चयनकर्ताओं ने दूरदर्शिता दिखाई। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि अगरकर और उनकी टीम को इन दोनों महान खिलाड़ियों के संन्यास से पेशेवर तरीके से निपटने के लिये सराहना मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा निश्चित तौर पर चयनकर्ताओं को इसका श्रेय मिलना चाहिये। वेंगसरकर ने कहा चयन समितियों की तुलना आसान नहीं है। मैं नहीं करना चाहूंगा। हर किसी की अपनी सोच होती है। कोहली और रोहित के दौर से आगे निकलकर चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे युवाओं पर भरोसा जताया है। गिल अभी तक बड़ी टीमों के खिलाफ खुद को साबित नहीं कर सके हैं। उनका कप्तान और पंत का उपकप्तान बनना तय लग रहा है। केएल राहुल अतीत में टेस्ट कप्तान रह चुके हैं लेकिन चयनकर्ताओं की पसंद गिल हो सकते हैं जो राहुल से आठ साल छोटे हैं।

### रोहित-कोहली आस्ट्रेलिया में नाकाम रहे

रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में नाकाम रहे। रोहित ने तो सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर भी कर लिया। सिडनी जैसे हालात के दोहराव से बचने के लिये चयनकर्ताओं ने सही फैसला लिया। दूसरी ओर कोहली आस्ट्रेलिया दौरे पर आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों को नहीं खेल पाये। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए लग रहा था कि वह इस कमजोरी से उबर चुके हैं लेकिन उन्होंने संन्यास का फैसला ले लिया।

## महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा



**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने सोमवार को महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। टीम 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी। मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी। दीपिका, नवनीत, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा फॉरवर्ड होंगी। स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम के चयन पर बोलते हुए कहा, हमने एक संतुलित टीम बनाई है जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का मिश्रण है। यूरोपीय चरण प्रो लीग का एक अहम चरण है और हम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं।

## आईपीएल के लिए भारत नहीं लौटने वाले आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के साथ सीए : रिपोर्ट

**मेलबर्न, जेएनएन।** आईपीएल स्थगित होने के बाद वापिस लौटे आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अगर बाकी मैचों के लिये भारत वापिस लौटना नहीं चाहते तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उन्हें समर्थन मिलेगा। यहां एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विभिन्न आईपीएल टीमों के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्वदेश पहुंच चुके हैं। रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन जैसे कुछ पूर्व खिलाड़ी भारत में रह गए हैं जो कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। दूसरे कोच मसलन जस्टिन लैंगर और माइक हस्सी भी भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते लौट गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद खिलाड़ियों को लौटने के लिये कहा गया है क्योंकि आईपीएल एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू होने वाला है। घबराये हुए आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगर सुरक्षा कारणों से वापिस जाना नहीं चाहते हैं तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया उनका समर्थन करेगा। इसमें कहा गया आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी चिंतित और डरे हुए हैं। रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन समेत कोचिंग स्टाफ के सदस्य भारत में हैं जबकि खिलाड़ी लौट आये हैं। रिपोर्ट में कहा गया इस परिप्रेक्ष्य में सीए आईपीएल में लौटने को लेकर खिलाड़ियों के फैसला लेने के अधिकार का बचाव करेगा।

# पहले से कुछ तय नहीं किया जा सकता संन्यास लेने की योजना नहीं थी : रोहित



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट जगत में इन दिनों खलबली मची हुई है। जी हां इंग्लैड दौरे से ठीक पहले बैक टू बैक दो दिग्गज खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास का ऐलान करने के बाद उनके फैन्स को बड़ा झटका लगा है। रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर चुप्पी तोड़ दी है। दरअसल रोहित शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि कुछ भी पहले से तय नहीं किया जा सकता। हां मैंने टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेने की योजना नहीं बनाई थी। वास्तव में, ट्रॉफी जीतने के बाद, आपको लगता है कि आप और अधिक खेल सकते हैं और आप इसका आनंद भी ले रहे हैं। लेकिन फिर मैंने सोचा, यह टी20 को धन्यवाद कहने के लिए एकदम सही स्थिति है। लेकिन आपको बात हूं कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के लिए मैंने पहले से कुछ भी नहीं सोचा था, बस सब अचानक हो गया। रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि उनके रिटायरमेंट के बाद पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज विरेंद्र सहवाग ने कहा था कि यह अद्भुत है, क्योंकि मैंने भी ऐसी बातें सुनी थीं- जैसे कि वह इंग्लैंड दौरे की तैयारी कैसे कर रहे थे, या ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जब उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेला था, तो वह कह रहे थे, 'मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। मैं यहीं हूं। ऐसा दिखावा मत करो कि मैं रिटायर हो गया हूं।' लेकिन इस दौरान क्या हुआ होगा? जो हुआ होगा वह शायद यह है-जब चयनकर्ताओं ने अपना फैसला लिया- शायद उन्होंने सोचा, हम रोहित शर्मा को टेस्ट कप्तान के रूप में घोषित नहीं करेंगे, या शायद, हम उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए खिलाड़ी के रूप में भी नहीं लेंगे। मुझे यकीन है कि चयनकर्ताओं ने उनसे बात की होगी, उन्हें बताया होगा कि वे क्या सोच रहे थे और फिर उन्हें कुछ विकल्प दिए होंगे। यही कारण है कि टीम की घोषणा से पहले-कुछ और सार्वजनिक होने से पहले-रोहित शर्मा ने अपने संन्यास की घोषणा कर दी। यह एक अच्छा संकेत

## ईशप्रीत ने आडवाणी को हराकर स्नूकर खिताब जीता

**मुंबई, जेएनएन।** ईशप्रीत चड्ढा ने नौ घंटे तक चले मैराथन फाइनल में अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 10-7 से हराकर एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। चड्ढा ने 'बेस्ट-ऑफ-19' फ्रेम के फाइनल में 62-45, 4-77, 59-35, 7-65, 68-12, 57-66, 19-60, 90 (90)-0, 33-70, 0-97 (97), 99 (94)-16, 75 (67)-35, 75-27, 68-31, 83 (68)-10, 6-122 (122), 73-72 से जीत हासिल की। आडवाणी ने एक समय 4-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन चड्ढा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ दिया। आडवाणी ने फाइनल में एकमात्र शतकीय ब्रेक 16वें फ्रेम में 122 बनाकर हासिल किया। पर चड्ढा ने 17वें फ्रेम में फाइनल खत्म कर दिया। चड्ढा पिछले साल के फाइनल में आडवाणी से 8-10 से हार गए थे और मार्च में सीसीआई स्नूकर क्लासिक में भी उनसे 6-8 से हार गए थे।



## क्रिकेट : ओजस्व व अमोघ का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच विराट कोहली हाउस बनाम सचिन तेंदुलकर हाउस खेला गया जिसमें विराट कोहली हाउस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिसमें ओजस यादव ने 70 रन बनाए। विराट कोहली हाउस ने 30 ओवर में 214 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाएं। लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली हाउस 184/10 रन पर सिमट गई। सचिन तेंदुलकर हाउस ने मैच को 30 रनों से जीत लिया।





प्रतियोगिता में आज दूसरा मैच (मिनी ग्रुप अंडर-12) मैच महेंद्र सिंह धोनी हाउस और तेंदुलकर हाउस के बीच खेला गया धोनी हाउस ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सचिन तेंदुलकर हाउस ने निर्धारित 20 ओवर में 95 रन बनाए 7 विकेट पर जिसमें अमोघ रावत ने 33 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करते हुए महेंद्र सिंह धोनी हाउस मात्र 89 /10 रन अपने 20 ओवर में बना पाए। इस तरह सचिन तेंदुलकर हाउस ने यह मैच 6 रनों से जीता इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमोघ रावत रहे।

# मप्र 9 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य सहित 24 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर

**भोपाल, जेएनएन।** 4 से 15 मई 2025 तक खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहें है। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य सहित कुल 24 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर है। आज मध्यप्रदेश टीम ने वेटलिफ्टिंग, योग, एथेलेटिक्स (पोल वॉल्ट), एथेलेटिक्स (3000 मी.) में बेहतर खेल प्रदर्शन कर 01-01 कांस्य सहित कुल 04 पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में आज म.प्र. के खिलाड़ियों ने खेले गये मुकाबलों में पदक जीते। **वेटलिफ्टिंग**-हिमांशु कुशवाह ने 73 किग्रा. पुरूष वर्ग में स्नैच में 115 कि.ग्रा और क्लीन एण्ड जर्क 140 कि.ग्रा. सहित कुल 255 कि.ग्रा. भार उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। **योगासन**-रिया ने टेऊडिशनल योगासन इवेन्ट में 60.58 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। **पोल वाल्ट**-आशीष कुमार यादव ने एथेलेटिक्स (पोल वॉल्ट) में 4.10 मी. छलांग लगाकर कांस्य पदक अर्जित किया। **एथेलेटिक्स**-(3000 मी.) श्रृष्टि ने महिला वर्ग के 3000 मी. इवेन्ट में 10:29.50 का समय लेकर कांस्य पदक प्राप्त किया। कल दिनांक 13.5.2025 को एथेलेटिक्स, बॉक्सिंग, फेंसिंग, वेटलिफ्टिंग, कलरिपयट्ठू, योगासन, कुश्ती, थांग-ता और हॉकी के मुकाबले खेले जावेंगे। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बिहार में आयोजित खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने पदक विजेता खिलाड़ियों बधाई देते हुये, खिलाड़ियों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।












# ड्यिूटी से नदारत रहने वाले दो चिकित्सकों को नोटिस जारी

### आकस्मिक सेवा में लगाई गई थी ड्यिूटी, दोनों ने नही उठाया फोन

**जागरण सतना**

जिला अस्पताल में आपातकालीन सेवा के लिए लगाई गई दो डाक्टरो की ड्यिूटी के बाद भी डाक्टर नदारत रहे जिसके चलते रात के वक्त आने वाले मरीजो को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। इस मामले को संज्ञान में लेते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी ने दोनो के विरूद्ध नोटिस जारी किया है।


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-सतना, म.प्र.
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-सतना, म.प्र.

क्रमांक/एन.एच.एम./2025/ सतना, दिनांक 12/5/25

प्रति,
1. डा. राजेश तिवारी, चिकित्सा अधिकारी, संजीवनी क्लीनिक शुक्ला बरदाडीह
2. डा. प्रतीक अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी, संजीवनी पालीक्लीनिक सिंधी कैम्प जिला सतना म.प्र.

विषय – कारण बताओ नोटिस।
संदर्भ– जिला अस्पताल के ड्यूटी रोस्टर अनुसार।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 11.05.2025 को जिला अस्पताल में आपकी आकस्मिक ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें आपको ड्यूटी हेतु सूचित भी किया गया है, एवं जिला अस्पताल के आर.एम.ओ. डा. शरद दुबे द्वारा आपसे संपर्क किया गया, एवं विभागीय वाट्सएप ग्रुप में भी ड्यूटी के संबंध में बताया गया, लेकिन आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया, एवं बिना किसी अग्रिम सूचना के जिला अस्पताल में ड्यूटी में अनुपस्थिति पाये गये।

आपके द्वारा आकस्मिक ड्यूटी में नही जाने के कारण जिला अस्पताल में रात्रि कालीन में आने वाले समस्त मरीजो को चिकित्सकीय सेवाएं नही मिल पाई।

आपके द्वारा कलेक्टर महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की अवहेलना की गई, जो शासन के आपातकालीन स्थिति में सहयोग ना करके अनुशासनहीनता का भागीदार बना किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि आप शासकीय सेवाएं हेतु कार्य के प्रति लापरवाह है, आपको राष्ट्रीय कार्यक्रम में कोई रूचि नहीं है।

अतः उक्त संबंध में आपका दिनांक 11.05.2025 को एक दिवसीय वेतन की कटोती की जाकर आदेशित किया जाता है कि आप आगामी दिवसो में जिला चिकित्सालय सतना ड्यूटी में उपस्थिति होना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आगामी होने वाली कार्यवाही के आप स्वयं जवाबदार होंगे, एवं आपके संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया जायेगा, जिसके जवाबदार आप स्वतः होंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सतना म.प्र.

पृ.क्र./एन.एच.एम./2025/ सतना दिनांक 12/5/25

प्रतिलिपि–
1. मिशन संचालक, एनएचएम, भोपाल म.प्र.।
2. उपसंचालक, शहरी स्वास्थ्य, एनएचएम भोपाल म.प्र.।
3. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, रीवा संभाग रीवा म.प्र.।
4. कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति सतना, मैहर म.प्र.।
5. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सतना म.प्र.।
6. शहरी नोडल अधिकारी, शहरी स्वास्थ्य, जिला सतना म.प्र.।
7. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम, जिला सतना म.प्र.।
8. जिला लेखा प्रबंधक, एनएचएम, जिला सतना म.प्र.।
9. संबंधितजन की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सतना म.

### ये है मामला

बताया जाता है कि 11 मई को कलेक्टर के निर्देश पर जिला अस्पताल में दो डाक्टरो की आकस्मिक सेवा में ड्यिूटी लगाई थी उन्हे सूचित भी किया गया था जिला अस्पताल के आर.एम.ओ डॉ शरद दुबे ने सम्पर्क करने का प्रयास किया मगर इन दोनो डाक्टरो ने न तो फोन रिसिव किया और न ही कोई जवाब दिया इतना ही नही बिना किसी सूचना के जिला अस्पताल में ड्यिूटी से अनुपस्थिति पाये गये है।

### इनकी लगाई थी ड्यिूटी

बताया जाता है कि सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी ने संजीवनी क्लीनिक शुक्ला बरदाडीह में पदस्थ डॉ राजेश तिवारी और संजीवनी पालीक्लीनिक सिंधी कैम्प में पदस्थ डॉ प्रतीक अग्रवाल की ड्यिूटी आपातकालीन सेवा के लिए जिला अस्पताल में लगाई गई थी लेकिन इन डाक्टरो ने सरकारी आदेश को कोई तबज्जो नही दी जबकि ड्यिूटी में लगाने के आदेश कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये थे सीएमएचओ ने दोनो डाक्टरो को अनुशासनहीनता का भागीदार माना है।



दोनो डाक्टरो की ड्यिूटी आपातकालीन सेवा के लिए 11 मई की रात लगाई गई थी। मगर इन डाक्टरो ने न तो फोन उठाया और न ही कोई जानकारी दी जिससे मरीजो को समस्या का सामना करना पड़ा।
एक दिवसीय वेतन कटौती करने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि वे आगामी दिवसो में जिला अस्पताल सतना ड्यिूटी में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**डॉ एल के तिवारी सीएमएचओ सतना**

# सेवा भाव की प्रतीक नर्स ने किया रक्तदान



**जागरण, सतना।** सेवा को अपना धर्म समझकर निरंतर मरीजों की सेवा कर रही नर्स ने अंतरराष्ट्रीय नर्स डे पर अपना खून देकर मानवता का संदेश देकर युवाओं को रक्तदान करने की प्रेरणा दी। जायंट्स ग्रुप ऑफ़स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष डॉ दीपक सोई की प्रेरणा से प्रेरित होकर समाजसेवी विनोद गेलानी की गरिमामय उपस्थिति में बबीता यादव ने जिला अस्पताल में भर्ती सरोज सिंह ख्ककटनी, को रक्तदान कर इंसानियत का सच्चा धर्म निभाया। सिन्धू विकास समिति के अध्यक्ष एवं रक्तदाताओं को प्रेरित करने वाले विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बबीता यादव जी ने पहली बार रक्तदान किया इस अवसर पर शरद वाधवानी ख्रीवा, ब्लड बैंक से रामभाई त्रिपाठी शेषमनी सिंह उत्तम विश्वकर्मा विनय त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे बबीता के रक्तदान करने पर जायंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी के संरक्षक मनोहर डिगवानी बसंत शर्मा रवि शंकर गौरी अध्यक्ष डॉ दीपक सोई सरिता सचदेवा सिमरन होतचंदानी विनोद गेलानी मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉ मनीषा सोई डॉक्टर विद्या पांडे कशिश नागदेव निशा गोयल आभा सिंह रशिम जैन प्रेरणा जादवानी अनामिका सोनी रेशमा दुसेजा गोल्डन झा रंजीत सेनानी पूजा चतुर्वेदी ने बबीता को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# महिला पर चली गोली अस्पताल में भर्ती

### कोलगवां थाना क्षेत्र के नई बस्ती में हुई घटना



**जागरण सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र की नई बस्ती में एक महिला को गोली मार दी गई। सोमवार शाम पीड़िता अनीता सिंह बरगाही अपने पति ईश्वर सिंह बरगाही के साथ सामान खरीदने गई थी। इसी दौरान मोहल्ले के निवासी ने गोली चलाई । हालांकि अभी यह तय नही हो पाया है कि गोली महिला को लगी है या नही । फिर भी पुलिस संदेहियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की रही है। गंभीर स्थिति में परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल जाकर पीड़िता का हाल जाना। आरोपियों और पीड़ित परिवार के बीच पहले से विवाद चल रहा था। रंजिश में आरोपियों ने शाम करीब 7 बजे यह वारदात की। सीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि महिला का इलाज चल रहा है। पीड़िता द्वारा जो नामजद आरोपी बताए गए है उनमें से 3 आरोपियों को पकड़ लिया गया है। बाकी की तलाश हो रही है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली लगी है या चाकू।

### घायल रीवा रेफर

घायल महिला अनीता सिंह को पहले जिला अस्पताल लाया गया मगर जिला अस्पताल से उसे रीवा रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी लगते ही सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान, टीआई कोलगवां सुदीप सोनी जिला अस्पताल पहुच गये थे।

# कुल्हाड़ी मारकर वृद्धा की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### बरौंधा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दबोचा



**जागरण सतना।** वृद्धा की कुल्हाडी मारकर हत्या करने वाले आरोपी को बरौंधा टीआई अभिनव सिंह ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश, एएसपी विक्रम सिंह व एसडीओपी रोहित राठौर के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने आरोपी सत्यम कोरी उर्फ ठोकिया पिता रामराज कोरी उम्र 22 साल निवासी बोलौहनपूरवा बकोट को गिरफ्तार कर लिया है।

### ये है मामला

राजकुमार वर्मा पिता रामबहोरी वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मा मिंता वर्मा और भाई लखन वर्मा खेत में झोपडी बनाकर रहते है। खेत जाकर देखा तो मॉ और भाई घायल अवस्था में पडे थे उनके सिर में चोट लगने से खून बह रहा था। तभी भाई लाखन वर्मा से पूछा तो दोनो बताया कि ठोकिया कोरी ने मारा है। घायलो को बरौंधा अस्पताल ले जाया गया है। जहां से दोनो को मझगवां अस्पताल रेफर किया गया वहां पर उपचार के दौरान मिंता की मौत को गई । पुलिस ने हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकंजे में फसे आरोपी ने बताया कि वह 10 मई की रात मिंता वर्मा के संबंध बनाने के लिए झोडी में गया था मगर मिंता ने मना कर दिया और कहा कि तेरे खिलाफ पुलिस में शिकायत करूंगी इसी डर की वजह से आरोपी संत्यम ने मिंता व उसके लडके के साथ मारपीट कर भाग गया।

# आयुक्त जनसंपर्क ने दिवंगत श्री मिश्रा को दी श्रद्धांजलि



**जागरण सतना।** सेवानिवृत जनसंपर्क अधिकारी श्री अरूण मिश्रा का 12 मई को सुबह 3 बजे हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। श्री मिश्रा गत 10 वर्षों से लीवर सिरोसिस बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें 3 मई को बीमार होने पर प्रार्थना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। एक सप्ताह के उपचार के बाद श्री मिश्रा लगभग पूरी तरह से स्वस्थ्य हो गये। आचनक 10 मई को श्री मिश्रा को सीवियर हार्ट अटैक हुआ। उन्हें सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। दो दिनों तक उपचार के बाद 12 मई को श्री मिश्रा अंतिम सास ली। उनका अंतिम संस्कार रीवा में किया गया। श्री मिश्रा सेवानिवृत्त के बाद रीवा में ही निवास कर रहे थे। श्री मिश्रा के निधन पर जनसंपर्क आयुक्त श्री सुदाम खाडे ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्री मिश्रा मूल रूप से सतना के निवासी थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से शासकीय सेवा शुरू की। श्री मिश्रा 1992 में जनसंपर्क विभाग में सहायक सूचना अधिकारी के पद पर भर्ती हुये। श्री मिश्रा ने मंडला, डिडौरी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली तथा रीवा जिले में विभाग में सेवाएं दी। श्री मिश्रा 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत्त हुये। श्री मिश्रा की लीवर सिरोसिस बीमारी का उपचार आईएलबीएस नई दिल्ली से चल रहा था। श्री मिश्रा के दुखद निधन पर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में शोक सभा करके दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गयी। प्रभारी सहायक संचालक उमेश तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवप्रसन्न शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह, फोटोग्राफर श्रवण श्रीवास्तव ने श्री मिश्रा के निवास स्थल जाकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं अंतिम संस्कार में शामिल हुए। जनसंपर्क संघ के पदाधिकारियों तथा प्रदेश भर के जनसंपर्क अधिकारियों ने भी श्री मिश्रा के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया।

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी, एक दर्जन लोग घायल



**जागरण सतना।** बारातियों को ले जा रही एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार तकरीबन एक दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। यह घटना मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले रामनगर थाना क्षेत्र के पटना गांव के पास की बताई जा रही है। घटना में तकरीबन 6 लोगो को ज्यादा चोटे आई है। जानकारी के अनुसार बिजयराघवगढ़ कटनी निवासी करण सिंह के यहां से बारात रामनगर के जुडमानी गांव में कल्लू सिंह के घर आई थी। विवाह समारोह सम्पन्न होने के बाद सभी बाराती बोलेरो पिकअप वाहन में सवार होकर वापस लौट रहे थे। पटना गांव के पास अचानक वाहन तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया।

# रॉयल राजपूत संगठन के तत्वाधान में बैठक सम्पन्न



**जागरण, सतना।** बीर शिरोमणि महराणा प्रताप की जयंती 29 मई को रॉयल राजपूत संग़ठन के तत्वाधान में निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा,पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह मुख्य रूप से करेंगे शिरकत, बैठक में कार्यक्रम की बनी रणनीति, सभी लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाने का किया आह्वान, यह सौर्य यात्रा बीरशिरोमणि महराणा प्रताप के स्मारक हवाई पट्टी में प्रतिमा का माल्यार्पण करने के पश्चात संख ध्वनि एवम स्वस्तिवाचन के बाद मुख्यमार्ग सेमरिया चौक से कृष्णनगर रोड से अस्पताल चौक से होते हुए पन्नीलाल चौक एवम विहारी चौक , जय स्तम्भ चौक से होकर सुभाष पार्क में मंचीय कार्यक्रम की चर्चा एवम मिस एशिया का ख़िताब जीत के पहली बार सतना आई सुश्री मीनाक्षी सिंह और पूरे मध्यप्रदेश में बारहमी में दूसरा स्थान पाने पर सम्मान भी किया गयाए बैठक शाइन गार्डन में आयोजित की गई प्रमुख रूप से सतपाल सिंह पुष्पराज सिंह रज्जु दादा सुरेश सिंह जाखी , अशोक सिंह ,संगठन के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह भाद , राष्ट्रीय सचिव सतेंद्र सिंह,सरद सिंह पम्मू, तनराज सिंह,प्रिन्स सिंह देवरा,पुरणेंद्र देव सिंह, सुनील सिंह, राजेश सिंह, दीपू सिंह,हिमांशू सिंह, सत्य भान सिंह, मतेंद्र सिंह, अमित सिंह,अनुराग सिंह,क्षत्राणी आशा सिंह, आरती सिंह, माया सिंह, वंदना सिंह,विमला सिंह,सरिता सिंह इत्यादि उपस्थित रही ।

# कलेक्टर के सख्त आदेश को भी दरकिनार कर जला रहे नरवाई



**जागरण, उचेहरा।** नरवाई जलाने को लेकर कलेक्टर ने सख्त प्रतिबंधित निर्देश जारी किये थे इसके बावजूद जिले के किसान नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे । उचेहरा जनपद क्षेत्र के पोड़ी क्षेत्र के सतना मुख्य मार्ग पर मझगवां गांव के मध्य कई एकड़ खेत में धड़ल्ले से नरवाई जलाई जा रही है। मुख्य मार्ग पर रातों दिन धंधक रही आग की लपटें व धुआं दूर से ही दिखाई दे देता है बावजूद प्रशासन के नुमाइंदों को यह आग की लपट जरुर नही दिखाई देती अगर दिखती भी है तो क्या वह जानबूझ कर देखना नही चाहते एयह तो वही जाने। ऐसा लगता है की यहां सैटेलाइट मॉनीटरिंग भी फेल साबित हो रही है।

**खेतो की उर्वरा शक्ति हो रही कम :** कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक नरवाई जलाने से भूमि की सतह पर पाए जाने वाले लाभकारी बैक्टीरिया नष्ट होते हैं। भूमि की उर्वरा शक्ति का क्षय हो जाता है। किसानों को चाहिए कि वह गहरी जुताई करेंएजिससें नरवाई भूमि में दबकर खाद का रूप ले लेगी। नतीजन खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए अलग से खाद की अधिक आवश्यकता नहीं रहेगी।


Anupama Hr.Sec.School
English Medium
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
Gift of School Bag to every new student
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
: anupamahighersecondaryschool@gmail.com, : aesmp.org

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
18 मई, रविवार (प्रत्येक माह के पहले व तीसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक)
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सर्वाइकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
हमारी सेवाएं :-
• घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण।
• कमर दर्द / साइएटिका का दर्द।
• दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी।
• बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं।
• गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज।
• फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट | काम्पलेक्स ट्रामा | आर्थोस्कोपी सर्जन
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com